3 राजधानी
केजरीवाल सांसद के बंगले में शिफ्ट हुए

6 अभिमत
एकात्म मानववादः आदर्श एवं चुनौतियां

9 राष्ट्रीय
कैदियों को गरिमा के साथ जीने का अधिकारः न्यायालय

11 विदेश
जयशंकर ने रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 12 अंक 324
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2024
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

भाजपा की आर्थिक नीतियों पर किया प्रहार
राष्ट्रीय-10

मुठभेड़ में 30 नक्सली ढेर

पायनियर समाचार सेवा। नारायणपुर/दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ में माओवादियों के खिलाफ सबसे बड़े अभियानों में से एक में, सुरक्षाकर्मियों ने शुक्रवार को बस्तर क्षेत्र में भीषण मुठभेड़ में 30 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिले की सीमा में अबूझमाड़ के थुलथुली गांव के जंगल में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने30 नक्सलियों को मार गिराया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले की सीमा में स्थित अबूझमाड़ क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना मिलने पर बृहस्पतिवार को नारायणपुर और दंतेवाड़ा जिले से सुरक्षाबल के संयुक्त दल को गोवेल, नेंदूर और थुलथुली गांव की ओर रवाना किया गया था।सुरक्षाबल के दल में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के जवान शामिल थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आज अपराह्न लगभग एक बजे नक्सलवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवानों ने भी

जवाबी कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने घटनास्थल से एके 47 और एसएलआर समेत कई अन्य हथियार बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ में सभी जवानों के सुरक्षित होने की जानकारी मिली है। क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। पुलिस महानिरीक्षक (बस्तर रेंज) सुंदरराज पी ने बताया कि नारायणपुर-दंतेवाड़ा अंतर-जिला सीमा पर अभुजमाड़ में थुलथुली और नींदुर गांवों के बीच जंगल में दोपहर करीब 1 बजे गोलीबारी हुई, जब सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस के जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) के जवान ऑपरेशन में शामिल थे। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ स्थल से एक एके-47 राइफल और एक एसएलआर (सेल्फ लोडिंग राइफल) सहित हथियारों का जखीरा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इस साल अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में अलग-अलग मुठभेड़ों में सुरक्षा बलों ने 185 माओवादियों को मार गिराया है। 16 अप्रैल को कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सली मारे गए थे, जिनमें कुछ उच्च पदस्थ कैडर भी शामिल थे।

राज्य में आखिरी बड़ी मुठभेड़ 3 सितंबर को हुई थी, जब दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों की सीमा पर छह महिलाओं समेत नौ माओवादी मारे गए थे। 16 अप्रैल को कांकेर जिले में सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में कुछ उच्च पदस्थ कैडर समेत 29 नक्सली मारे गए थे। अगस्त में छत्तीसगढ़ के दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि भारत मार्च 2026 तक वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) से मुक्त हो जाएगा और इस खतरे के खिलाफ अंतिम हमला करने के लिए एक मजबूत और निर्मम रणनीति की आवश्यकता है।

दो करोड़ मतदाता आज डालेंगे वोट

हरियाणा विस चुनाव

शिखा शर्मा। चंडीगढ़

हरियाणा में करीब एक माह तक चले चुनाव प्रचार के बाद अब शनिवार को प्रदेश के मतदाता अपना जनादेश देंगे। प्रदेश के दो करोड़, तीन लाख मतदाता चुनावी रण में उतरे 1031 प्रत्याशियों के भाग्य विधाता बनकर इनमें से 90 को विधानसभा के भीतर भेजने का काम करेंगे।

शनिवार को प्रदेश के 90 विधानसभा हलकों में होने वाले मतदान की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पोलिंग पार्टियां मतदान केंद्रों में पहुंच चुकी हैं। राज्य में सुबह सात बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू होगी और शाम छह बजे तक जो लोग लाइनों में खड़े होंगे वह अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों पर 1031 प्रत्याशियों ने चुनावी ताल ठोकी है। इनमें 930 पुरुष व 101 महिलाएं शामिल हैं। हालांकि 462 प्रत्याशी निर्दलीय तौर पर चुनावी मैदान में हैं। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में 67.74 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार चुनाव आयोग ने पिछले चुनाव के मुकाबले 75 फीसदी मतदान का लक्ष्य रखा है। चुनाव आयोग की ओर से 20629 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रहेगी। चुनावों के लिए रिजवर्ड ईवीएम सहित कुल

सोनीपत स्थित बिट्स कॉलेज में एक चुनाव अधिकारी ईवीएम और अन्य चुनाव संबंधी सामग्री लेकर अपने मतदान केंद्र की ओर जाता हुआ।

27 हजार 866 ईवीएम (बैलेट यूनिट) का उपयोग होगा। इसके साथ ही 24 हजार 719 कंट्रोल यूनिट तथा 26 हजार 774 वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जाएगा। चुनावों में सुरक्षा की दृष्टि से केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की 225 कंपनियां सुरक्षा की कमान संभालेंगी और फ्लाइंग स्क्वॉड की 500 टीमें तथा 461 स्टेट सर्विलांस टीमें भी तैनात की गई हैं। हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए है। विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों में 29 हजार 462 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव ड्यूटी में पुलिस कर्मियों के अलावा 21 हजार 196 होमगार्ड के जवान तथा 10 हजार 403 एसपीओ की तैनाती की गई है। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी ताकि लोग निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। कपूर ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि लोग बिना डरे निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 191 अंतरराज्यीय तथा 201 प्रदेश के भीतर नाके लगाए गए हैं। प्रदेश में मतदान के लिए 10 हजार 495 स्थानों पर कुल 20 हजार 629 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, 3616 मतदान केंद्रों को संवेदनशील(क्रिटिकल) माना गया है तथा 145 मतदान केन्द्रों को वल्नरेबल माना गया है। इन मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। इसके साथ ही प्रदेश में 516 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 469 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 32 क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है।

महाराष्ट्र विस उपाध्यक्ष तीसरी मंजिल से कूदे जाल से बची जान

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई

एक नाटकीय घटनाक्रम में धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने की मांग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे आदिवासी नेताओं, जिनमें विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल भी शामिल हैं, ने शुक्रवार को महाराष्ट्र राज्य सचिवालय मंत्रालय की तीसरी मंजिल से नीचे लगे सुरक्षा जाल पर छलांग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री से मिलने का समय न मिलने के कारण उन्होंने ऐसा किया। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन छह मंजिला मंत्रालय परिसर में तनाव (शेष पृष्ठ 9)

तृतीयं ;चंद्रघंटा

पिण्डज प्रवरारूढा
चण्डकोपास्त्रकैर्युता।
प्रसादं तनुते मह्यम्
चन्द्रघण्टेति विश्रुता॥

नवरात्र में तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। मां युद्ध मुद्रा में सिंह पर विराजमान हैं. मां चंद्रघंटा के हाथों में त्रिशूल, धनुष, गदा और तलवार है। इनके माथे पर घंटे के आकार में अर्द्ध चंद्र विराजमान है, इसी वजह से ये चंद्रघंटा कहलाती हैं. मां राक्षसों का वध करने वाली हैं। इनकी अराधना से मनुष्यों के सभी पाप नष्ट होते हैं। इनके दस हाथों में अस्त्र-शस्त्र सजे हुए हैं. इनकी पूजा करने वाला व्यक्ति पराक्रमी और निर्भय हो जाता है।

पश्चिम एशिया में धधक रही आग में ईरान के खामेनेई ने घी डाला

एजेंसियाँ। तेहरान/ बेरूत

ईरान के सर्वोच्च नेता ने शुक्रवार को देश द्वारा इजरायल पर हाल ही में किए गए मिसाइल हमले की प्रशंसा की और कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वे इसे फिर से करने के लिए तैयार हैं। राज्य टीवी की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। लगभग पाँच वर्षों में शुक्रवार की नमाज़ में नेता के रूप में अपनी पहली उपस्थिति में अयातुल्ला अली खामेनेई ने मिसाइल हमले को ईरान के सशस्त्र बलों द्वारा एक 'शानदार' काम कहा। दूसरी ओर, इजरायल ने रात भर में कई बड़े हवाई हमले किए, बेरूत के उपनगरों को निशाना बनाया और इजरायली बमबारी से भाग रहे हज़ारों लोगों के लिए लेबनान और सीरिया के बीच मुख्य सीमा पार करना बंद कर दिया। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले बेरूत में किए गए हमले में हिजबुल्लाह के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्काफी की मौत हो गई। सेना ने एक बयान में कहा कि स्काफी 'एक वरिष्ठ हिजबुल्लाह आतंकवादी था जो 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था' और हिजबुल्लाह के उच्च अधिकारियों के साथ 'निकटता से जुड़ा हुआ' था।मंगलवार को ईरान ने इजराइल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागीं, जो इजराइल और ईरान तथा उसके सहयोगियों (शेष पृष्ठ 9)

वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए शांति जरूरी: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष और चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध का परोक्ष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि ये दोनों क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं। उनकी यह टिप्पणी मध्य पूर्व में संघर्ष के और बढ़ने की आशंकाओं के बीच आई है। अगर (शेष पृष्ठ 9)

तिरुपति लड्डू विवाद

उच्चतम न्यायालय ने स्वतंत्र एसआईटी का गठन किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उच्चतम उच्चतम न्यायालय ने तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्ईय स्वतंत्र विशेष जांच दल (एसआईटी) का शुक्रवार को गठन करने के साथ ही स्पष्ट किया कि वह अदालत का राजनीतिक युद्ध के मैदान के रूप में इस्तेमाल किए जाने की अनुमति नहीं देगा।यह आदेश इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शीर्ष अदालत द्वारा नियुक्त जांच दल उस एसआईटी का स्थान लेगा जिसका गठन आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति लड्डुओं को बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए 26 सितंबर को किया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि एसआईटी में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और आंध्र प्रदेश पुलिस के दो-दो अधिकारियों के अलावा एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) का एक वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होगा। पीठ ने कहा, हम स्पष्ट करते हैं कि हम न्यायालय का राजनीतिक युद्ध के मैदान के रूप में इस्तेमाल नहीं होने देंगे लेकिन करोड़ों लोगों की भावनाओं को शांत करने के लिए हम चाहते हैं कि जांच एक स्वतंत्र एसआईटी द्वारा की जानी चाहिए जिसमें राज्य पुलिस एवं सीबीआई के प्रतिनिधि और एफएसएसएआई का एक प्रतिनिधि शामिल हों। पीठ ने निर्देश दिया कि यह उचित होगा कि जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक की निगरानी में की जाए। उसने सुनवाई के दौरान कहा, हम नहीं चाहते कि यह राजनीतिक नाटक बन जाए। दुनिया भर में करोड़ों लोगों की भावनाएं इससे जुड़ी हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने इस महीने की शुरुआत में आरोप लगाया था कि राज्य में वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू तैयार करने में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया (शेष पृष्ठ 9)

पुणे में कालेज छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म

पुरुष मित्र को पेड़ में बांधकर पीटा, एक गिरफ्तार, दो संदिग्धो के स्केच जारी किए

टीएन रघुनाथ। मुंबई

बृहस्पतिवार देर रात पुणे के बाहरी इलाके में सुनसान बोपदेव घाट इलाके में एक 21 वर्षीय लड़की से उसके पुरुष मित्र को पेड़ से बांधकर तीन अज्ञात लोगों ने सामूहिक बलात्कार किया। पीड़ित लड़की गुजरात की रहने वाली है और उसका इलाज पुणे के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। घटना रात करीब 11 बजे बोपदेव घाट के कम रोशनी वाले और सुनसान इलाके में हुई। पुलिस को घटना की जानकारी शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे मिली।

इस घटना के बाद पुणे में लोगों में काफी रोष फैल गया और स्थानीय पुलिस ने घटना के सिलसिले में पुणे के कोंढवा इलाके के 36 वर्षीय निवासी को गिरफ्तार कर लिया और बाकी दो संदिग्धों की तलाश शुरू कर दी। पुणे पुलिस ने बाकी दो संदिग्धों की तलाश के लिए अपराध और जांच शाखाओं की 10 टीमें बनाई हैं। शुक्रवार शाम को पुलिस ने कथित सामूहिक बलात्कार में शामिल तीन संदिग्धों में से दो के स्केच जारी किए। ये स्केच पीड़ित लड़की द्वारा अस्पताल में पुलिस को दिए गए बयान के आधार पर बनाए गए थे।मीडियाकर्मियों से बात करते हुए पुणे के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त रंजन कुमार शर्मा ने कहा, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, महिला

और उसका पुरुष मित्र बृहस्पतिवार देर रात बोपदेव घर इलाके में गए थे, जहां तीन अज्ञात व्यक्तियों ने कथित तौर पर उसके साथ बलात्कार किया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तीन संदिग्ध - जिनमें से एक ने खुद को कार्यकर्ता बताया - एक कार में पीड़ित लड़की और उसके प्रेमी के पास पहुंचे और जोड़े से जानना चाहा कि वे उस 'निषिद्ध' क्षेत्र में क्या कर रहे थे। उन्होंने जोड़े की तस्वीरें लीं। गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने के बाद, संदिग्धों में से एक ने लड़की को जबरन कार में बिठा लिया। उन्होंने उसके प्रेमी को एक पेड़ से बांध दिया और मामले के अंदर लड़की के साथ बारी-बारी से बलात्कार किया। घटनास्थल से भागने से पहले संदिग्धों ने पीड़ित लड़की के दोस्त पर भी हमला किया। घायल प्रेमी ने पीड़ित लड़की को इलाज के लिए ससून जनरल अस्पताल (शेष पृष्ठ 9)

ऐतिहासिक कश्मीरी गेट अब ट्रैफिक जाम के जंजाल में उलझा

चौबीस घंटे जाम के लिए कुख्यात इलाकों में से एक है यह हिस्सा

राजेश कुमार। नई दिल्ली

सिविल लाइंस के नजदीक स्थित कश्मीरी गेट पर रोजाना भारी ट्रैफिक जाम रहता है। यहीं पर मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और कैबिनेट मंत्रियों के आवास स्थित हैं। यह चौबीसों घंटे ट्रैफिक जाम के लिए सबसे कुख्यात हिस्सों में से एक है। लाला हरदेव मार्ग कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन और आईएसबीटी के सामने मुख्य सड़क है, जहां शाहदरा और दिलशाद गार्डन जैसे पूर्वी दिल्ली के इलाकों से आने वाले फ्लाईओवर मिलते हैं। कश्मीरी गेट को चांदनी चौक और दरियागंज से जोड़ने वाला नेताजी सुभाष मार्ग हमेशा अतिक्रमण और संकरी गलियों के कारण जाम रहता है। इस हिस्से पर एक और बड़ा जाम आईएसबीटी कश्मीरी गेट और चंदगी राम अखाड़ा जंक्शन के बीच आता है। हजारी कोर्ट को जोड़ने वाला नित्यानंद मार्ग यहां एक और अड़चन है। दिलचस्प बात यह है कि कश्मीरी गेट के आसपास की सड़कों पर वाहनों की संख्या कई गुना बढ़

आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर ट्रैफिक जाम। फोटोः रंजन डिमरी

गई है, लेकिन सड़कों और यातायात प्रबंधन की स्थिति वैसी ही बनी हुई है। 2018 में, दिल्ली यातायात पुलिस ने कश्मीरी गेट के आस-पास के क्षेत्र को भारी पैदल यात्रियों की आवाजाही और यातायात की भीड़ के कारण 'दुर्घटना-आशंकित' क्षेत्र के रूप में पहचाना था। उल्लेखनीय है कि 2018 के बाद से स्थिति और भी खराब हो गई है। अवैध पार्किंग, अनियंत्रित निजी वाहन, भारी अतिक्रमण और भारी यातायात के कारण अधिकारी यहाँ बेखबर नज़र आते हैं। दिल्ली सरकार के पूर्व परिवहन सचिव रजनी कांत वर्मा ने कहा कि कश्मीरी गेट पर भारी ट्रैफिक और (शेष पृष्ठ 9)

फर्जी आईएएस जोया ने किए चौंकाने वाले कई खुलासे

- नोएडा पुलिस ने पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया, अधिकारियों पर बनाती थी दबाव

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

पुलिस गिरफ्त में फर्जी आईपीएस जोया खान

आईएएस और आईपीएस अधिकारी बनकर स्पूफिंग कॉल के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों पर दबाव बनाने वाली कथित आईएएस अधिकारी जोया खान को थाना सेक्टर-142 पुलिस ने पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछकी है। पुलिस ने आरोपी की निशान देही पर घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन का सिम कार्ड भी बरामद किया है।

पुलिस रिमांड के दौरान हुई पूछताछ में उसने कई चौंकाने वाले खुलासा किए हैं। वह कॉलर आईडी को बदल कर अधिकारियों पर दबाव बनाती थी। जिससे अधिकारी को लगता था कि वह वही व्यक्ति है, जिसका उसने परिचय दिया है। लेकिन बात स्कैमर कर रहा होता है। पुलिस पर दवाब बनाने के लिए उसने दुबई के सर्वर का इस्तेमाल किया था।

पूछताछ के दौरान आरोपी जोया खान ने बताया कि उसने ही थाना सेक्टर 142 पुलिस पर उसके साथ गिरफ्तार दूसरे आरोपी गौरव अग्रवाल की पत्नी गितिका अग्रवाल की चचेरी ननद के पति साहिल सब्बरवाल की फ्लैट के 7वीं मंजिल से गिरकर मौत के मामले में फर्जी आईपीएस अधिकारी बन कर दबाव बनाया था।

इसके लिए उसने स्पूफिंग कॉल करने के लिए इंटरनेट से पोर्टसिप ऐप डाउनलोड किया। उसके बाद सेक्टर—142 कोतवाली प्रभारी के सीयूजी नंबर पर आईपीएस बनकर बात की। साहिल की मौत के मामले में नेहा की गिरफ्तारी और कड़ी सजा दिलाने के लिए दवाब बनाया था।

साथ ही उसने ऐप के जरिए आवाज बदलकर कॉल अभिषेक जैन और उसके अन्य रिश्तेदारो को स्पूफिंग करके एंटीकरप्शन ब्यूरो, रॉ और अन्य अधिकारियों के नंबर दर्शाकर काल किया। उनसे नेहा की पैरवी करने पर हत्या के मुकदमे में फंसवाकर जेल भिजवाने की धमकी दी। वह मैजिक कॉल करके पुरूष की आवाज में कॉल किया करती थी। उसने कोतवाली प्रभारी के भी सीयूजी नंबर पर स्पूफ करके कॉल की थी।

उसने स्पूफिंग सॉफ्टवेयर की पेमेंट करने के लिए मीनाक्षी को धोखा देकर सर्विलांस के काम का बहाना बनाकर आठ हजार रुपये लिए। जिससे उसने क्रिप्टोकरंसी खरीदी और स्पूफिंग सॉफ्टवेयर की पेमेंट की।

इसे पूरी साजिश में गौरव अग्रवाल भी शामिल रहा है। यह पहली बार नहीं है जब जोया खान ने ऐसा किया हो। वह पहले भी नोएडा, गुरुग्राम और मेरठ में फर्जी आईएएस, आइपीएस बनकर पुलिस एस्कॉर्ट की मांग कर चुकी है। तीनों जगहों पर उसके फर्जीवाड़े की पोल खुलने पर उसके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए गए थे।

गाजियाबाद में कुट्टू का आटा खाने से 17 लोग बीमार, सभी अस्पताल में भर्ती

- एक चक्की से खरीदा गया था आटा, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नमूने जांच के लिए भेजे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

त्योहारों के सीजन में अक्सर ही कुट्टू का आटा चर्चा में रहता है। पहले बिजनौर और अब गाजियाबाद में कुट्टू के आटे को खाने से लोग बीमार हो गए हैं। गाजियाबाद के नंदग्राम में नवरात्र के पहले दिन 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

मिली जानकारी के मुताबिक, उन्हें कुट्टू के आटे की पकौड़ी या पूरी खाने के बाद उल्टी, पेट दर्द और बेचैनी की शिकायत हुई। सभी ने एक ही चक्की से आटा खरीदा था। जिसके बाद सभी लोगों को इलाज के लिए नजदीक के मरियम अस्पताल में भर्ती किया गया है। फिलहाल, घटना की जानकारी सामने आने के बाद पुलिस और स्वास्थ्य विभाग मामले की जांच में जुट गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने सैंपल ले लिए हैं।

वहीं नवरात्र के पहले दिन रात में एमएमजी में भी सात आठ मरीज आये थे। वहीं इससे पहले बीते दिन यूपी चांदपुर क्षेत्र में कुट्टू का आटा खाने से 250 से ज्यादा लोगों की तबीयत बिगड़ गई थी। निजी अस्पताल से लेकर सरकारी अस्पताल तक मरीज भर्ती हुए थे।

अस्पतालों में बेड कम पड़ गए थे। इस कारण मरीजों को चांदपुर सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। सभी लोगों को उल्टी, पेट दर्द, दस्त और कमजोरी की शिकायत हुई थी।

खाद्य विभाग की 6 जगहों पर छापेमारी

नोएडा। नवरात्रों को लेकर गौतमबुद्धनगर में खाद्य सुरक्षा विभाग अलर्ट मोड पर है। खाद्य-सुरक्षा विभाग ने तीन टीमें बनाकर जिले में जगह-जगह पर छापेमारी की और संदिग्ध होने पर खाद्य पदार्थों के नमूने भी इकट्ठे किए।

इसी कड़ी में खाद्य-सुरक्षा विभाग ने 6 जगह पर छापेमारी की और सभी जगह से साबूदाना, कुट्टू के आटे सहित अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने भी इकट्ठा किए। जनपद-वासियों को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से डीएम मनीष कुमार वर्मा के नेतृत्व में खाद्य-सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारी शारदीय नवरात्रों को लेकर विशेष अभियान चला रहे हैं। उनके द्वारा जगह-जगह पर छापेमारी कर नमूने भी इकट्ठे किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश मिश्रा ने बताया कि नवरात्रों को लेकर तीन टीमों का गठन किया गया है। जो जिले के अलग-अलग जगह जाकर खाद्य पदार्थों की जांच कर रहे हैं। इसी कड़ी में खाद्य - सुरक्षा अधिकारियों द्वारा शारदीय नवरात्रि त्योहार के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी ओपी सिंह एवं अमर बहादुर सरोज की टीम द्वारा ग्रीन आर्च मार्केट ग्रेटर नोएडा स्थित कृष्णा आटा चक्की से सिंघाड़े का आटे का एक नमूना, ए वन ग्रोसरी मार्ट प्राइवेट लिमिटेड बिसरख जलालपुर से साबूदाना का एक नमूना लिया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश कुमार एवं विजय बहादुर पटेल की टीम द्वारा केंद्रीय भंडार सेक्टर 68 नोएडा से कुट्टू के आटे का एक नमूना तथा सेक्टर 107 नोएडा स्थित ए टू जेड से कुट्टू के आटे का एक नमूना जांच हेतु संग्रहीत किया गया। इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद इबादुल्लाह एवं विशाल गुप्ता की टीम द्वारा कासना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित निर्माण इकाई से कुट्टू के आटे एवं सिंघाड़े के आटे का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। उन्होंने बताया कि नमूनो को जांच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

चमत्कार : ग्रेटर नोएडा में 27वें मंजिल से गिरी बच्ची, 12वें फ्लोर की बालकनी में अटकी

- खेलने के दौरान हुआ हादसा, अस्पताल में चल रहा इलाज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट इलाके में एक दर्दनाक हादसा देखने को मिला। हालांकि इसी बीच एक चमत्कार जैसी घटना भी सामने आई। दरअसल, यहां गौर सिटी 14 एवेन्यू के 27वें फ्लोर की बालकनी से एक बच्ची नीचे गिर गई, लेकिन हैरान कर देने वाली बात ये रही कि बच्ची 12 फ्लोर के बालकनी में आकर फंस गई। करीब 15 फ्लोर नीचे गिरने के बाद भी बच्ची जिंदा बच गई।

हालांकि बच्ची को गंभीर चोटें लग गई थीं, जिसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। दरअसल, पूरा मामला बिसरख थाना क्षेत्र का है। यहां गौर सिटी 14 एवेन्यू से हैरान करने वाली घटना सामने आई। बताया जा रहा है कि गौर सिटी 14 एवेन्यू के 27वें फ्लोर की बालकनी से एक 2 साल की बच्ची नीचे गिर गई।

हालांकि इतना ऊपर से गिरने के बाद बच्ची 12वें फ्लोर की बालकनी में आकर फंस गई। हादसे में बच्ची को गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद बच्ची को आनन-फानन में सर्वोदय हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। बताया जा रहा है कि ये पूरी घटना शुक्रवार की दोपहर करीब 12.30 से 1 बजे के बीच की है। फिलहाल बच्ची का इलाज किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि घटना के समय बच्ची की मां घर में ही मौजूद थी। वह किचन में कोई काम कर रही थी, इसी दौरान ये हादसा हुआ।

बच्ची बिल्डिंग के 27वें फ्लोर पर खेल रही थी, तभी खेलते-खेलते किनारे पर पहुंच गई और अचानक बालकनी से नीचे गिर गई। हैरान कर देने वाली बात ये रही कि 15 फ्लोर नीचे 12वें फ्लोर पर गिरने के बाद भी बच्ची जिंदा मिली और उसे फिर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

सीआरआरआई करेगी एक्सप्रेस-वे का सर्वे

नोएडा। नोएडा एक्सप्रेस-वे पर क्रैश बैरियर के अंदर विज्ञापन के 12, आईटीएमएस के 8, साइनेज के 21 पोल हैं। 13 स्ट्रक्चर एफओबी के हैं और 19-20 पब्लिक टॉयलेट व यूरिनल भी मौजूद हैं। इन सभी को क्रैश बैरियर से बाहर सर्विस लेन की तरफ शिफ्ट किया जाना है।

ऐसे में प्राधिकरण इस योजना में सलाहकार एजेंसी के रूप में सीआरआरआई को शामिल करने जा रहा है। इसके लिए सीआरआरआई को पत्र भेजा जा रहा है। सीआरआरआई पूरे एक्सप्रेस वे का दोबारा से सर्वे करेगी। एक्सप्रेस वे के सुरक्षा मानकों को देखेगा। यहां दुर्घटना के मुख्य कारण और लूप होल तलाशेगी। इसके बाद उनको शिफ्ट करने का पूरा प्लान प्राधिकरण को देगी। इस प्लान के अनुसार ही प्राधिकरण काम करेगी।

बता दें 14 अगस्त को यहां आईटीएमएस के पोल से एक कार के टकराने से तीन युवकों की मौत हो गई थी। इसके बाद प्राधिकरण के इंजीनियरों ने इसका सर्वे किया था।

रिसेप्शनिस्ट पर 5 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र स्थित क्लीनिक चलाने वाली महिला चिकित्सक ने पूर्व रिसेप्शनिस्ट पर पांच लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

मरीजों से फीस की रकम अपने खाते में मंगवाकर उसने धोखाधड़ी की। वसुंधरा सेक्टर पांच स्थित ऑलिव काउंटी की रहने वाली डॉ. वंदना जैन के अनुसार वसुंधरा सेक्टर छह में उनका क्लीनिक है।

चार जुलाई 2024 को बैंक के लेनदेन में कुछ अनियमितताएं सामने आईं। जांच करने पर पता चला कि युवती ने मरीजों से ली गई फीस अपने निजी बैंक खाते में ट्रांसफर कराई।

ग्रेनो में रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो शुरू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो की शुरुआत हुई। यह रिन्यूएबल एक्सपो का 17वां संस्करण है। जिसमें 850 से अधिक विजिटर भाग ले रहे हैं। इसमें कई प्रमुख कंपनियां और स्टार्टअप भी शामिल हैं। देश के बाहर से भी कई कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया है। प्रमुख बी2बी प्रदर्शनी आयोजक इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया (आरईआई) एक्सपो के 17वें संस्करण का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बैटरी शो इंडिया का दूसरा संस्करण भी आयोजित किया जा रहा है, जो नवीकरणीय ऊर्जा, बैटरी स्टोरेज, और ईवी सेक्टरों के लिए महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। इस मौके पर योगेश मुद्रास, मैनेजिंग डायरेक्टर, इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया ने कहा, रिन्यूएबल एनर्जी इंडिया एक्सपो 2024 और बैटरी शो इंडिया, भारत की सीओपी 26 प्रतिबद्धताओं के अनुरूप हैं।

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालयः** आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चौथी मंजिल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020 CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ने आईसीआईसीआई बैंक से प्राप्त ऋण सुविधा(ओं) के लिए मूलधन और ब्याज के पुनर्भुगतान में चूक की है। ऋण(ओं) को गैर-निष्पादित आस्ति(यों) (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उन्हें उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किया गया था। हालांकि, इसे तामील नहीं किया गया है और इसलिए इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता (ऋण खाता सं.)	सुरक्षित आस्तियों का विवरण	नोटिस भेजने की तिथि/नोटिस की तिथि तक बकाया	एनपीए की तिथि
1.	प्रवीण कुमार भट्टाचार्य/अनिंदिता भट्टाचार्य/ एमआईजी 2-2971, हाउसिंग बोर्ड, छावनीवार्ड नं. 26, इंडस्ट्रियल एस्टेट भिलाईजिला दुर्ग छत्तीसगढ़- 490026/ LBBLI00006749648/ TBBLI00006714977	खसरा नं. 25/199, वार्ड नं. 50, बोरसी (पूर्व) वार्ड, पी.एच. नं. 39, आर.एन.एम. कसारीडीह, मौजा बोरसी, तहसील और जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ क्षेत्रफल 0.0220 हेक्टेयर = 2400 वर्ग फीट 223.04 वर्ग मीटर	अगस्त 08, 2024 रु. 43,50,653.16/-	03/06/2024
2.	रूपम रानी/शांभवी एन्क्लेव, फ्लैट नं. ई4 भूतनाथ रोड, साउथ ऑफ अमरनाथ मंदिर कुम्हरार के पास, जिला पटना बिहार पटना- 800026/ LBPTN00004941958	अपार्टमेंट नं. 40129, चौथी मंजिल, ब्लॉक पी, "गौर सिटी 2", 14वां एवेन्यू, प्लॉट नं. जीएच-03, सेक्टर 16सी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश, यू.पी. (क्षेत्रफल 1175.000 वर्ग फीट सुपर बिल्ट अप एरिया	अगस्त 16, 2024 रु. 23,61,841.38/-	24/06/2024

ये कदम नोटिस की प्रतिस्थापित तामील के लिए उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/ओं और/या गारंटरों/ओं (जैसा लागू हो) को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया भुगतान करने की सलाह दी जाती है। अन्यथा, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कदम उठाए जाएंगे।

दिनांक : अक्टूबर 05, 2024
स्थानः दिल्ली/एनसीआर

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी
कृते आई सी आई सी आई बैंक लि.

दी कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड
सी-29, कम्युनिटी सेन्टर, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली - 110058
फोन : 011-25611042, 25611043, 25611044
ई-मेलः legal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com वेबसाईटः www.kangrabank.com

(परिशिष्ट IV-A)
(नियम 8(6) का परंतुक देखें)
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत नीचे उल्लिखित अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से नीचे उल्लिखित उधारकर्ता और बंधककर्ता को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जोकि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, जिसका भौतिक कब्जा सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जैसा है जहां है", "जैसा है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर ई-नीलामी द्वारा बिक्री (सरफेसी अधिनियम और नियम 2002 के तहत) के माध्यम से बेचा जाएगा। नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार :-

क्र. सं.	उधारकर्ता, बंधककर्ता और शाखा का नाम	(क) मांग सूचना की तिथि (ख) कब्जे की स्थिति/तिथि (ग) मांग सूचना राशि	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य	(क) जमा धरोहर राशि (ख) बोली वृद्धि राशि (ग) निरीक्षण की तिथि और समय (घ) ईएमडी और केवाईसी जमा करने की अंतिम तिथि/समय (ङ) ई-नीलामी की तिथि/समय
1 2	श्रीमती ज्योति बाजवा पत्नी श्री स्वर्गीय श्री अजय बाजवा, जेपी/17/946 (50683) जोके ऋण खाता सं. 00028110006711, 00028110006736, 00028070008598, 00028210000006, (उधारकर्ता, सह-बंधककर्ता और सह-बंधककर्ता के कानूनी उत्तराधिकारी और जमानतदार) श्री साहिल बाजवा पुत्र स्वर्गीय श्री अजय बाजवा (सह-बंधककर्ता और जमानतदार का कानूनी उत्तराधिकारी) शाखा जनकपुरी	(क) 13.10.2023 (ख) भौतिक/02.08.2024 (ग) रु. 17,11,814/- साथ में दिनांक 30.09.2023 से भुगतान की तिथि तक ऋण खाते में समय-समय पर लागू ब्याज, दंडात्मक ब्याज और अन्य शुल्क भी देय	भूतल पर निर्मित दुकान, छत के स्तर तक, उस पर लगे सभी फिक्सचर और फिटिंग के साथ, मीटर के साथ चालू हालत में बिजली के कनेक्शन के साथ, साथ में आनुपातिक, अविभाजित, अविभाजित स्वामित्व अधिकार के साथ, संपत्ति सं. ए-7/28 के हिस्से पर निर्मित, प्लॉट का क्षेत्रफल 14.86 वर्ग मीटर, (8X 20') जिसका प्लिंथ कवर्ड एरिया 14.86 वर्ग मी. औएलएक कॉलोनी की आबादी में, जिसे कृष्ण नगर के नाम से जाना जाता है, गांव घोंडली के इलाके में, इलाका शाहदरा, दिल्ली-110051 और चौहद्दी: पूरब में - गली, पश्चिम में - उक्त संपत्ति का हिस्सा, उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - उक्त संपत्ति के हिस्से पर निर्मित अन्य व्यक्ति की दुकान	रु. 21,75,000/- (रु. इक्कीस लाख पिचहत्तर हजार मात्र)	(क) रु. 2,17,500/- (ख) रु. 20,000/- (ग) 23.10.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 04.00 बजे तक (घ) 12.11.2024 को अप. 05.30 बजे तक (ङ) 14.11.2024 को अप. 03.00 बजे से अप. 05.00 तक

बोली/निविदा प्रपत्र, उक्त बिक्री के नियम व शर्तों के विस्तृत विवरण के लिए कृपया दी कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड, प्रधान कार्यालय, सी-29, सामुदायिक केंद्र, पंखा रोड, जनकपुरी, जनक सिनेमा के पास, नई दिल्ली-110058, सुरक्षित ऋणदाता बैंक की वेबसाइट, अर्थात www.kangrabank.com पर दिए गए लिंक का संदर्भ लें।

नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मैसर्स ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर) के माध्यम से आयोजित की जाएगी, तथा बोली/निविदा प्रपत्र, उक्त बिक्री के नियम व शर्तों तथा बोली/निविदा प्रस्तुत करने की प्रक्रिया के विस्तृत विवरण के लिए उनकी वेबसाइट https://sarfaesi.auctiontiger.net पर उपलब्ध है।

सरफेसी अधिनियम-2002 के नियम 8 (6) और नियम 9 (1) के अनुसार वैधानिक नोटिस

इस नोटिस को उक्त ऋण के उपर्युक्त नामित उधारकर्ता और बंधककर्ता को बिक्री की तारीख से पूर्व देय राशि का पूर्ण भुगतान करने के लिए एक नोटिस के रूप में भी माना जाए, ऐसा न करने पर संपत्ति उपर्युक्त बिक्री/नीलामी तिथि को बेची जाएगी। यह प्रकाशन उपरोक्त नामित उधारकर्ता और बंधककर्ता 15 दिन का नोटिस भी है।

हरीश शर्मा
प्राधिकृत अधिकारी
दी कांगड़ा सहकारी बैंक लिमिटेड,
प्रधान कार्यालय, सी-29, सामुदायिक केंद्र, पंखा रोड, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058,
फोन नं. 9013568418, 9013568419

दिनांक : 03.10.2024,
स्थान : नई दिल्ली

ADITYA BIRLA CAPITAL — PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING

आदित्या बिरला फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः इंडियन रेयान कंपाउंड, वेरावल, गुजरात - 362266
शाखा कार्यालयः प्लॉट नं.-17, विजया बिल्डिंग, द्वितीय तल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001

"परिशिष्ट IV (प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का नियम 8(1) देखें)
सांकेतिक कब्जे का नोटिस (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम 2002 (2002 का 54) के प्रवर्तन के तहत **आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड की शाखा का पताः प्लॉट नंबर-17, विजया बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001** का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत कर्जदार **रामवंश फाइब्रोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड (निदेशक के माध्यम से), श्री दीपक कुमार गर्ग, स्वर्गीय श्री रामानंद गर्ग के कानूनी उत्तराधिकारी: 1. दीपक कुमार गर्ग पुत्र, स्वर्गीय श्री रामानंद गर्ग, 2. सरोज गर्ग पत्नी स्वर्गीय श्री रामानन्द गर्ग, 3. समीर कुमार गर्ग पुत्र स्व. रामानन्द गर्ग, 4. दीप्ति अग्रवाल पुत्री स्व. रामानन्द गर्ग, 5. वन्दना अग्रवाल पुत्री स्व. रामानंद गर्ग, श्री समीर कुमार गर्ग, श्री उत्कर्ष गर्ग, श्रीमती सिम्पल गर्ग, श्रीमती अनुपमा गर्ग, स्वर्गीय रामानंद गर्ग, कानूनी उत्तराधिकारियों के माध्यम से, श्रीमती सरोज गर्ग, मैसर्स रामानंद एंड संस (एचयूएफ) कर्ता के माध्यम से, श्री दीपक कुमार एंड संस (एचयूएफ) कर्ता के माध्यम से, श्री समीर कुमार एंड संस (एचयूएफ) कर्ता के माध्यम से,** को मांग सूचना दिनांक 20-07-2024 को जारी किया था जिसमें सूचना में उल्लेखित राशि **रु. 3,13,94,266/- (रु. तीन करोड़ तेरह लाख चौरान्वे हजार दो सौ छियासठ मात्र)** उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार(रों) राशि का प्रतिभुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियम 2002 के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत दिनांक **03.10.2024** को लिया है।

विशेष रूप से कर्जदार तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड,** के प्रभार वास्ते **रु. 3,13,94,266/- (रु. तीन करोड़ तेरह लाख चौरान्वे हजार दो सौ छियासठ मात्र) और भविष्य का ब्याज साथ में खर्चे एवं प्रभार इत्यादि सहित** के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

अचल संपत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. आर-13/47, राज नगर, कॉलोनी, गाजियाबाद, यू.पी-201002 में स्थित

दिनांकः 03.10.2024, स्थानः गाजियाबाद — प्राधिकृत अधिकारी, (आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड)

क्लिक्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः अग्रवाल कॉर्पोरेट टॉवर, प्लॉट नंबर 23, 5वीं मंजिल, गोविंद लाल सिक्का मार्ग, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली-110008

कब्जा नोटिस (परिशिष्ट IV) नियम 8 (3)

जबकि, क्लिक्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (क्लिक्स), जो राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम के तहत एक आवास वित्त बैंक कंपनी है, जिसका पंजीकृत कार्यालय अग्रवाल कॉरपोरेट टावर, प्लॉट सं. 23, 5वीं मंजिल, गोविंद लाल सिक्का मार्ग, राजेंद्र प्लेस, नई दिल्ली- 110008 के प्राधिकृत अधिकारी ने वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) (जिसे इसके बाद "अधिनियम" कहा जाएगा) के प्रावधानों के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित उधारकर्ताओं और सह-उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए एक मांग नोटिस जारी किया है। उधारकर्ता/गारंटर द्वारा राशि वापस न किए जाने के कारण, उधारकर्ता तथा आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ नीचे उल्लिखित तिथि को नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से तथा आम जनता को इस संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है तथा संपत्ति से किसी भी प्रकार का लेन-देन "क्लिक्स" तथा उस पर ब्याज तथा अन्य शुल्क के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकृष्ट किया जाता है, जो प्रतिभूति परिसंपत्ति को मुक्त कराने हेतु उपलब्ध समय के संबंध में है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम और पताः 1. मोहम्मद नासिर पुत्र बूंदी खान, 2. श्रीमती इसरत जहां पत्नी मोहम्मद नासिर, दोनों निवास स्थान - मकान सं. 457 गली सं. 9, शहीद भगत कॉलोनी उत्तरी दिल्ली, दिल्ली-110094, औरः डी-298, गली सं. 7, मुकुंद विहार 30 फीट रोड, करावल नगर नई दिल्ली-110094, औरः ए-4, भूतल-2, लाइट फ्रंट साइड रेल विहार, लोनी, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश, औरः मकान सं. 22 खसरा सं.. 60जी/एफ सरकार स्कूल के पास, न्यू सभापुर सभापुर, दिल्ली-110094

मांग नोटिस की तिथि : 01.04.2024, कब्जे की तिथि : 03.10.2024
मांग नोटिस की राशिः रु. 9,81,465.97/- दिनांक 28.03.2024 तक

सम्पत्ति का विवरणः सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि एक किताा आवासीय प्लाट सं. ए-4, खसरा सं. 211 फ्लैट सं. जीएफ 2 भूतल (एलआईजी) बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 315 वर्ग फीट अर्थात 29.26 वर्ग मी., रेल विहार हबदस्त ग्राम सादुल्लाबाद तहसील लोनी जिला गाजियाबाद में स्थित (जिसके निर्माण का पूर्ण विवरण मानचित्र के साथ संलग्न है) उपर्युक्त फ्लैट मुख्य सड़क से 200 मीटर से अधिक दूरी पर स्थित है, उक्त फ्लैट में एक बेडरूम, एक ड्राइंग रूम, एक किचन और बाथरूम है, और लिविंग रूम कॉमन है

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता का नाम और पताः 1. विपनंदर प्रताप पुत्र सुरजन सिंह, 2. शालू पत्नी विपनंदर प्रताप, दोनोंः प्लॉट नं. 2/9, भूतल, रामा विहार, करनाल गांव, दिल्ली-110086, क्र.सं. 1: प्लैट नं. एफपी-2 (प्रथम तल पीछे की ओर, एलआईजी प्लॉट नं. बी-138. आवासीय कॉलोनी रेल विहार गाँव सादुल्लाबाद परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद, औरः मल्लिका ग्राफिक्स दुकान नं. 11 रिसाल कॉम्प्लेक्स शिवा मार्केट-11, पटमपुरा नई दिल्ली-110034, औरः प्लॉट नं. 50ए, ब्लॉक-बी, बुध विहार, वीर सिंह कॉलोनी गाँव पूठ कलां, सुल्तानपुरी ब्लॉक उत्तर पश्चिम, दिल्ली-110086, क्र.सं. 2 औरः फ्लैट नं. एफएफ-2 (प्रथम तल) पीछे की ओर, एलआईजी प्लॉट नं. बी-138. आवासीय कॉलोनी रेल विहार गाँव सादुल्लाबाद परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद औरः एच 14सी, शर्मा कॉलोनी, फेज-2 बुध विहार, सुल्तानपुरी, सी-ब्लॉक उत्तर दिल्ली, दिल्ली-110086

मांग नोटिस की तिथि : 17.04.2024, कब्जे की तिथि : 03.10.2024
मांग नोटिस की राशिः रु. 8,59,767.3/- दिनांक 15.04.2024 तक

सम्पत्ति का विवरणः सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि एक किता रिहायशी फ्लैट एफएफ-2 (प्रथम तल) पीछे की तरफ, एलआईजी (बिना छत के अधिकार के) प्लॉट नं. बी-138 पर निर्मित, जिसका क्षेत्रफल 27.87 वर्ग मी., सुपर क्षेत्रफल 300 वर्ग फीट, रिहायशी कॉलोनी रेल विहार, गाँव सदुल्लाबाद परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद में स्थित

दिनांक : 03.10.2024, स्थान : अंकुर विहार — प्राधिकृत अधिकारी, क्लिक्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mr. Shiv Poojan Panjiyar is claiming to be owner of Property bearing Plot No. 168-A, area measuring 25 sq.yds., out of Khasra No.171, situated in the revenue estate of Village Bindapur, Delhi State Delhi, area abadi known as Colony Nand Ram Park, Uttam Nagar, New Delhi-110059; vide GPA, ATS & Will dt. 24.08.2017 executed by Mr. Surender Khanna. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Shubhda Seth, Mr. Sanjay Seth & Mr. Rakesh Seth, are claiming to be the owners of Property No. 08, (300.96 Sq. Mtrs.), Block-A, Ministry of Works, Housing and Supply Co-operative House Building Society Ltd., Nirman Vihar, Delhi-110092 "Said Property". All persons are hereby informed that above mentioned owners are selling the said property to someone who is taking housing loan from our client for purchase of the said property, if anybody has any objection/s upon the said property about its sale and mortgage and/or any kind of claim, litigation etc. upon the ownership of above owners namely, Mrs. Shubhda Seth, Mr. Sanjay Seth & Mr. Rakesh Seth, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 10 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE
Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Rajni Sharma is claiming to be owner of Residential Property bearing No. 32/82, on Plot No.82, area measuring 47.5 sq.yds. out of Khasra No. 219, in Block No. 32, situated in the area of Village Karkardooma, in the abadi of Gali No. 10, Bhikam Singh Colony Vishwas Nagar, Illaqa Shahdara, Delhi-110032; vide GPA, ATS & Will (s) dated 11.02.2003 executed by Mr. Rakesh Kumar Goel. All persons are hereby informed that above mentioned owner wants to sell the said property to a person who wants to obtain a loan from our client against the said property. If, anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said property, its sale/mortgage/ litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 7 days of the present.
Kumar & Associates (Advocates & Consultants)
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 legal@knalegal.com

PUBLIC NOTICE
It is for general information that I, **JITENDER KUMAR GUPTA S/O RAM RICHH PAL GUPTA R/O H.NO. 18, UPPER GROUND FLOOR, OPPOSITE SUBZI MANDI OUT GATE, KEWAL PARK EXTENSION, AZADPUR, NORTH WEST DELHI, DELHI**- 110033 declare that name of mine and my father has been wrongly written as JITENDER GUPTA and RRP GUPTA in my Driving License No. DL- 0119940164605 and JITENDER and RAM RICHPAL in my Voter ID Card No. AKC0617878. The actual name of mine and my father are **JITENDER KUMAR GUPTA** and RAM RICHH PAL GUPTA, which may be amended accordingly.

सार्वजनिक सूचना
एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दुकान संख्या -08, ब्लॉक-ई-4, सैक्टर-56, नोएडा (उ0प्र0) जिसके मूल आवंटी मैसर्स मर्सी ट्रेडिंग प्रा0 लि0 निदेशक श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री किशन लाल निवासी ए-335 सादतपुर, शाहदरा, दिल्ली-94 है, जिनकी (जनरल पावर ऑफ अर्टानी) के आधार पर उक्त दुकान निम्नलिखित व्यक्ति को निम्न क्रमानुसार बेचा गया था : श्री सत्येश्वर प्रसाद बहुगुणा पुत्र स्व0 श्री उर्वी दत्त बहुगुणा निवासी ए-33/516, एयर इंडिया कॉलोनी, वसंत विहार, नई दिल्ली के पक्ष में जी.पी.ए. पंजीकृत करायी गई थी। अतः अब उक्त दुकान संख्या-08, ब्लॉक -ई-4, सैक्टर-56, नोएडा (उ0प्र0) का अंतरण (Transfer) जी.पी.ए. के आधार पर श्री पारस भारद्वाज पुत्र श्री ए.के. शर्मा निवासी ए-33, सैक्टर-27, नोएडा (उ0प्र0) के पक्ष में अंतरण आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति, समस्त साक्ष्य सहित, नौएडा प्राधिकरण के व्यावसायिक विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अन्दर दाखिल कर दें। श्री सत्येश्वर प्रसाद बहुगुणा

संक्षिप्त समाचार

नक्षत्र वन पार्क में पुष्करणी तालाब का काम शुरू हो गया है। निरीक्षण करने पहुंचे नोएडा प्राधिकारण के सीईओ लोकेश एम।

बाइक की टक्कर से युवक की मौत

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में ड्यूटी से घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बेटे ने केस दर्ज कराया है। मूलरूप से मध्यप्रदेश के रहने वाले शिवराम हाल में इंदिरापुरम क्षेत्र में रहते थे। वह कड़कड ?मा, दिल्ली में कार बंपर रिपेयर का कार्य करते थे। शिवराम के बेटे ओमप्रकाश ने बताया कि पिता 27 सितंबर को घर लौट रहे थे। मोहन नगर से वसुंधरा की ओर जाते समय इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

विहिप के उपाध्यक्ष को हत्या की धमकी

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में विश्व हिंदू परिषद लविहिप के वैशाली महानगर के उपाध्यक्ष ने अज्ञात व्यक्ति पर पिस्तौल तानकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। घटना सोमवार देर शाम आठ बजे विधायक कॉलोनी स्थित कार्यालय के बाहर हुई। केस दर्ज कर पुलिस छानबीन कर रही है। अहिंसा खंड स्थित क्लाउड-नौ में रहने वाले वाले राजू पांडेय प्रॉपर्टी का कारोबार करते हैं। वह विश्व हिंदू परिषद वैशाली महानगर के उपाध्यक्ष भी हैं। 30 सितंबर की रात आठ बजे वह कार्यालय से निकलकर कार के पास खड़े थे, तभी उन्होंने देखा कि एक उनकी ओर देख रहा था। टोकने पर वह भागने लगा। पीछा कर उन्होंने उसे रोक लिया तो कहने लगा कि गली नंबर पांच ढूंढ़ रहा हूं। उन्होंने उसके चेहरे से मास्क हटाया तो उन पर पिस्तौल तान दी और धमकी देकर फरार हो गया। इंदिरापुरम पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान के प्रयास कर रहे हैं।

शहीद शशिकांत शर्मा की याद में क्रिकेट टूर्नामेंट

नोएडा । शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा की याद में 5 अक्टूबर से सेक्टर-21ए स्थित नोएड़ा स्टेडियम के क्रिकेट मैदान में 24वें कैप्टन शशिकांत मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जायेगा। मानव सेवा समिति व डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष यूके भारद्वाज ने दी। हर वर्ष 5 अक्टूबर से इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिले के डीसीपी रामबदन सिंह करेंगे। दस दिन चलने वाली 20-20 ओवर की इस क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। जिनके बीच लीग कम नॉकआउट के आधार पर मैच होंगे तथा प्रत्येक टीम को कम से कम तीन मैच खेलने को मिलेंगे। उन्होंने बताया कि 20-20 ओवर की इस क्रिकेट प्रतियोगिता में टीम एस्टर क्रिकेट अकादमी, पायनियर क्रिकेट क्लब, डिवाईन देहली क्रिकेट क्लब, प्राईम पेंथर्स, दिनेश राज क्रिकेट अकादमी, ग्लोरी क्रिकेट क्लब, कारपेडियम क्रिकेट अकादमी और जीएनसीसी ग्रेटर नोएड़ा की टीम शामिल होगी।

स्थाई समिति चुनाव में एलजी की दखलंदाजी से सुप्रीम कोर्ट नाराज

● उच्चतम न्यायालय ने छठे सदस्य के चुनाव में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से की गई जल्दबाजी पर सवाल उठाया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की स्थाई समितिचुनाव में उपराज्यपाल के दखल पर उच्चतम न्यायालय ने नाराजगी जताई है। शीर्ष अदालत ने उपराज्यपाल कार्यालय को नोटिस जारी कर पूछा है कि उन्होंने किस अधिकार का इस्तेमाल कर चुनाव में दखल दिया। एलजी ऑफिस को 2 सप्ताह में जवाब देना है।

न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय से कहा कि वह स्थाई समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव तब तक न कराए जब तक वह (न्यायालय) 27 सितंबर को हुए स्थाई समिति चुनाव के खिलाफ महापौर शैली ओबेरॉय की याचिका पर सुनवाई नहीं कर ले।

पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय जैन से कहा, यदि आप एमसीडी स्थाई समिति के अध्यक्ष के लिए चुनाव कराते हैं तो हम इसे गंभीरता से लेंगे। शुरुआत में वह इस याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं थी, लेकिन उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना द्वारा दिल्ली नगरपालिका अधिनियम की धारा 487 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने के निर्णय के कारण उसे नोटिस जारी करना पड़ा। पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय से कहा, यदि आप दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 487 के तहत कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल करना शुरू करते हैं तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। आप चुनावी प्रक्रिया में बाधा कैसे डाल सकते हैं। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मामले में राजनीति हो रही है। स्थायी समिति सदस्य चुनाव में मेयर की भूमिका होती है। यह सदन के अंदर का मामला है। इसे एलजी नियंत्रित नहीं कर सकते। कोर्ट ने कहा कि अगर एलजी स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन चुनाव में दखल देंगे, तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा दिल्ली नगर निगम स्टैंडिंग कमेटी की आखिरी खाली सीट के लिए चुनाव गत शुक्रवार (27 सितंबर) को हुआ था। इस चुनाव में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने हिस्सा नहीं लिया था। आप ने निगम स्थायी समिति के चुनाव को अवैध और असंवैधानिक करार दिया था और फिर इस चुनाव कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई और कहा कि यह चुनाव कानून को ताक पर रखकर हुआ है।

कोर्ट हर मामले में नोटिस जारी कर जवाब मांगता है: सचदेवा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि आम आदमी पार्टी ने गत लगभग 2 साल में दिल्ली नगर निगम को ठप्प कर दिया है। अब तो स्थिती इतनी खराब है कि हार की सम्भावना से बौखलाई आप नगर निगम एक्ट अनुसार आवश्यक दलित महापौर चुनने का चुनाव भी नहीं होने दे रही है।

आम आदमी पार्टी आज स्थाई समिति सदस्य के चुनाव के मुद्दे के पर न्यायालय के उपराज्यपाल से पूछे सवालों को अपनी उपलब्धि बता रही है जबकि न्यायालय ऐसे हर मामले में नोटिस कर याचिकाकर्ता के सवालों पर जवाब मांगता है।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी वर्ष 2022 में दिल्ली नगर निगम की सत्ता में आने के बाद नगर निगम को राजनीतिक एवं कानूनी लड़ाई का आखाड़ा बना दिया है जहाँ एल्डरमैन की नियुक्ति स्वीकार ने से लेकर स्थाई समिति सदस्यों का चुनाव भी तब हुआ जब न्यायालय ने सख्त आदेश कर दिया। लम्बे इंतजार के बाद सर्वोच्च एवं उच्च न्यायालय के दबाव में नगर निगम की वार्ड समितियों एवं स्थाई समिति का चुनाव हुआ पर स्थाई समिति अध्यक्ष के चुनाव में हार निश्चित देख आम आदमी पार्टी ने पहले तो चुनाव प्रक्रिया में भाग नहीं लिया और फिर चुनाव हारने के बाद पुन: न्यायालय जाकर तय कर दिया कि नगर निगम की स्थाई समिति का गठन अब नहीं हो पायेगा, परिणाम स्वरूप निगम ठप्प रहेगा।

वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल एकतंत्र सरकार चलाने वाले व्यक्ति है और नगर निगम में बराबर की टक्कर का विपक्ष है अत: वह नगर निगम को चलने नहीं देना चाहते।

सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी के बाद हमलावर हुई आप

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी के बाद आम आदमी पार्टी उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के खिलाफ आक्रामक हो गई है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि कि एलजी एक सुनियोजित साजिश के तहत काम कर रहे हैं। भारद्वाज ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मेयर शेली ओबेरॉय द्वारा 27 सितंबर को रात 10 बजे स्थायी समिति का चुनाव स्थगित करने के बाद कहा था कि एलजी द्वारा इस्तेमाल की गई शक्तियां गलत थीं। उप राज्यपाल ने जो किया वह बेहद शर्मनाक कृत्य है। भाजपा 15 साल तक एमसीडी में सत्ता में थी। उसके बाद लोगों ने फैसला किया कि अब वे आम आदमी पार्टी को नगर निकाय में देखना चाहते हैं। लेकिन भाजपा एलजी के जरिए सत्ता हासिल करनेकी कोशिश कर रही है। मालूम हो कि 26 सितंबर को ओबेरॉय ने पार्षदों की तलाशी में व्यवधान के बाद चुनाव को 5 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दिया था। हालांकि, सक्सेना ने फैसले को पलट दिया और एमसीडी आयुक्त अश्विनी कुमार को 27 सितंबर को चुनाव कराने का निर्देश दिया था। चुनाव में भाजपा ने सीट जीत ली, जिससे उसे स्थायी समिति में 10 सदस्य मिल गए। सत्तारूढ़ आप के पैनल में आठ सदस्य हैं। इससे नगर निगम की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था में प्रस्तावों को मंजूरी देने में भाजपा को अधिक अधिकार मिल गया। 5 करोड़ रुपये और उससे अधिक के व्यय वाले नीति प्रस्तावों को स्थायी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है।

यूनानी डॉक्टर की हत्या के मामले में नाबालिग को पकड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जैतपुर के एक नर्सिंग होम में यूनानी डॉक्टर जावेद अख्तर की हत्या की गुत्थी दिल्ली पुलिस ने सुलझा लिया है। अपराध शाखा ने आनंद विहार इलाके से एक किशोर को पकड़ा गया।

पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि डॉक्टर जावेद अख्तर जैतपुर स्थित नीमा अस्तपाल में ड्यूटी पर थे। बुधवार देर रात वह अस्पताल में अपने केबिन में थे। तभी दो किशोर एक से डेढ़ बजे के बीच मरीज बनकर उनके पास आए थे। उनमें एक ने कट्टे से गोलीमार उसकी हत्या कर दी थी। कर्मचारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। कालिंदी कुंज थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम ने अस्पताल के रिसेप्शन, ड्रेसिंग रूम और गैलरी से सीसीटीवी फुटेज की जांच की। छानबीन में पता चला कि 16-17 साल की उम्र के दो लड़के 3 अक्टूबर को रात करीब 1 बजे अस्पताल में दाखिल हुए थे। उनमें से एक ने अपने पैर की ड्रेसिंग बदलने के लिए कहा था, जो पिछली रात भी की गई थी। ड्रेसिंग के बाद, वे पर्ची लेने के लिए जावेद के केबिन में गए। कुछ ही देर बाद, नाइट स्टाफ गजाला परवीन और मोहम्मद कामिल ने गोली चलने की आवाज सुनी थी। इस बीच, पुलिस ने नाबालिग के इंस्टाग्राम प्रोफाइल का पता लगाया गया। क्राइम ब्रांच की टीम ने आनंद विहार इलाके से नाबालिग को पकड़ लिया। नाबालिग ने अपने साथी एक अन्य नाबालिग के साथ मिलकर हत्या में शामिल होने की बात कबूल की।

घर खाली कर सांसद के बंगले में शिफ्ट हुए केजरीवाल

● आप संयोजक पत्नी, बेटा, बेटी और माता-पिता के साथ दो वाहनों में 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास में रहेंगे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

अपने माता-पिता और पत्नी के साथ सरकारी आवास खाली करने के बाद जाते हुए आप प्रमुख केजरीवाल

पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 6, फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सीएम आवास खाली कर दिया। अब वह फिरोजशाह रोड पर स्थित आप के राज्यसभा सदस्य को आवंटित बंगले में शिफ्ट हो गए हैं। शुक्रवार को उन्होंने पूरे परिवार के साथ मुख्यमंत्री आवास से विदाई ली।

राष्ट्रीय संयोजक पत्नी, बेटा, बेटी और माता-पिता के साथ दो वाहनों में मंडी हाउस के समीप 5, फिरोजशाह रोड स्थित आवास में रहने के लिए चले गए। केजरीवाल, उनकी पत्नी और बेटा एक कार में थे, जबकि उनके माता-पिता और बेटी दूसरी कार में थे। यह बंगला पंजाब से आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य अशोक मित्तल को आवंटित है। मुख्यमंत्री आवास खाली करने से पहले केजरीवाल परिवार को उनके पुराने आवास के कर्मचारियों ने भावुकतापूर्ण माहौल के बीच विदा किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व आवास के कर्मचारियों को गले लगाया। उनकी पत्नी सुनीता ने एक सरकारी अधिकारी को आवास की चाबी सौंपी। छह, फ्लैगस्टाफ बंगला दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग के स्वामित्व में आता है। केजरीवाल परिवार ने गृह प्रवेश की रस्म अदा करने के बाद अपने नए घर में प्रवेश किया। आप नेताओं ने कहा कि परिवार का सामान दो छोटे ट्रकों में नए बंगले में पहुंचाया गया।

विवि की पहचान नौकरियां सृजन से हो : आतिशी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

छात्रा को डिग्री प्रदान करते एलजी वीके सक्सेना व सीएम आतिशी।

मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि विश्वविद्यालयों को सिर्फ उनके नौकरी दिलाने के रिकॉर्ड के आधार पर नहीं आंका जाना चाहिए बल्कि इन संस्थानों से उत्तीर्ण होने वाले स्नातकों ने कितनी नौकरियां सृजित की इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

आतिशी ने नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए युवाओं में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया। आतिशी दिल्ली सरकार में शिक्षा मंत्री का पदभार भी संभाल रही हैं। समारोह में 2224 छात्रों डिग्रियां सौंपी गई। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, युवाओं के सामने आज सबसे बड़ी चुनौती बेरोजगारी है। मुझे यह जानकर बेहद खुशी हो रही है कि एनएसयूटी के 81 फीसदी स्नातकों को नौकरी मिल गई। आतिशी ने बिजनेस ब्लास्टर कार्यक्रम की सफलता की कहानियां भी साझा कीं। स्कूली बच्चों को स्टार्टअप शुरू करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करता है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। सक्सेना ने अपने संबोधन में इस बात पर जोर दिया कि भारत के युवा राष्ट्र

● नेताजी सुभाष प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का दीक्षंत समारोह

की सबसे बड़ी संपत्ति हैं और उनका योगदान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सीएम का युवाओं को संदेश- नौकरी ढूंढ़ने वाले नहीं, नौकरी देने वाले बनें, तभी भारत बनेगा दुनिया में नंबर-1 बिजनेस ब्लास्टर्स से सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे बने उद्यमी और दे रहे नौकरी, अब ये प्रोग्राम दिल्ली सरकार के सभी विश्वविद्यालय में भी छात्रों को उद्यमी बनाने का मौका देगा।

पूर्व सीएम का सरकारी बंगले से नहीं छूटा मोह : गोयल

नई दिल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल एक सांसद अशोक मित्तल को आवंटित सरकारी बंगले में रहने के लिए अधिकृत नहीं हैं, इस बात को लेकर शुक्रवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री और पूर्व दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विजय गोयल ने 5 फिरोजशाह रोड पर विरोध किया। साथ ही कहा वह राज्यसभा के चैयरमेन से इस बात की शिकायत करेंगे कि एक सांसद महीनों-महीनों और सालों-साल किसी दूसरे परिवार को अपने घर में कैसे रहने दे सकता है। विजय गोयल ने कहा कि यह एक पूर्व मुख्यमंत्री को शोभा नहीं देता कि वह सांसद को आवंटित आवास जिसमें सांसद को अपने संसदीय कार्यों को करने के लिए रियायती दरों पर सुविधाएं मिलती हैं, उसका लाभ उठाएं। यह वही केजरीवाल हैं जिन्होंने घोषणा की थी और एफिडेविट भी दिया था कि वे मुख्यमंत्री बनने पर बंगला, गाड़ी, सुरक्षा नहीं लेंगे। बाद में बड़ी से कार और शीश महल सा करोड़ों रूपयों का बंगला ले लिया। गोयल ने कहा कि इस विरोध का मकसद दिल्ली वालों को केजरीवाल की कथनी और करनी में फर्क बताना है, ताकि जनता एक बार फिर देख सके कि केजरीवाल के दोनों चेहरे कितने अलग-अलग हैं। जब केजरीवाल कह रहे थे कि कई कार्यकर्ता उनको अपने घर में रहने के लिए बोल रहे थे तो वे वहां पर क्यों नहीं गए।

पांच लाख की 250 ई-सिगरेट जब्त, 5 गिरफ्तार

● भारत में सितंबर 2019 से ई-सिगरेट का निर्माण, आयात, विज्ञापन या बिक्री प्रतिबंधित है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में ई-सिगरेट के भंडारण, परिवहन और बिक्री के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से करीब पांच लाख रुपए की 257 ई-सिगरेट और चार लाख रुपए बरामद किए गए हैं। भारत में सितंबर 2019 से ई-सिगरेट का निर्माण, आयात, विज्ञापन या बिक्री प्रतिबंधित है।

पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि दो अक्टूबर को रात करीब दो बजे एक टीम रात्रि गश्त पर थी और उसने अशोक पार्क मेन मेट्रो स्टेशन के पास एक सुनसान जगह पर अर्टिगा कार खड़ी देखी जिससे संदेह उत्पन्न हुआ। जल्द ही एक अन्य कार वहां आकर रुकी और लोग अर्टिगा कार में रखे बक्से उस कार में स्थानांतरित करने लगे। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने दोनों वाहनों के चालक को गिरफ्तार कर लिया और उनके पास से 20 डिब्बे बरामद किए, जिनमें प्रत्येक में 10 ई-सिगरेट थीं। गिरफ्तार लोगों के पास से चार लाख रुपए नकद भी बरामद किए गए। दोनों की पहचान रितिक उप्पल और सबी कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ के दौरान उन्होंने तीन अन्य लोगों अनिकेत, पवन चौरसिया और दीक्षांत कुमार के नाम बताए, जो ई-सिगरेट का भंडारण और बिक्री करते थे।

रोशनआरा रोड डेढ़ महीने रहेगा बंद

नई दिल्ली। डीएमआरसी द्वारा दोहरी सुरंग के निर्माण के कारण उत्तरी दिल्ली में रोशनआरा रोड एक महीने से अधिक समय तक यातायात और पैदल यात्रियों के लिए बंद रहेगी। यातायात पुलिस द्वारा जारी परामर्श में कहा कि यह सड़क शुक्रवार मध्यरात्रि से 18 नवंबर तक बंद रहेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए आईएसबीटी से आने वाली और रोशनआरा रोड होते हुए शक्ति नगर की ओर जाने वाली बसों और भारी वाहनों की आवाजाही शामनाथ मार्ग, सिविल लाइंस, माल रोड से खालसा कॉलेज और शक्ति नगर चौक के रास्ते होगी। रोशनआरा रोड पर रोशनआरा गोल चक्कर से पुल बंगश मेट्रो स्टेशन तक सुरंग निर्माण कार्य चल रहा है।

उधार के पैसे वापस मांगने पर चाकू मारने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

जाफराबाद इलाके में एक व्यक्ति ने जब अपने उधार दिए पैसे वापस मांगे तो आरोपी चाकू से हमला कर दिया। इस मामले में तीन आरोपियों में से दो को गिरफ्तार कर लिया है।

डीसीपी जॉय टिर्की के अनुसार मौजुर इलाके में माता वाली गली में एक व्यक्ति को चाकू मारने की सूचना मिलीं थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम घायल अवस्था में हुमायूं पुत्र अहमद हसन निवासी ब्रह्मपुरी मिला था। उसके शरीर पर चाकू से कई वार किये गए थे। हुमायूं को जगप्रवेश चंद अस्पताल ले जाया गया। बाद में उसे गुरु तेग बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हुमायूं ने बताया उसने दीन मोहम्मद को दो लाख रुपये उधार दिए थे। पैसे वापस करने के बहाने दीन मोहम्मद ने उसे माता वाली गली पार्क के पास बुलाया था। जहां अपने साथियों के साथ मिलकर हुमायूं पर चाकू से हमला कर दिया था।

संक्षिप्त समाचार

हिंदी साहित्य भारती की कार्यकारिणी बैठक आज

नई दिल्ली। विश्व के 35 से अधिक देशों और भारत के प्रत्येक राज्य में सक्रिय संस्था हिंदी साहित्य भारती की दिल्ली प्रदेश की कार्यकारिणी बैठक आज दिल्ली विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के सभागार में आयोजित की जाएगी। यह संस्था हिंदी भाषा और संस्कृति के प्रचार प्रसार हेतु सक्रिय है। संस्था अपने ध्येय वाक्य मानव बन जाये जग सारा, यह पावन संकल्प हमारा के साथ ध्येयनिष्ठ है। हिंदी साहित्य भारती के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष और हंसराज कॉलेज में प्राध्यापक डॉ. प्रभांशु ओझा ने कहा की संस्था का उद्देश्य अपनी मातृभाषा हेतु समर्पित प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थियों तथा आम जन को एक मंच पर लाना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा और कृषि मंत्री प्रसिद्द कवि एवं हिंदी साहित्य भारती के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. रवींद्र शुक्ल होंगे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ आईपीएस तथा झारखण्ड के पूर्व डीजीपी कमल नयन चौबे करेंगे।

एसजी पाइपर्स के निदेशक बने पूर्व हॉकी खिलाड़ी श्रीजेश

नई दिल्ली। एपीएल अपोलो ग्रुप का हिस्सा एसजी स्पोर्ट्स, मीडिया और एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) ने आने वाले हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के लिए अपनी फ्रेंचाइजी एसजी पाइपर्स के लॉन्च की घोषणा की। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश को फ्रैंचाइज ने हॉकी निदेशक के रूप में नियुक्त किया है। एसजी स्पोर्ट्स के संस्थापक रोहन गुप्ता ने कहा, हॉकी वास्तव में भारत का राष्ट्रीय खेल है और हॉकी से जुड़ना हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। पीआर श्रीजेश ने कहा, मैं हॉकी निदेशक के रूप में एसजी पाइपर्स का कार्यभार संभालने के लिए उत्साहित हूं। सात साल के अंतराल के बाद अपने छठे संस्करण में वापसी करते हुए, हॉकी इंडिया लीग में आठ पुरुष और छह महिला टीमें शामिल होंगी और यह दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 तक खेली जाएगी।

ताला ठीक करने के बहाने उड़ाई ज्वैलरी, दो धरे

नई दिल्ली। शाहदरा के कृष्णा नगर इलाके में दो चाबी बनाने वाले चोरों ने लाखों रूपये की ज्वैलरी पर हाथ साफ कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सतपाल, सुरजीत के रूप में हुई है। सतपाल गुजरात और सुरजीत आकाश नगर इंदौर का रहने वाला है। शाहदरा डिस्ट्रिक डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया पुलिस को कृष्णा नगर इलाके से लाखों रूपये की ज्वैलरी की कॉल मिलीं थी।

बस मार्शल की बहाली को लेकर आप-भाजपा आमने सामने

● एलजी ने न तो मिलने का समय दिया और न ही भाजपा विधायक सामने आए: भारद्वाज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रसे वार्ता में विधानसभा नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता

पूर्व बस मार्शलों की बहाली के मुद्दे पर सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच शुक्रवार को जुबानी जंग तेज हो गई है। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व बस मार्शलों की बहाली पर अपनी बात से पलटने को लेकर भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कल भाजपा का एक भी विधायक उपराज्यपाल से मिलने नहीं आया। उपराज्यपाल ने न तो मिलने का समय दिया और न ही भाजपा विधायक मार्शलों की नौकरी बचाने के लिए सामने आए।

विधानसभा के हाल में संपन्न दो दिवसीय सत्र के पहले दिन 26 सितंबर को बस मार्शलों की सेवा समाप्ति के मुद्दे पर आप और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई, जिसमें अंतत: दोनों पक्षों ने उनकी नौकरी बहाल करने के प्रस्ताव पर समर्थन जताया। विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया कि आप और भाजपा दोनों विधायक तीन अक्टूबर को सुबह 11 बजे उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना से मिलेंगे और मार्शलों की बहाली सुनिश्चित होने तक वापस नहीं लौटेंगे। ऐसी कोई बैठक हालांकि नहीं हुई।

उपराज्यपाल भारद्वाज पर निशाना साधते हुए भारद्वाज ने पूछा, क्या इस तरह की तानाशाही किसी अन्य राज्य में होती है, जहां राज्यपाल के पास मंत्रियों से मिलने का समय नहीं है और जब वे राज्यपाल से मिलने जाते हैं तो पुलिस द्वारा उनकी पिटाई की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक तानाशाह की तरह उपराज्यपाल राष्ट्रीय राजधानी के युवाओं पर बेरोजगारी थोप रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सत्तारूढ़ आप की मंशा मार्शलों को राहत देना नहीं बल्कि उनकी भावनाओं के साथ राजनीति करना है। गुप्ता ने दावा किया, जब इनके नेता अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने मार्शलों को नौकरी से निकालने का आदेश दिया था। अब वे उन्हें बहाल नहीं करके इन गरीब लोगों को गुमराह कर रहे हैं। सत्तारूढ़ पार्टी पर हमला तेज करते हुए भाजपा नेता ने कहा, अब नई मुख्यमंत्री आतिशी हैं। वह इन नागरिक स्वयंसेवकों को बहाल क्यों नहीं करतीं। गुप्ता ने कहा कि भाजपा विधायक पांच अक्टूबर को मुख्यमंत्री से मिलेंगे और उनसे कैबिनेट नोट बनाने और उसे कैबिनेट से मंजूरी दिलाने का अनुरोध करेंगे। हम मुख्यमंत्री से बस मार्शलों की नियुक्ति में ओबीसी, एससी, एसटी और ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण का प्रावधान करने का भी अनुरोध करेंगे। मार्शलों को नौकरी से हटाने से पहले 6-7 महीनों तक उन्हे सैलरी क्यों नहीं दी गई। केजरीवाल जवाब दें की इन मार्शलों को बिना कारण नौकरी से बर्खास्त क्यों किया गया।

मार्शलों को बहाल करने का प्रस्ताव बीजेपी की तरफ से ही विधानसभा में दिया गया था बहाली के प्रस्ताव पर कैबिनेट नोट बनाकर मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई जाए और प्रस्ताव को मंजूरी दी जाए इससे पहले बृहस्पतिवार को पूर्व बस मार्शलों ने अपनी नौकरी बहाल करने की मांग को लेकर उप राज्यपाल के आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

विरोध प्रदर्शन में दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज, इमरान हुसैन और मुकेश अहलावत के साथ-साथ पार्टी के अन्य विधायक भी शामिल हुए। पुलिस ने विरोध प्रदर्शन की अनुमति नहीं लिए जाने की दलील देते हुए भारद्वाज और अन्य आप नेताओं के साथ कुछ प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया।

कार शोरूम में गोलीबारी में दो और शूटर गिरफ्तार

नई दिल्ली। नारायणा इलाके में लग्जरी कार के शोरूम में गोलीबारी करने के आरोप में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने दो और युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विशेष प्रकोष्ठ की दक्षिण-पश्चिमी रेंज की एक टीम ने बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के कोल्हापुर से आशीष उर्फ भोली और अमित काला को गिरफ्तार किया, जिनकी उम्र 20 साल के आसपास है। पुलिस ने इससे पहले अरमान और अंतरराष्ट्रीय किक-बॉक्सिंग खिलाड़ी दीपक को इस वारदात में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया था। अरमान को बृहस्पतिवार को बाहरी दिल्ली के माजरा डबास में दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक अन्य टीम ने मुठभेड़ के बाद पकड़ा था। इस दौरान अरमान के पैर में गोली लगी थी।

पायनियर
नई दिल्ली, शनिवार, 5 अक्टूबर, 2024

मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुईं पोलिंग पार्टियां

वोटिंग प्रक्रिया को ध्यान से पूरा करने के निर्देश, कहा, निष्पक्ष व पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराएं मतदान

● दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए दीं व्हील चेयर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम में पोलिंग स्टेशनों के लिए रवाना होती पोलिंग पार्टियां।

विधानसभा चुनाव-24 के लिए आज जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों के लिए राजकीय कन्या महाविद्यालय परिसर से ईवीएम मशीन और मतदान सामग्री देकर पोलिंग पार्टियों को पुलिस सुरक्षा में बूथ के लिए रवाना किया गया। जिला के 1507 मतदान केंद्रों के लिए सभी पोलिंग पार्टियां अपने-अपने बूथ पर पहुंच गई हैं। शनिवार को सुबह 7 बजे इन सभी मतदान केंद्रों पर वोटिंग शुरू हो जाएंगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने चारों हलकों की पोलिंग पार्टियों को समझाया कि पोलिंग पार्टी व बूथ पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को बूथ पर ही रूकना है। कोई कर्मचारी बूथ छोड़कर नहीं जाएगा। पीठासीन अधिकारी सबसे पहले मतदान केंद्र पर जाकर अपने बूथ को सेट-अप करेंगे। सुबह 5.30 बजे मॉक पोल शुरू होगा। जिन मतदान केंद्रों पर महिला कर्मचारियों की ड्यूटी है, वे सुबह मॉक पोल शुरू होने से पहले बूथ पर पहुंच जाएं। मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम मशीनें और आवश्यक फार्म वापस कालेज परिसर में जमा होंगे। पोलिंग पार्टी जिस बस में गई थी, उसी बस में वापस आएगी।

डीसी ने कहा कि पोलिंग पार्टियों के लिए कल रात तक भोजन की व्यवस्था कर दी गई है। कालेज परिसर में शुक्रवार सुबह आठ बजे पटौदी, बादशाहपुर, सोहना व गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियां पहुंचनी शुरू हो गई थीं। बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार चौकसे, सोहना हलके के पांडाल में एसडीएम होशियार सिंह, गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में एसडीएम रविंद्र कुमार तथा पटौदी विधानसभा क्षेत्र के पांडाल में एसडीएम दिनेश लुहाच ने पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया के आवश्यक बिंदुओं को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि मतदान केंद्र के अंदर कोई भी वोटर अपना मोबाइल फोन लेकर नहीं आएगा। हर एक मतदाता की वोटर आईडी या भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मान्य 13 आईडी देखकर ही उनको वोट डालने की अनुमति दी जाए। मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में अवश्य होना चाहिए। वोटिंग के समय वोटिंग कंपार्टमेंट में केवल वोटर ही अंदर जाएगा, उसके साथ अन्य कोई व्यक्ति नहीं होना चाहिए। पंडाल में एलईडी स्क्रीन पर कर्मचारियों को ईवीएम तथा वीवीपैट मशीन को चलाने की ट्रेनिंग दी गई। एक पोलिंग पार्टी में पीठासीन अधिकारी के साथ एक एपीओ व दो पोलिंग ऑफिसर शामिल हैं। पीठासीन अधिकारियों को बताया गया कि वे अपनी डायरी व फार्मों को ध्यान से भरें। पीठासीन अधिकारी नए पीएस 5 फार्म अवश्य भरकर लाएं। दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा के लिए पोलिंग पार्टियों को व्हील चेयर भी दी गई हैं। शाम को सैक्टर ऑफिसरों ने पोलिंग पार्टियों के बूथ पर पहुंच जाने के बारे में रिपोर्ट ली। इस अवसर पर मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, तहसीलदार गुलाब सिंह, गुरदेव सिंह, नायब तहसीलदार सुरेंद्र कुमार, सीएसआर ट्रस्ट के एडिशनल सीईओ गौरव सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

मतदान केंद्र से 200 मीटर दूर लगा सकते हैं इलेक्शन बूथ

● यहां पर कोई भी पोस्टर, झंडे, चिन्ह या कोई अन्य प्रचार सामग्री की नहीं होगी अनुमति

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दिन राजनीतिक दलों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के समर्थकों द्वारा मतदान करने के लिए आने वाले मतदाताओं की सहायता करने के सम्बंध में दिशा निर्देश किए है। जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत यादव ने कहा कि मतदान केंद्र परिसर से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही ऐसे समर्थक अपना इलेक्शन बूथ लगा सकते है। जिसमें केवल एक मेज और दो कुर्सियां रखी जा सकती है। साथ ही छाया के लिए 10 फुट लम्बा व इतना ही चौड़ टेंट लगा सकते हैं।

यहां पर कोई भी पोस्टर, झंडे, प्रतीक या कोई अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित नहीं की जा सकेंगी। किसी भी प्रकार के खाद्य पदार्थ नहीं परोसी जाएगी। भीड़ इकट्ठा करने की अनुमति भी नहीं होगी। ऐसे बूथ स्थापित करने से पूर्व स्थानीय प्रशासन से अनुमति भी लेनी होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केन्द्र से 200 मीटर से अधिक की दूरी पर किसी उम्मीदवार का केवल एक ही इलेक्शन बूथ बनाया जा सकेगा। ऐसे केंद्र स्थापित करने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक उम्मीदवार को लिखित रूप में पहले से ही रिटर्निंग अधिकारी को उन मतदान केंद्रों के नाम और क्रम संख्याएं बतानी होंगी जहां उनके द्वारा ऐसे बूथ स्थापित किए जाने का प्रस्ताव है। उन्हें ऐसे बूथ स्थापित करने से पहले संबंधित स्थानीय कानूनों के तहत संबंधित सरकारी अधिकारियों या स्थानीय अधिकारियों जैसे निगमों, नगर पालिका, जिला परिषद, पंचायत समितियों आदि से लिखित अनुमति भी लेनी होगी। ऐसी लिखित अनुमति बूथ पर तैनात व्यक्तियों के पास होनी चाहिए ताकि वे मांगे जाने पर संबंधित चुनाव व पुलिस अधिकारियों के समक्ष इसे प्रस्तुत कर सकें।

पटौदी, गुड़गांव और बादशाहपुर में सक्रिय रहेगा वोटर इन क्यू एप

गुरुग्राम। विधानसभा चुनाव में सोहना हलके को छोड़कर गुड़गांव, बादशाहपुर और पटौदी विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्रों पर वोटर इन क्यू एप की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निशांत कुमार यादव ने बताया कि इस एप को अपने मोबाइल फोन में डाउनलोड कर मतदाता यह जान सकते हैं कि बूथ पर कतार में अभी कितने वोटर खड़े हुए हैं। जिससे कि वह अपनी सुविधा के अनुसार भीड़ कम होने पर वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पर जा सके। उन्होंने बताया कि इस एप को डाउनलोड करने के बाद मतदाता अपना नाम, बूथ एरिया तथा वोटर आईडी नंबर अपलोड कर एक ओटीपी प्राप्त करेगा। ओटीपी डालने के बाद वह एप के माध्यम से अपने बूथ के बीएलओ से जुड़ जाएगा। बीएलओ हर एक या आधे घंटे बाद बूथ पर मौजूद लोगों की संख्या को एप पर अपलोड करेगा। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार वोटर टर्न आउट एप पर मतदाता यह जान सकेंगे कि अभी तक कितनी प्रतिशत वोटिंग हो चुकी है।

'गुरुग्राम की तरक्की के लिए भाजपा को वोट दें'

● भाजपा जिलाध्यक्ष बोले, चारों विधानसभाओं में खिलने जा रहा है कमलः कमल यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

भाजपा में शामिल हुए वकीलों के साथ जिला अध्यक्ष कमल यादव।

भाजपा की नीतियां हर वर्ग के लोगों को पसंद आ रही है। हर रोज लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। चुनाव से एक दिन पहले जिला कराधान बार के कई अधिवक्ताओं ने गुरुकमल कार्यालय पहुंचकर भाजपा में आस्था जताई। भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव ने सभी अधिवक्ताओं का स्वागत किया और भाजपा का पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

इस मौके पर कमल यादव ने लोगों से प्रदेश व शहर की तरक्की के लिए भाजपा को वोट देने की अपील भी की। कमल यादव ने कहा कि जनता जनार्दन के आशीर्वाद से भाजपा की सरकार बन रही है और गुरुग्राम की चारों विधानसभाओं में कमल खिल रहा है। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख पवन यादव ने बताया कि शुक्रवार को जिला में भाजपा और मजबूत हुई है। जिला कराधान बार के अध्यक्ष राजीव वत्स, महासचिव धीरज कौशिक, संयुक्त सचिव अशोक खटाना, कोषाध्यक्ष एडवोकेट नरेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार, रवि सैनी, हिमांशु सैनी, अभिनव शर्मा और रितिक प्रकाश सहित कई लोगों ने पार्टी कार्यालय में पहुंचकर भाजपा का दामन थामा।

फरीदाबाद में बनाए गए हैं कुल 1650 पोलिंग बूथ

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि विधानसभा आम चुनाव-2024 के लिए जिला में कुल 1650 बूथ बनाए गए हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए हाईराइज सोसायटी व ग्रुप हाऊसिंग सोसायटी में 57 मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं। जिला के 17 लाख 94 हजार 552 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर विधानसभा चुनाव में भागीदारी निभाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व महिला मतदाताओं को बढ़चढ़कर मतदान के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से जिला की विधानसभाओं में पिंक पोलिंग बूथ एवं सखी बूथ स्थापित किया गया है। इन सखी बूथ पर पोलिंग पार्टियों में महिलाएं अधिकारी एवं कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया संपन्न करवाएंगी।

माइक्रो ऑब्जर्वर को दिया गया अंतिम चरण का प्रशिक्षण

● रिटर्निंग अधिकारी ने कहा, मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक पूरी प्रक्रिया का अवलोकन करें ऑब्जर्वर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

माइक्रोऑब्जर्वर को अंतिम चरण का प्रशिक्षण देते रिटर्निंग अधिकारी रविंद्र कुमार।

विधानसभा आम चुनाव में नियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का अंतिम प्रशिक्षण गुरुवार को गुड़गांव विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम रविन्द्र कुमार द्वारा संपन्न कराया गया। सिविल लाइन्स स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम रविंद्र कुमार ने माइको आब्जर्वर द्वारा भरी जाने वाली सभी प्रमुख बिंदुओं के चेक लिस्ट पर चर्चा करते हुए कहा कि आप सभी को मॉक पोल से लेकर मतदान समाप्ति तक की पूरी प्रक्रिया का अवलोकन करना है।

रिटर्निंग अधिकारी रविन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया तथा उनके कार्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करवाने में माइक्रो ऑब्जर्वर की अहम भूमिका होती है। ऐसे में आप सभी को 5 अक्टूबर को मतदान केंद्र पर निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय पर पहुंच जाना है। मॉक पोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। मॉक पोल से लेकर वास्तविक मतदान प्रारंभ होने के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के कंट्रोल यूनिट की सीलिंग पर भी नजर रखनी है। उन्होंने कहा कि सभी माइक्रो ऑब्जर्वर को पोलिंग एजेंट पर भी नजर रखनी है कि मॉक पोल के दौरान वह उपस्थित हुए या नहीं। इसके साथ ही प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। दोपहर 3 बजे से लेकर 5 बजे तक कतार में कितने मतदाता उपस्थित थे, इसकी भी रिपोर्ट देनी है।

आज रहेगा पेड हॉलिडेः डीसी

● सभी सीटों के लिए आज होगा मतदान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

भारत निर्वाचन आयोग की ओर से शनिवार, 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर राज्य सरकार के अधीनस्थ सभी विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में पेड होली डे रहेगा। साथ ही हरियाणा प्रदेश की सीमा से लगते दिल्ली व यूपी राज्य में काम करने वाले मतदाताओं का भी पेड हॉलिडे रहेगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने दी।

सिंह ने बताया कि जन प्रतिनिधि अधिनियम 1951 (संशोधित 8/1996) के सेक्शन 135बी के तहत सभी फैक्ट्रियों, प्राइवेट व्यवसायिक संस्थानों, दुकानों आदि में भी इस दिन कर्मचारियों के लिए पेड होली डे रहेगा ताकि कर्मचारी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। उन्होंने पात्र मतदाताओं से बढ़ चढ़ कर मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि चुनाव के दिन जिला की सीमा से लगते दिल्ली में स्थित उद्योगों को भी वहां कार्यरत जिले के कर्मचारियों, जिनका जिला की मतदाता सूची में पंजीकृत हैं, को भी सह वेतन अवकाश देने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में श्रम विभाग के अधिकारियों की ओर से सभी औद्योगिक संस्थानों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

जनता के आशीर्वाद से बदल देंगे गुरुग्राम की तस्वीरः गोयल

● दिए गए वोट पर मतदाताओं को हमेशा महसूस कराएंगे गौरवान्वितः नवीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल।

गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र से 36 बिरादरी के प्रत्याशी नवीन गोयल ने कहा है कि आपको वोट डालते समय यह ध्यान रहे कि गुरुग्राम की बेहतरी, विकास, गुरुग्राम की समस्याओं का समाधान, जनता का सम्मान किन हाथों में सुरक्षित है। आप जब वोट डालें तो आपकी नजरें ईवीएम पर 12वें नंबर पर कांच के गिलास पर हो। मैं गुरुग्राम की देवतुल्य जनता से यह वायदा करता हूं कि आपके द्वारा कांच के गिलास पर दिए गए वोट को शर्मिंदा नहीं होने दूंगा। सदा गौरवान्वित महसूस कराऊंगा।

नवीन गोयल ने जनता से आग्रह किया है कि बिना किसी सरकारी तंत्र, बिना किसी सरकारी पद और बिना किसी लोभ-लालच के मैनें पिछले 6 साल से आपकी सेवा की है। मैं मानता हूं कि मेरी ओर से सेवा में कभी कोई कमी भी रही होगी। मेरा हमेशा यही प्रयास रहा है कि मैं कभी किसी का दिल ना दुखाऊं। कभी किसी का बुरा ना करूं। मेरे मन, वचन, कर्म से हर किसी का भला ही हो। कभी किसी का बुरा ना सोचा ना किया। हमेशा अच्छा ही करने का प्रयास किया। दीन-दुखियों की मदद करना हमें विरासत में मिला है। माता-पिता ने यही सिखाया कि हमारे हाथ से अगर किसी के लिए कुछ हो तो वह अच्छा ही हो। हमने अपने हर काम को यही सोचकर किया कि हमारे काम से समाज के अंतिम व्यक्ति की भी भलाई जुड़ी हो।

हमने गुरुग्राम के बच्चे का भी सम्मान किया और उम्रदराज व्यक्ति का भी आशीर्वाद लिया। माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए काम किया। युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए काम किया। गरीबों को इस लायक बनाने का काम किया कि वे दो समय की रोटी कमा सकें। यह सब करने वाले हम कोई नहीं है। इसमें आप सबका आशीर्वाद, प्रार्थना, दुआ शामिल है। गुरुग्राम ने हमें बहुत कुछ दिया है। इसलिए हमने गुरुग्राम को कुछ देने की सोच के साथ समाज सेवा में कदम आगे बढ़ाए। अब जीवन का यही लक्ष्य है कि गुरुग्राम को देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से बेहतर से भी बेहतर बनाएं।

संक्षिप्त समाचार

देर रात फ्लैग मार्च करती पुलिस।

व्यवधान डालने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाईः डीसी

फरीदाबाद। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के 48 घंटे पहले सभी शराब के ठेके बंद रहेंगे और किसी भी होटल या गेस्ट हाउस में किसी दूसरे प्रदेश का व्यक्ति अपने प्रत्याशी के सहयोग के लिए नहीं रुक सकता। निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अनुपालना प्रभावी रूप से सुनिश्चित करते हुए हर संदिग्ध व्यक्ति पर प्रशासन की पैनी नजर है। इसी के मद्देनजर देर रात्रि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह और पुलिस आयुक्त ओपी नरवाल ने जिला की सभी विधानसभाओं के अंतर्गत आने वाले होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला तथाशराब के ठेके चेक करने के संबंध में अहम दिशा निर्देश दिए और उक्त स्थानों पर चेकिंग की। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य जिला में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और लोगों में सुरक्षा की भावना पैदाकरना है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है और चुनाव प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भयमुक्त वातावरण में मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करे और लोकतंत्र के इस महापर्व में आहुति डालें। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि वे चुनावी नियमों का पालन करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत संबंधित आरओ व पुलिस प्रशासन को दें।

वोटर हेल्पलाइन बनेगी मतदाताओं की सहयोगी

फरीदाबाद। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि शनिवार, 5 अक्टूबर को जिला में होने वाले हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव के लिए प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है। विभिन्न एप के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया के बारे में मतदाता घर बैठकर जानकारी हासिल कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाताओं की सुविधाओं के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग की ओर से मोबाइल एप जागरूकता का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। मतदाताओं को प्ले स्टोर में जाकर वोटर हेल्पलाइन एप को डाउनलोड करना होगा। इस एप के माध्यम से मतदाता अपनी वोटर स्लिप डाउनलोड कर सकते हैं, जिसमें उनका नाम, मतदान केंद्र, और अन्य जानकारी होती है। चुनाव या वोटर आईडी से संबंधित किसी भी समस्या के लिए शिकायत दर्ज करना और उसकी स्थिति देखना। साथ ही चुनाव की तारीखें, उम्मीदवारों की सूची, चुनाव परिणाम आदि की जानकारी भी घर बैठे प्राप्त की जा सकती है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इस एप के माध्यम से आप अपने पोलिंग बूथ की जानकारी और अधिकारियों के नंबर भी प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश में हो रहे चुनाव में किसी भी उम्मीदवार के बारे में आपको जानकारी चाहिए तो आप इस एप के माध्यम से पता कर सकते हैं। अगर मतदाता की वोटर आईडी कहीं गुम हो गई है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है, तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजीलॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है। इसके अलावा इसे प्रिंट भी कराया जा सकता है।

मुस्कुराहट जीवन की सबसे बड़ी सुन्दरता है: आशा दीदी

● सुसंस्कृत मां अपने बच्चे को ही नहीं, राष्ट्र को भी श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करती है

● ब्रह्माकुमारीज के तीन दिवसीय महिला सम्मेलन का समापन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

महिला सम्मेलन के समापन सत्र में उपस्थित महिलाएं एवं अन्य।

ब्रह्माकुमारीज के बोहड़ाकलां स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में तीन दिवसीय महिला सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए ओआरसी की निदेशिका राजयोगिनी आशा दीदी ने अपने दिल के उद्गार व्यक्त किए।

आशा दीदी ने कहा कि आज मां बच्चे को श्रेष्ठ संस्कार नहीं दे पा रही है। जिसका मूल कारण है कि मां अपने उत्तरदायित्व को ठीक से नहीं निभा पा रही है। आज नारी के जीवन में त्याग और तपस्या की कमी है। उन्होंने कहा कि मुस्कुराहट जीवन की सबसे बड़ी सुन्दरता है। मुस्कुराहट अन्दर से आती है। करुणा, दया और उदारता जैसे गुण ही चेहरे पर मुस्कान लाते हैं। मातृत्व संस्कृति है। मातृत्व एक गुण है। मां की सबसे बड़ी शक्ति सहनशक्ति और समाने की शक्ति है। उन्होंने कहा कि मन पर सबसे बड़ा प्रभाव अन्न का पड़ता है। इसलिए भोजन की शुद्धि बहुत जरूरी है। डॉ. मंजु ने कहा कि सम्बन्धों में देने की भावना ही मधुरता लाती है। हम जो कुछ भी दूसरों को देते हैं, वही प्राप्त करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रेष्ठ मूल्य ही जीवन को महान बनाते हैं। दिव्य गुणों के द्वारा ही स्वर्णिम संसार का निर्माण हो सकता है। प्रोफाउंड भारती एजुकेशनल एंड वेलफेयर सोसाइटी के निदेशक सीएमए अनिरुद्ध गुप्ता ने कहा मातृ शक्ति के बगैर हमारा कोई अस्तित्व नहीं है। मां बच्चे की प्रथम गुरु होती है। जितने भी महापुरुष हुए हैं, उनके पीछे मां का ही हाथ है। श्रेष्ठ संस्कारों द्वारा मातृ शक्ति अपने बच्चों को ही नहीं बल्कि राष्ट्र को भी श्रेष्ठ संस्कार प्रदान करती है। दिल्ली, शक्ति नगर से पधारी वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका बीके लता ने कहा कि नारी अपनी शक्ति को भूलने के कारण स्वयं को कमजोर समझने लगी। उन्होंने कहा कि आज शारीरिक सुंदरता के बजाय आंतरिक सुंदरता को निखारने की जरूरत है। कार्यक्रम में ब्लू बेल्स स्कूल की फाउंडर एंड डायरेक्टर सुमन गुलाटी एवं डायरेक्टर, कॉर्पोरेट अफेयर्स महर्षि यूनिवर्सिटी, गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ. रतेश गुप्ता ने भी अपनी शुभकामनाएं व्यक्त की।

राजस्थान से आई सुप्रसिद्ध कवियत्री डॉ. कविता किरण ने अपनी खूबसूरत रचना से नारी शक्ति का बहुत सुंदर चित्रण किया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में संस्कृति की संरक्षक महिलाएं विषय पर कार्यशाला के साथ-साथ गहन चिंतन भी हुआ। आध्यात्मिक शक्ति द्वारा नारी सशक्तिकरण पर अनुभवी वक्ताओं ने अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम में राजयोग के अनेक सत्र आयोजित हुए। जिसमें आत्मा, परमात्मा और सृष्टि चक्र से सम्बन्धित गूढ़ रहस्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आई महिलाओं ने कहा कि इस प्रकार के आध्यात्मिक वातावरण में आने से उन्हें एक नई ऊर्जा मिली है। बीके सुनैना ने राजयोग के अभ्यास से शांति की अनुभूति कराई। बीके येशु ने कार्यक्रम का संचालन किया।

'जिले में 17 लाख, 94 हजार, 552 मतदाता डालेंगे वोट'

● जिला निर्वाचन अधिकारी बोले, मतदाता सूची में नाम दर्ज होना जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि 5 अक्तूबर को होने वाले 15वीं हरियाणा विधानसभा के आम चुनाव-2024 में जिला के 17 लाख 94 हजार 552 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। जिला के सभी छह विधानसभा क्षेत्र 85-पृथला से 13, 86 एनआईटी से 13, 87-बड़खल से 09, 88-बल्लभगढ़ से 08, 89-फरीदाबाद से 08, 90-तिगांव विधानसभा से 13 सहित कुल 64 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मतदान के लिए 1650 पोलिंग बूथ बनाएं गए हैं। मतदान 5 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा।

सिंह ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है। मतदाता यह सुनिश्चित कर लें कि उसका नाम मतदाता सूची में अवश्य शामिल हो। श्री विक्रम सिंह ने कहा कि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, लेकिन उसके पास मतदाता पहचान पत्र नहीं है तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 वैकल्पिक पहचान पत्र में से कोई भी पहचान पत्र दिखाकर अपना वोट डाल सकता है। डीसी ने बताया कि इन दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंक या डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्रीय/राज्य सरकार /सार्वजनिक उपक्रमों या सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/ एमएलसी को जारी आधिकारिक पहचान पत्र और विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र शामिल हैं।

मतदान के लिए पहचान संबंधी दस्तावेज लाना जरूरी

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान करने के लिए प्रत्येक मतदाता को अपनी पहचान संबंधी दस्तावेज लाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी मतदान केंद्रों पर प्राथमिक उपचार किट भी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अलावा सभी पोलिंग बूथों पर बिजली, पानी, शौचालय, रैंप आदि की उचित व्यवस्था की गई है।

हरियाणा में 29 हजार, 462 पुलिसकर्मी तैनात

21 हजार होमगार्ड व 10 हजार एसपीओ ने भी संभाला मोर्चा, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर रहेगी

- आचार संहिता लागू होने के बाद पकड़ी 51 करोड़ की नकदी व सामान

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा में 5 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए प्रदेश के सभी 90 विधानसभा हलकों में 29 हजार 462 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

हरियाणा पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव ड्यूटी में पुलिस कर्मियों के अलावा 21 हजार 196 होमगार्ड के जवान तथा 10 हजार 403 एसपीओ की तैनाती की गई है। मतदान प्रक्रिया के दौरान प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी ताकि लोग निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

कपूर ने बताया कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है ताकि लोग बिना डरे निष्पक्ष तरीके से मतदान कर सकें। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 191 अंतराज्यीय तथा 201 प्रदेश के भीतर नाके लगाए गए हैं। प्रदेश में मतदान के लिए 10 हजार 495 स्थानों पर कुल 20 हजार 629 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, 3616 मतदान केंद्रों को संवेदनशील(क्रिटिकल) माना गया है तथा 145 मतदान केन्द्रों को वल्नरेबल माना गया है। इन मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा।

इसके साथ ही प्रदेश में 516 फ्लाइंग स्क्वायड टीम, 469 स्टेटिक सर्विलांस टीम तथा 32 क्विक रिस्पांस टीम बनाई गई है। प्रदेश में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने को लेकर 1156 पेट्रोलिंग पार्टी भी लगाई गई है जो दिन रात गश्त कर रही है।

'फर्जी वीडियो की मॉनिटरिंग और त्वरित कार्रवाई'

पुलिस महानिदेशक ने बताया कि मतदान के दिन कई तत्व मतदान केन्द्र की फर्जी वीडियो आदि सोशल मीडिया पर वायरल कर देते हैं जिससे कानून व्यवस्था बाधित होती है। सोशल मीडिया पर इस प्रकार की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए हरियाणा पुलिस की टीमें अलग-2 स्तर पर मॉनिटरिंग करते हुए सक्रियता से कार्य करेगी और फर्जी वीडियो डालने वालो पर कड़ी कार्रवाई होगी। हरियाणा में 16 अगस्त से 4 अक्टूबर के बीच अर्थात आदर्श आचार संहिता की अवधि के दौरान प्रदेश में लगभग 72 करोड़ रुपये की राशि के नशीले पदार्थ, कैश, शराब तथा बहुमूल्य धातु आदि को जब्त किया गया है जिसमें से लगभग 51 करोड़ रुपये की राशि के नशीले पदार्थ, कैश, शराब तथा बहुमूल्य धातु आदि को हरियाणा पुलिस द्वारा जब्त किया गया है। इसके अलावा 22 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी पकड़ी गई है। इसी प्रकार लगभग 12 करोड़ रुपये की शराब बरामद की गई है।

प्रदेश में 1080 असलहा धारकों के लाइसेंस रद्द

लाइसेंसी हथियारों संबंधी जानकारी देते हुए कपूर ने बताया कि प्रदेश में कुल 1 लाख 32225 आर्म्ड लाइसेंस जारी किए गए हैं जिनमें से 1 लाख 21 हजार 213 लाइसेंसी हथियारों को चुनावों के चलते पुलिस थानों में जमा करवाया गया है। आदर्श आचार संहिता की उल्लंघना के चलते प्रदेश में अब तक 54 लाइसेंसी हथियारों को जब्त किया जा चुका है जबकि 1080 हथियारों के लाइसेंस रद्द किए जा चुके हैं।

भाजपा सरकार जो कहती है वह करती है: सैनी

- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडवा हलके के मतदाताओं से की मतदान की अपील

पायनियर समाचार सेवा। लाडवा

लाडवा से भाजपा प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची बिना पर्ची के सरकारी नौकरियां देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार भाजपा सरकार आने पर वह 8 अक्टूबर को वह शपथ बाद में लेंगे पहले 25 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र देंगे। इसलिए देश व प्रदेश के हित के लिए आने वाली 5 अक्टूबर को कमल के निशान के सामने वाला बटन दबाकर भाजपा को विजयी बनाएं।

भाजपा सरकार जो कहती है वह करके दिखाती है। संकल्प पत्र को लाखों लोगों के सुझाव से ही तैयार किया गया है। जिसमें सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100 रुपये, आईएमटी खरखोदा की तर्ज पर 10 औद्योगिक शहरों का निर्माण। प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन। चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद, 2 लाख युवाओं को बिना पर्ची बिना खर्ची पक्की सरकारी नौकरी, 5 लाख युवाओं के लिए अन्य रोजगार के अवसर एवं नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन योजना से मासिक स्टाइपेंड, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास सहित 20 नई योजनाओं को आने वाली 8 अक्टूबर के बाद धरातल पर उतारा जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपील करते हुए कहा कि यह चुनाव केवल सरकार चुनने का नहीं बल्कि लाडवा क्षेत्र के विकास और भविष्य को नई दिशा देने का चुनाव है।

हर मतदाता का एक-एक वोट बच्चों की बेहतर शिक्षा, महिलाओं की सुरक्षा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों को सुनिश्चित करेगा।

कांग्रेस को बड़ा जनादेश दें मतदाता: तंवर

- पूर्व सांसद ने हरियाणा के दलित और ओबीसी मतदाताओं से की समर्थन की अपील

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पूर्व सांसद अशोक तंवर शुक्रवार को कांग्रेस में औपचारिक रूप से शामिल हो गए और हरियाणा के दलित एवं अन्य पिछड़े वर्गों के मतदाताओं से आह्वान किया कि वे कांग्रेस को बड़ा जनादेश दें ताकि यह प्रदेश नंबर एक बन सके। तंवर बृहस्पतिवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ महेंद्रगढ़ में चुनावी मंच पर नजर आए थे। इससे कुछ घंटे पहले ही उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार के लिए प्रचार किया था।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कांग्रेस मुख्यालय में तंवर का स्वागत किया और उन्हें संविधान की एक प्रति भी सौंपी। माकन ने तंवर का पार्टी में औपचारिक रूप से स्वागत करते हुए कहा, हम सभी ने संविधान की रक्षा करने का प्रण लिया है। हम देश के संविधान और बाबासाहेब आंबेडकर के सिद्धांतों की रक्षा के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। हमें आशा है कि अशोक तंवर के आने से इन प्रयासों को और बल मिलेगा। तंवर ने कहा, मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत कांग्रेस पार्टी से हुई। कुछ समय के लिए मैं भाजपा में शामिल हो गया था, लेकिन वहां देश के संविधान और बाबासाहेब के प्रति कोई आस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोगों को बांटने का काम करती है, लेकिन राहुल गांधी ने यात्रा निकालकर लोगों को एक करने का काम किया है। पूर्व सांसद ने कहा, आज मैं फिर देश जोड़ने और संविधान बचाने की लड़ाई में राहुल गांधी के साथ खड़ा हूं। तंवर ने कहा, मैं हरियाणा के दलितों, वंचितों और पिछड़ों से अनुरोध करता हूं कि हरियाणा को फिर नंबर एक बनाने के लिए यहां कांग्रेस की सरकार बनाएं। मेरा आग्रह है कि लोग कांग्रेस को बड़ा जनादेश दें जिसका संदेश पूरे देश में जाए। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान से दो दिन पहले भाजपा को झटका देते हुए अशोक तंवर बृहस्पतिवार को महेंद्रगढ़ जिले में राहुल गांधी की रैली में कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

कुवि के प्रो. दिनेश कुमार तथा प्रो. संजीव अरोड़ा ने संभाला पदभार

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जियोफिजिक्स विभाग के प्रोफेसर दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक अफेयर्स का पदभार विधिवत रूप से संभाला। इस अवसर पर प्रो. दिनेश कुमार ने कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा का आभार व धन्यवाद करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को शैक्षणिक, शोध एवं अनुसंधान सहित सभी क्षेत्रों में बुलंदियों पर ले जाना उनकी सर्वप्रथम प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षण एवं अनुसंधान कुरुक्षेत्र की विशिष्ट पहचान रही है इसलिए केयू को वैश्विक पटल पर अग्रणी विश्वविद्यालयों में से एक बनाने पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए कुवि के सभी शिक्षक संकाय सदस्य मिलकर कार्य करें। वहीं रसायन विभाग के प्रो. संजीव अरोड़ा ने डीन फैकल्टी ऑफ साइंसिज का पदभार संभालते हुए कहा कि विज्ञान संकाय से संबंधित सभी संकायों आगे बढ़ाना उनकी प्राथमिकता होगी।

युवाओं के भविष्य से खेल रही कांग्रेस: अमित शाह

- 5600 करोड़ के ड्रग केस पर गृह मंत्री बोले, दीपेंद्र हुड्डा की संलिप्तता खतरनाक व शर्मनाक
- इरादों को पूरा नहीं होने देगी मोदी सरकार

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा चुनाव की वोटिंग से एक दिन पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 5600 करोड़ रुपए के ड्रग केस को लेकर बड़ा बयान दिया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर लिखा कि एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत से पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपए की खेप में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस के शासन में ड्रग्स से पंजाब, हरियाणा और समग्र उत्तर भारत में युवाओं का जो हाल हुआ, वह सभी ने देखा है। मोदी सरकार युवाओं को खेल, शिक्षा और इनोवेशन की ओर ले जा रही है, तो वहीं कांग्रेस उन्हें ड्रग्स की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहती है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस के नेता अपने राजनीतिक रसूख का उपयोग कर युवाओं को ड्रग्स के दलदल में फंसाने का प्रयास कर रहे थे। लेकिन मोदी सरकार ने दृढ़ संकल्प लिया है कि कांग्रेस पार्टी के इन नापाक मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ड्रग्स के कारोबारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे वह कितनी भी बड़ी राजनीतिक शक्ति रखते हों। शाह ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य 'नशामुक्त भारत' है, और हम इस दिशा में हर संभव कदम उठा रहे हैं। हमारे युवाओं का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बना रहे।

हम अपील करते हैं कि देश की जनता इस गंभीर मामले पर जागरूक रहे और अपने युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सरकार का साथ दें। मोदी सरकार इस दिशा में दृढ़ संकल्पित है और नशामुक्त भारत बनाने के लिए कोई भी कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की पोस्ट को 'एक्स' पर रिपोस्ट करते हुए कहा है कि 5,600 करोड़ रुपये के ड्रग्स रैकेट में कांग्रेस पार्टी और हरियाणा के एक राजनीतिक परिवार द्वारा संरक्षण के सबूत बेहद खतरनाक हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि राजनीतिक रसूख की बदौलत ये परिवार क्या ड्रग कारोबारियों को बचा रहा था? या फिर इतने बड़े ड्रग रैकेट से आने वाला अकूत धन हरियाणा के चुनाव में इस्तेमाल हो रहा है? ये सवाल बेहद जरूरी हैं।

महाराजा अग्रसेन ने मानवता के आधार पर कार्य किया: गुप्ता

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

श्री वैश्य अग्रवाल पंचायत थानेसर द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुरुक्षेत्र में महाराजा अग्रसेन जयंती का पावन पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भाव से मनाया जा रहा है। अग्रवाल धर्मशाला मोती चौक में कार्यक्रमों के शुभारंभ अवसर पर विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भगवान श्री गणेश, महाराजा अग्रसेन जी तथा मां महालक्ष्मी का पूजन किया। हवन यज्ञ में काफी संख्या में अग्रवाल समाज के लोग एकत्रित हुए तथा आहुतियां दीं।

कार्यक्रम में अग्र बंधुओं ने उत्साह से भाग लेते हुए महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया। इसी के साथ सत्य प्रकाश गुप्ता एवं समाज के नागरिकों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस के साथ मोहन नगर स्थित महाराजा अग्रसेन चौक स्थित प्रतिमा पर अग्रवाल समाज के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर माल्यार्पण किया।

हरियाणा में नशा होगा दूर, रोजगार मिलेगा भरपूर: राहुल

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने की जताई उम्मीद

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर जोर देगी तथा राज्य को नशामुक्त किया जाएगा जिससे हर परिवार खुशहाल होगा। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा द्वारा फैलाई गई बेरोज़गारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ों, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है। हरियाणा की सभी सीट पर आज मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी।

राहुल गांधी ने हरियाणा में हाल ही में निकाली गई अपनी विजय संकल्प यात्रा के दौरान कुछ महिलाओं से हुई मुलाकात का वीडियो एक्स पर साझा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की फैलाई हुई बेरोज़गारी की बीमारी ने हरियाणा की जड़ों, युवाओं के भविष्य और प्रदेश की सुरक्षा को गहरे संकट में डाल दिया है। हरियाणा की कुछ बहनों ने विजय संकल्प यात्रा के दौरान आश्रय दिया, बहुत प्यार से घर की रोटी खिलाई और साथ ही प्रदेश की जटिल समस्याएं समझाईं। उन्होंने दावा किया कि आज भारत में सबसे अधिक बेरोज़गारी हरियाणा में है और इसका कारण यह है कि भाजपा ने एक दशक में प्रदेश के युवाओं को रोज़गार देने वाली हर प्रणाली की रीढ़ तोड़ दी है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा ने गलत जीएसटी और नोटबंदी से छोटे व्यापारों की कमर तोड़ दी।

अग्निपथ योजना के जरिए, सेना की तैयारी करने वाले युवाओं का हौसला तोड़ा। तीन काले कानूनों से कृषि व्यापार करने वालों की हिम्मत तोड़ी। खिलाड़ियों से समर्थन छीनकर उनका सपना तोड़ा। परिवार पहचान पत्र से सरकारी भर्ती रोककर परिवारों को तोड़ा। उन्होंने कहा कि इसी का नतीजा है कि नशे की गिरफ्त में युवा हुनर बर्बाद हो रहा है, निराश नौजवान अपराध की राह पकड़ रहे हैं और 'डंकी' जैसे खतरों के सफर से परिवार तबाह हो रहे हैं। अमेरिका जाने के लिए पर्याप्त दस्तावेजों के अभाव में लोग जब तुर्किए और कजाखस्तान के साथ-साथ दक्षिण अमेरिकी देशों तथा पनामा के जंगलों से होकर खतरनाक रास्ते से यात्रा करते हैं तो इसे डंकी रूट कहा जाता है।

लोकतंत्र का भाग्य विधाता है मतदाता: सुधा

कुरुक्षेत्र। भाजपा की कल्याणकारी नीतियों व जनता के आशीर्वाद से हम तीसरी बार राज्य में सरकार बनाने जा रहे हैं। यह कहना है पार्टी के थानेसर प्रत्याशी व राज्य मंत्री सुभाष सुधा का। सुभाष सुधा वीरवार को चुनाव से पहले कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग को संबोधित कर रहे थे। मीटिंग में उन्होंने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारीयों को लेकर समीक्षा की और कार्यकर्ता ऑन से कहा कि हम सभी को 100 प्रतिशत मतदान करने का रिकॉर्ड बनाना है ताकि मजबूत राष्ट्र व मजबूत लोकतंत्र बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को भी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए 5 अक्टूबर को बिना किसी डर, प्रलोभन लालच धर्म, जाति व विशेष वर्ग से ऊपर उठकर भाजपा के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोटिंग करनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह मतदाताओं को समझाए वह बताएं की आपको यह निर्णय करना है कि बिना पर्ची खर्ची और मेहनत के बल पर नौकरी देने वाली सरकार चाहिए या पैसे देकर और प्लाट जमीन बेचकर। उन्होंने यह भी कहा कि पढ़ाई के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में व विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान करें। सुभाष सुधा ने कहा कि मतदान के दिन यह ना समझें की यह केवल छुट्टी का दिन है बल्कि यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती की नींव और पाच साल राज्य का विकास करने वाली सरकार के लिए बहुत अहम है।

सार्वजनिक सूचना

यह सूचना नरेश कुमार शर्मा की ओर से दी जाती है जो खसरा नंबर 1999मिन में से 250 वर्ग गज क्षेत्रफल वाले प्लॉट संख्या 5 के मालिक हैं, जो ग्राम बेहटा हाजीपुर परगना और तहसील लोनी जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में स्थित है। उन्होंने मनीष खंडेलवाल से दिनांक 11.01.2023 को बिक्री विलेख के तहत दस्तावेज संख्या 327 के तहत उक्त संपत्ति खरीदा है, इससे पहले मनीष खंडेलवाल ने इसे हिमांशु दुआ से दिनांक 25.03.2021 को बिक्री विलेख के तहत दस्तावेज संख्या 5706 के तहत उक्त संपत्ति खरीदा था और हिमांशु दुआ ने इसे पंकज राय से दिनांक 19.03.2018 को बिक्री विलेख के तहत खरीदा था और पंकज राय ने राम किशन से दिनांक 20.02.2018 की पंजीकृत जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी, दस्तावेज संख्या 1114, बुक संख्या IV, खंड संख्या 1405, पृष्ठ संख्या 395–408 के माध्यम से है, और अब नरेश कुमार शर्मा एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड(पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) से वित्तीय सहायता के लिए बंधक का लाभ उठाने का इरादा हैं। बैंक/एनबीएफसी की आवश्यकताओं का अनुपालन करने के लिए, हम यह सार्वजनिक सूचना देते हैं कि यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का दावा/अधिकार/स्वामित्व/हित/बंधक बनाने में कोई आपत्ति है तो वह आज से 14 दिनों के भीतर अपनी आपत्तियों के बारे में नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में सूचित कर सकता है। ऐसा न करने पर यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति सभी प्रकार के भार, ग्रहणाधिकार आदि से मुक्त है। लुसेम लीगल एलएलपी प्लॉट नंबर 136, (बेसमेंट) उदय पार्क, नई दिल्ली–110049, संपर्क # 011-40046316

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

It is for the general information, That I Monika D/o Sh Tej Ram, Ex Wife of Rahul@Mohd Qasim, R/o A-25 Ganesh Nagar, Pandav Nagar Complex Shakarpur declare that I got divorced from my Ex-husband vide Court Decree no. as HMA. No. 1253/2024 dated 12.07.2024. Furthur I have changed the name of my minor daughter namely Kaifreena aged 13 years and my minor son namely Kabir aged 11 Years and shall hereafter be known as Rashi and Aayush respectively for all future purposes. It is Certified That I have complied with all other legal requirements in this connection.

PD(823)A

सार्वजनिक सूचना

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री अनीस अहमद, खसरा संख्या 536 में से क्षेत्रफल 50 वर्ग गज, सी–ब्लॉक राजू पार्क, देवली रोड, खानपुर, नई दिल्ली मे स्थित निर्मित संपत्ति मकान नंबर सी–85 का मालिक है। GPA, ATS और वसीयत दिनांक 03.06.2004 के माध्यम से है, जो श्रीमती बिरो देवी द्वारा निष्पादित है, और उसी को एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कंपनी द्वारा वित्तपोषित किया जाना है। यदि किसी व्यक्ति के पास उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/स्वामित्व है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 07 दिनों के भीतर सूचित करें।

श्रीमती प्रसून लता और राहुल राज पाठक, अधिवक्ता
एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)
एफएफ18, लोटस पॉन्ड प्लाजा, वैभव खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, यूपी
ईमेल:sgassociatespl@gmail.com,फोन:7011172764, 01204440300

PUBLIC NOTICE

To be known to all that I, **Shama Malhotra** W/o Late R. K. Malhotra R/o **57-A, G/F, Pkt/BLK-B3, Lawrence Road, Keshav Puram, Delhi** owner of **DDA MIG Flat No 57-A.G.F Pkt/BLK-B3, Lawrence Road Keshav Puram, Delhi** has applied for conversion of the aforesaid flat from leasehold to freehold vide application No. **DDAHCA76344014** dated 20.09.2024 in DDA. That the **original document i.e. Mutation Letter,** of the above property have been lost, An FIR against this effect has been lodged in Police station. Any persons claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write contact with above named person at above address/phone no. 9311413664 with **15 days** from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director (MIG) or Director (H)-I, D-Block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.

PUBLIC NOTICE

NOTICE is hereby given that **Sushila Sharma** claims to be owner and in possession of **Ground Floor of Prop No. III-F/927, in Vaishali Ghaziabad, U.P (herein after called the said property)** by virtue of Sale Deed dated **06.06.2009,** Doc. No. 12990 and said **Sushila Sharma** agreed to create a mortgage in favour of our clients **IDFC First Bank Ltd, ITO Branch,** any person/s having claim against the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, lien or otherwise howsoever, are hereby intimated to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within **7days** from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned and our client shall proceed with the disbursement of loan and subsequent creation of mortgage in respect thereof.

Vishal Diwan (Advocate)
For Diwan and Company LLP
H. No.2 (LGF), NRI Complex New Delhi-19
Mobile No. 9818399999

सार्वजनिक सूचना

सभी को सूचित किया जाता है कि आवास बोर्ड हरियाणा द्वारा मकान नंबर /Flat No. House/ Flat No. 845/GF, Sector-11-14, Palwal श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री. चतर सिंह जीपीए के माध्यम से श्री. शिव कुमार पुत्र श्री. मनीराम निवासी मकान नं. गाँव- बघोला, तहसील एवं जिला- पलवल पलवल (हरियाणा) को पत्र क्रमांक नंबर 2658 दिनांक 16-8-2016 के द्वारा अलॉट हस्तांतरण हुआ था । अब उपरोक्त अलॉटी / ट्रांस्फरी / श्री कृष्ण कुमार पुत्र श्री. चतर सिंह जीपीए के माध्यम से श्री. शिव कुमार पुत्र श्री. मनीराम निवासी मकान नं. गाँव- बघोला, तहसील एवं जिला- पलवल पलवल (हरियाणा) उपरोक्त मकान को श्रीमती आरती पत्नी श्री शशीकांत निवासी मकान नं. 845/जीएफ, सेक्टर-11-14, पलवल के नाम हस्तांतरण करवाने हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है यदि किसी भी व्यक्ति को इस हस्तांतरण सम्बंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिन के अंदर साक्ष्य सहित इस कार्यालय में अपनी लिखित आपत्तियां दर्ज करा सकता है। यदि इस अवधि के दौरान इस कार्यालय में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो उपरोक्त मकान के हस्तांतरण की स्वीकृति प्रस्तुत के दस्तावेज़ के आधार श्रीमती आरती पत्नी श्री शशीकांत निवासी मकान नं. 845/जीएफ, सेक्टर-11-14, पलवल के हक़ में प्रदान कर दी जायेगी और इसके बाद इस हस्तांतरण के संबंध में कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जायेगी ।

सम्पदा प्रबंधक
आवास बोर्ड हरियाणा सेक्टर-7-A फरीदाबाद

PROCLAMATION REQUIRING THE APPEARANCE OF PERSON ACCUSED

(See Section 82)
CASE NO. 445/2018
RAM KISHAN ARORA VS AMJAD ALI

To,
AMJAD ALI
V-441, GALI NO. 28,
VIJAY PARK, MAUJPUR, DELHI

WHEREAS complaint has been made before me that Amjad Ali has committed (or is suspected to have committed) the offence punishable under section 138 NI ACT, and it has been returned to a Warrant of arrest thereupon issued that the said Amjad Ali cannot be found and whereas it has been shown to my satisfaction that the said Amjad Ali has absconded (or is concealing himself to avoid the service of the said warrant). Proclamation is hereby made that the said Amjad Ali is required to appear before this Court to answer the said complaint.

By Order
Ms. Sanghmitra
Metropolitan Magistrate-01
Room No.54 Distt. Shahdara
KKD Court Delhi-110032.

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
इंडियन बैंक
नारायणा शाखा, नई दिल्ली

परिशिष्ट – IV
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन इंडियन बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो का प्रयोग करते हुए हमारी **नारायणा शाखा** के उधारकर्ता **(1) मैसर्स एड सर्विसेज प्रोप. विशाल गुप्ता पुत्र जग मोहन गुप्ता (2) अग्रवाल पैकर्स प्रोप. श्रीमती विनीता गुप्ता पत्नी विशाल गुप्ता एवं गारंटर (1) श्रीमती विनीता गुप्ता पत्नी विशाल गुप्ता (2) श्री मुकेश अग्रवाल पुत्र जग मोहन गुप्ता (3) विशाल गुप्ता पुत्र जग मोहन गुप्ता** को एक मांग सूचना दिनांक **27.06.2024** को जारी की गई थी जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि **रु. 41,11,822/-** (रु. इकतालीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ बाईस मात्र) उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था। कर्जदार/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति का कब्जा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति पर दिनांक **03.10.2024** को कब्जा ले लिया है।

कर्जदार/गारंटर का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार /गारंटर तथा सामान्य रुप से जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन इंडियन बैंक, के प्रभार वास्ते बकाया राशि **रु. 41,11,822/-** (रु. इकतालीस लाख ग्यारह हजार आठ सौ बाईस मात्र) और भविष्य का ब्याज **इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि फ्लैट नं. 102, ऊपरी भूतल, सम्पत्ति नं. सी/35 पर निर्मित, क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा नं. 12 में से, मुस्तिल नं. 10, मंसा राम पार्क, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059 में स्थित, चौहद्दी: उत्तर में – प्लॉट नं. 34, दक्षिण में – प्लॉट नं. 36, पूरब में – फ्लैट नं. 101, पश्चिम में – 10फीट रोड़

दिनांक: 03.10.2024 | स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन बैंक)

इंडियन बैंक Indian Bank इलाहाबाद ALLAHABAD
इंडियन बैंक
नारायणा शाखा, नई दिल्ली

परिशिष्ट – IV
(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के अंतर्गत कब्जा सूचना (अचल संपत्ति हेतु)

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन इंडियन बैंक का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो का प्रयोग करते हुए हमारी **नारायणा शाखा** के उधारकर्ता **मैसर्स सिंघल ट्रेडिंग कंपनी प्रोपराईटर योगेश कुमार सिंघल पुत्र राज कुमार सिंघल एवं गारंटर (1) योगेश सिंघल पुत्र राज कुमार सिंघल (2) चित्रा जैन पत्नी योगेश सिंघल (3) कृष्णा देवी सिंघल** को एक मांग सूचना दिनांक **20.05.2024** को जारी की गई थी जिसमें सूचना मे उल्लेखित राशि **रु. 23,54,882/-** (रु. तेईस लाख चौवन हजार आठ सौ ब्यासी मात्र) उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर प्रति भुगतान करने को कहा गया था। कर्जदार/गारंटर उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा कर्जदार/गारंटर/बंधककर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने संपत्ति का कब्जा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8 और 9 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित संपत्ति पर दिनांक **03.10.2024** को कब्जा ले लिया है।

कर्जदार/गारंटर का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

विशेष रूप से कर्जदार/गारंटर तथा सामान्य रुप से जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्तियो के साथ लेन–देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन इंडियन बैंक, के प्रभार वास्ते बकाया राशि **रु. 23,54,882/-** (रु. तेईस लाख चौवन हजार आठ सौ ब्यासी मात्र) और भविष्य का ब्याज **इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

अचल सम्पत्ति का विवरण

सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि प्लॉट नं. सी–100 एम, तीसरी मंजिल (छत के अधिकार सहित) सैनिक नगर, नजफगढ़ रोड, उत्तम नगर, नई दिल्ली–110059, यह सम्पत्ति चित्रा जैन और कृष्णा देवी सिंघल के नाम पर है। चौहद्दी: उत्तर में – प्लॉट सं. सी–99 मी., दक्षिण में – प्लॉट सं. सी–101 मी., पूरब में – लेन 10 फीट, पश्चिम में – लेन 30 फीट

दिनांक: 03.10.2024 | स्थान: नई दिल्ली — प्राधिकृत अधिकारी (इंडियन बैंक)

पूर्व बिक्री वाहन नोटिस

बिना किसी पूर्वाग्रह के
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

KMBL/RARDW/AGR7145040/पूर्व बिक्री — तारीख: 04 अक्टूबर, 2024
प्रति:
श्रीमती गीता सोलंकी के कानूनन उत्तराधिकारी
C-306, शिव पुरी, केदार नगर, आगरा, उत्तर प्रदेश 282010

***विषय: *ऋण अनुबंध संख्या LAAGR00007145040 के लिए पूर्व बिक्री वाहन नोटिस**

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड इस पूर्व बिक्री वाहन नोटिस को प्रेषित करता है, जो वाहन ह्युंडई सैंट्रो पंजीकरण संख्या UP80AV8823 के वाहन से संबंधित है, जो मूल रूप से ICICI बैंक लिमिटेड के साथ ऋण अनुबंध संख्या LAAGR00007145040 के अंतर्गत है।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने हस्तांतरण पत्र दिनांक 31 दिसंबर, 2007 के माध्यम से उक्त ऋण खाते और ऋण वसूली बावत अधिकारों का अधिग्रहण किया है और ऋणीगण पर आज दिनांक 04.10.2024 तक कुल बकाया ऋण राशि रू. 17,18,900/– है।

यह कि बकाया ऋण राशि विभिन्न अनुस्मारकों के बावजूद किश्तों के भुगतान में चूक के कारण देय है।

उपरोक्त वाहन को 11 फरवरी, 2016 को निरंतर डिफ़ॉल्ट के कारण कानूनी रूप से कब्जे में ले लिया गया था। श्रीमती गीता सोलंकी के कानूनन वारिसान/उत्तराधिकारियों से अनुरोध है कि वे इस नोटिस की प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करें, ताकि वे वाहन को पुनः प्राप्त कर सकें। यदि अनुपालन नहीं किया जाता है, तो वाहन को "जैसा है, जहां है" के आधार पर बेचा जाएगा, और प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग बकाया राशि के निपटान के लिए किया जाएगा।

यदि बिक्री की आय बकाया से अधिक है, तो शेष राशि कानूनी उत्तराधिकारियों को वापस कर दी जाएगी, जबकि किसी भी कमी को तुरंत निपटाया जाना चाहिये। यह नोटिस कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अन्य अधिकारों या उपचारों को समाप्त नहीं करता है जो कि ऋण दस्तावेजों या लागू कानूनों के तहत बनाए रखा जा सकता है।

यदि आपके पास कोई प्रश्न या सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया कोटक महिंद्रा बैंक, आगरा में श्री विनोद शर्मा से फोन नंबर 7302980350 पर संपर्क करें।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 27 BKC, C 27, G Block, बांद्रा कुर्ला परिसर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051
शाखा कार्यालय: E–12/8, 5वीं मंजिल, श्री वृंदावन टॉवर, संजय प्लेस, आगरा, उत्तर प्रदेश 282002

पूर्व बिक्री वाहन नोटिस

बिना किसी पूर्वाग्रह के
कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड

KMBL/RARDW/DEL3924805/पूर्व बिक्री — तारीख: 04 अक्टूबर, 2024
प्रति:
शीला पन्नू (ऋणी)
पता– डी–38, राजधानी पार्क दिल्ली– 110041

***विषय: *ऋण अनुबंध संख्या LADEL00003924805 के लिए पूर्व बिक्री वाहन नोटिस**

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड इस पूर्व बिक्री वाहन नोटिस को प्रेषित करता है, जो वाहन TATA INDICA DLS पंजीकरण संख्या HR12G6165 के वाहन से संबंधित है, जो मूल रूप से ICICI बैंक लिमिटेड के साथ ऋण अनुबंध संख्या LADEL00003924805 के अंतर्गत है।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने हस्तांतरण पत्र दिनांक 31 दिसंबर, 2007 के माध्यम से उक्त ऋण खाते और ऋण वसूली बावत अधिकारों का अधिग्रहण किया है और ऋणीगण पर आज दिनांक 04.10.2024 तक कुल बकाया ऋण राशि रू. 13,41,171/– है।

यह कि बकाया ऋण राशि विभिन्न अनुस्मारकों के बावजूद किश्तों के भुगतान में चूक के कारण देय है।

उपरोक्त वाहन को 27 फरवरी, 2011 को निरंतर डिफ़ॉल्ट के कारण कानूनी रूप से कब्जे में ले लिया गया था। श्रीमती शीला पन्नू से अनुरोध है कि वे इस नोटिस की प्राप्ति के 7 दिनों के भीतर बकाया राशि का भुगतान करें, ताकि वे वाहन को पुनः प्राप्त कर सकें। यदि अनुपालन नहीं किया जाता है, तो वाहन को "जैसा है, जहां है" के आधार पर बेचा जाएगा, और प्राप्त होने वाली राशि का उपयोग बकाया राशि के निपटान के लिए किया जाएगा।

यदि बिक्री की आय बकाया से अधिक है, तो शेष राशि कानूनी उत्तराधिकारियों को वापस कर दी जाएगी, जबकि किसी भी कमी को तुरंत निपटाया जाना चाहिये। यह नोटिस कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के अन्य अधिकारों या उपचारों को समाप्त नहीं करता है जो कि ऋण दस्तावेजों या लागू कानूनों के तहत बनाए रखा जा सकता है।

यदि आपके पास कोई प्रश्न या सहायता की आवश्यकता है, तो कृपया कोटक महिंद्रा बैंक, आगरा में श्री विपिन गोस्वामी से फोन नंबर 9582795982 पर संपर्क करें।

कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालय: 27 BKC, C 27, G Block, बांद्रा कुर्ला परिसर, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051
शाखा कार्यालय: G-9, विकास पूरी नई दिली 1100181

हरियाणा चुनाव
कांटे की टक्कर

हरियाणा चुनाव में कांटे की टक्कर है। भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने तथा कांग्रेस विद्रोहियों ने अनिश्चितता बढ़ाई है। 5 अक्टूबर, 2024 को चुनाव में हरियाणा का राजनीतिक परिदृश्य जबरदस्त टकराव तथा गठबंधनों में बदलाव से परिभाषित हो रहा है। यह चुनाव भारतीय जनता पार्टी-भाजपा के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जिसने 2019 में दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी-जजपा के समर्थन से सरकार बनाई थी, पर अब वह अकेले चुनाव मैदान में उतरी है। भाजपा-जजपा गठबंधन टूटने से भाजपा को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उसे चुनाव तक अल्पमत सरकार चलानी पड़ी है। अपने पूर्व सहयोगी जजपा के अलग होने के बाद सत्तारूढ़ भाजपा अपने विकास एजेंडे पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। वह जनता को गिना रही है कि उसने ढांचागत विकास, शिक्षा तथा महिलाओं की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण काम किए हैं। लेकिन पार्टी को खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जहां कृषि सुधार जैसे मुद्दों पर भारी विरोध था। कांग्रेस स्वयं को भाजपा के मुख्य विकल्प के रूप में पेश कर रही है। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में पार्टी को ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर जाट मतदाताओं में व्यापक समर्थन मिलने की उम्मीद है और वह भाजपा सरकार के प्रति कथित असंतोष का लाभ उठाने का प्रयास कर रही है।

दुष्यंत चौटाला अपनी पार्टी का अलग विमर्श बनाने के लिए स्वयं की भाजपा की नीतियों से दूरी बना रहे हैं तथा 'किसान-हितैषी सुधारों' की पैरवी कर रहे हैं।

हरियाणा में पूरे जोश के साथ चुनाव मैदान में उतरी आम आदमी पार्टी-'आप' अनिश्चितता और बढ़ा रही है। 'आप' पड़ोसी पंजाब में मिली सफलता यहां दुहराना चाहती है। पार्टी मुख्यत: शहरी मतदाताओं को संबोधित करते हुए स्वास्थ्यरक्षा, शिक्षा और भ्रष्टाचार-विरोधी कदमों पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। पिछले वर्षों में मजबूत पार्टी रही भारतीय राष्ट्रीय लोकदल-इनेलोद ने अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी-बसपा से हाथ मिलाया है। हरियाणा में कृषि क्षेत्र केन्द्रीय मुद्दा बना हुआ है। यह नए कृषि कानूनों पर किसानों के विरोध प्रदर्शनों से पैदा हुआ जिनको अब वापस ले लिया गया है। लेकिन सरकार के प्रति किसानों का गुस्सा अभी पूरी तरह ठंडा नहीं हुआ है। विपक्षी पार्टियां, खासकर कांग्रेस और जजपा इसका प्रयोग कर ग्रामीण मतदाताओं को लामबंद करने का प्रयास कर रही हैं। इसके साथ ही हरियाणा में भारत की सर्वाधिक बेरोजगारी दर है। भाजपा और कांग्रेस ने इसे हल करने का वादा किया है। भाजपा जहां अपनी औद्योगिक पहलें गिना रही है, वहीं कांग्रेस नई रोजगार नीतियों का प्रस्ताव कर रही है। इन सबके साथ ही राज्य में 'जातीय राजनीति' का दबदबा है जो सत्ता का निर्धारण करती है। परंपरागत जाट-गैर जाट विभाजन हरियाणा का राजनीतिक परिदृश्य परिभाषित करता है। भाजपा को परंपरागत रूप से गैर-जाट समुदायों का समर्थन मिलता रहा है, लेकिन उसके सामने इस जनाधार को मजबूत करने की चुनौती है। जजपा और कांग्रेस मुख्यत: जाट मतदाताओं पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं। जातीय गणित हमेशा हरियाणा के राजनीतिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण रही है। इसने मतदाताओं के व्यवहार और चुनाव परिणामों को प्रभावित किया है। हरियाणा की जनसंख्या में 25-30 प्रतिशत जाट सर्वाधिक प्रभावशाली राजनीतिक जाति समूह हैं। हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस जाट तथा गैर-जाट के बीच खाई पाटने के लिए शहरी-ग्रामीण विकास योजनाओं पर ध्यान दे रही है, लेकिन उसे विद्रोहियों का सामना करना पड़ रहा है। 'जातीय गणित' का प्रबंधन करने वाले दल को ही राज्य में सत्ता मिलेगी।

एकात्म मानववाद : आदर्श एवं चुनौतियां

भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्यय की 108वीं जन्म जयंती मना रही है। उसके सामने 'एकात्म मानववाद' के आदर्शों तथा आधुनिक प्रशासन के बीच संगति बैठाने की चुनौतियां हैं।

के.एस. तोमर
(लेखक, राजनीति विश्लेषक हैं)

भारतीय जनता पार्टी -भाजपा आजकल दीनदयाल उपाध्यय की 108वीं जन्म जयंती मना रही है। उसके सामने 'एकात्म मानववाद' आदर्शों तथा आधुनिक प्रशासन के बीच संगति बैठाने की चुनौतियां हैं। भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा 'एकात्म मानववाद' की अवधारणा व आदर्श पेश करने वाले स्वर्गीय दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जन्म जयंती मनाई जा रही है। ऐसे में भाजपा के सामने चुनौती है कि वह इस दूरदर्शी आदर्श के अनुकूल स्वयं को कहां तक ढाल पाती है और इसे लागू करने में कहां तक सफल होती है। दीनदयाल उपाध्याय के 'एकात्म मानववाद' दर्शन में विकास के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसमें मनुष्य की बेहतरी को ध्यान में रखते हुए विकेन्द्रीकरण, स्वदेशी संस्कृति, आत्मनिर्भरता तथा नैतिक प्रशासन पर जोर दिया गया है।

हालांकि, भाजपा ने इन सिद्धान्तों को अवधारणात्मक रूप से स्वीकार किया है, पर उनको दिन-प्रतिदिन के शासन-प्रशासन में स्थापित करना व्यावहारिक रूप से कठिन चुनौती है। इस अवधारणा को लागू करने के लिए आर्थिक आदर्शों को आधुनिक नीतियों के साथ रख कर देखना जरूरी है। दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक आत्मनिर्भरता तथा विकेन्द्रीकरण के सिद्धान्तों की भारत की वर्तमान स्थितियों से सामंजस्य बैठाना जटिल है। वर्तमान 'वैश्वीकृत' दुनिया में भारत की नीतियां पूंजी-संचालित अर्थनीति पर आधारित हैं। इन नीतियों का प्रारंभ 1990 के दशक में अपनाये गए उदारीकरण सुधारों से हुआ था जिनके केन्द्र में 'उदारीकरण, निजीकरण व वैश्वीकरण'-एलपीजी नीतियां थीं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ऐसी आर्थिक नीतियों पर ध्यान केन्द्रित किया है जिनसे प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई, मुक्त बाजार सुधारों तथा निजीकरण को बढ़ावा मिले। आलोचकों का तर्क है कि इनका दीनदयाल उपाध्याय की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्थ की अवधारणा से टकराव है क्योकि इसमें ग्रामीण व स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन, जमीनी स्तर पर रोजगारों के सृजन तथा विदेशी पूंजी पर निर्भरता घटाने को केन्द्र में रखा गया है। सरकार ने स्वदेशी संस्कृति और वैश्वीकरण के बीच संतुलन बनाने का प्रयास किया है। दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की स्वदेशी संस्कृति के संरक्षण तथा प्रोत्साहन की पैरवी की थी। हालांकि, इसके साथ देश की आधुनिक प्रगति को भी जोड़ा गया था। इनके बीच संतुलन बनाना भाजपा के लिए आसान काम नहीं है।

राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा सांस्कृतिक गौरव, राष्ट्रवाद तथा परंपरागत मूल्यों पर जोर देती है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए उसने विश्व मंच पर आयुर्वेद व योग जैसी पहलों को बढ़ावा देने के अभूतपूर्व कदम उठाए हैं। लेकिन आधुनिक जीवनशैली प्रवृत्तियों के उभार तथा तकनीकों के विकास के कारण भारत विश्व अर्थव्यवस्था से तेजी से जुड़ रहा है। ऐसे में उन गहरी सांस्कृतिक जड़ों पर प्रभाव पड़ सकता है जिनकी पैरवी दीनदयाल उपाध्याय ने की थी। भाजपा द्वारा विशिष्ट 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' के विकास पर भी अनेक आलोचक सवाल उठाते हैं। उनका कहना है कि इससे दीनदयाल उपाध्याय के 'समावेशी दृष्टिकोण' से ध्यान हट सकता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के समक्ष नैतिक प्रशासन को बढ़ावा देने तथा शासन-प्रशासन से भ्रष्टाचार समाप्त करने की कठिन चुनौती है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में नैतिक प्रशासन पर जोर दिया गया था जिसके प्रमुख तत्व निष्ठा, ईमानदारी तथा जनता की सेवा है। हालांकि, पिछले दशक में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार तथा भाजपा व राजग की राज्य सरकारों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रामक अभियान छेड़ा है और मोदी समेत सभी भाजपा नेता स्वयं को 'स्वच्छ प्रशासन' का पैरोकार मानते हैं। लेकिन इसके बावजूद आलोचकों तथा विपक्षी दलों ने पार्टी पर भ्रष्टाचार, दरबारी पूंजीवाद तथा बड़े निगमों का पक्ष लेने के आरोप लगाए हैं। ऐसे आरोप मुख्यत: भूमि अधिग्रहण नीतियों तथा निजीकरण के बारे में हैं। इनसे दीनदयाल उपाध्याय के नैतिक आदर्शों के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता पर भी आलोचक सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, विपक्ष भाजपा के खिलाफ ऐसे आरोपों को अदालतों में पुष्ट नहीं कर सका है।

भाजपा के समक्ष समावेशी समाज बनाने की चुनौती भी है। भारतीय जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय ने समावेशी समाज बनाने की पैरवी की थी जिसका अर्थ सभी समुदायों की आवश्यकतायें पूरी करना तथा सामाजिक व धार्मिक विभाजनों से ऊपर उठ कर सामंजस्य व सद्भावना सुनिश्चित करना है। भाजपा का दावा है कि उसने अपनी विभिन्न विकास योजनाओं में सामाजिक व धार्मिक विभाजनों पर ध्यान नहीं दिया है, पर आलोचकों का आरोप है कि भाजपा विभाजनकारी नीतियां, खासकर धार्मिक आधार पर अपना रही है। हिंदुत्व-संचालित नीतियों तथा समावेशन व सामाजिक सामंजस्य के विचारों के बीच संतुलन बैठाना भाजपा के लिए एक प्रमुख चुनौती बना हुआ है। इसका संबंध कथनी और करनी में अंतर से भी है।

दीनदयाल उपाध्याय का सर्वाधिक महत्वपूर्ण सिद्धान्त 'अंत्योदय', यानी समाज के अंतिम व्यक्ति की प्रगति था। अंत्योदय का उद्देश्य समाज के सर्वाधिक हाशियाकृत की प्रगति सुनिश्चित करना है। भाजपा ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र पर सर्वाधिक ध्यान दिया है। 'पीएम उज्जवला योजना' से ग्रामीण परिवारों को एलपीजी, 'पीएम आवास योजना' से गरीबों को सस्ते मकान तथा 'स्वच्छ भारत अभियान' से सफाई में सुधार के काम किए गए हैं। भाजपा ने अनेक अभियानों के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आगे बढ़ाने का काम किया है जिनमें विश्व स्तर पर 'योग दिवस' मनाना, भारतीय भाषाओं का विकास तथा भारत की ऐतिहासिक उपलब्धियों को उजागर करना शामिल है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन में 'राजनीतिक विकेन्द्रीकरण' का महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। इसका उद्देश्य प्रशासन को लोगों के निकट लाना सुनिश्चित करना है। भाजपा ने 'सहयोगी संघवाद', जीएसटी तथा नीति आयोग के गठन जैसे कदम इस दिशा में उठाए हैं। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी तथा जनधन योजना ने नागरिकों का सशक्तीकरण सुनिश्चित करने के लिए बिचौलियों को हटाया है। इससे सब्सिडी तथा कल्याणकारी योजनायें सीधे लोगों तक पहुंची हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी के समय शुरू की गई 'आत्मनिर्भर भारत' पहल के माध्यम से दीनदयाल उपाध्याय के आत्मनिर्भरता सिद्धान्त पर जोर दिया गया है। इसके माध्यम से स्थानीय विनिर्माण तथा घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने के साथ ही विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता घटाने के प्रयास किए गए हैं। इस प्रकार 'मेक इन इंडिया' पहल दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन के अनुरूप है। इसके माध्यम से घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ ही रोजगार सृजन को बढ़ावा मिला है। लेकिन वर्तमान समय में आधुनिक अर्थव्यवस्था का वैश्वीकृत चरित्र है। इसे देखते हुए पूर्णत: ऐसी आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना बहुत कठिन तथा चुनौतीपूर्ण है जिसका विश्व अर्थव्यवस्था तथा दूसरे देशों से कोई संबंध न हो।

भारतीय जनसंघ के संस्थापक तथा महान भारतीय दार्शनिक दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को जमीन पर उतारने का प्रयास जारी है। दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन को जमीन पर उतारने के प्रयास में सत्तारूढ़ भाजपा को अनेक सफलतायें मिली हैं, पर उसके समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। हालांकि, भाजपा को राष्ट्रवाद, आत्मनिर्भरता तथा अंत्योदय को बढ़ावा देने में अनेक अभूतपूर्व व असाधारण उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, पर उसे सच्चा आर्थिक विकेन्द्रीकरण लाने, शासन-प्रशासन को पूर्णत: नैतिक बनाने तथा सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा देने में काफी बाधाओं का सामना भी करना पड़ रहा है। आधुनिक प्रशासन की जटिलतायें, वैश्विक आर्थिक एकीकरण तथा राजनीतिक रणनीतियां अक्सर भाजपा को दीनदयाल उपाध्याय के दर्शन से थोड़ा विचलित करती हैं। लेकिन 'एकात्म मानववाद' के आदर्श पार्टी के समक्ष प्रकाश स्तंभ की तरह हैं जिससे वह दार्शनिक आदर्शों तथा समकालीन यथार्थ के बीच बेहतर संतुलन स्थापित कर बेहतर भारत बनाने का प्रयास कर रही है।

वैश्विक व्यवस्था का पुनर्संतुलन

इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते मिसाइल हमले पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय स्थिरता के लिए खतरा हैं।

कुमारदीप बनर्जी
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)

भारत के विस्तारित पड़ोस में बढ़ते हालात क्षेत्र की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे हैं। हाल ही में इजरायल द्वारा हिजबुल्लाह के कई शीर्ष कमांडरों को मार गिराया जाना, खास तौर पर इसके शीर्ष नेता हसन नसरल्लाह की हत्या, और इजरायली क्षेत्र पर ईरानी मिसाइलों की बारिश से पश्चिम एशिया में संकट बढ़ने की संभावना है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्थिति की संवेदनशीलता को समझा और तुरंत अपने इजरायली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू को फोन किया।

भारतीय प्रधानमंत्री का इजरायल को संदेश था कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई बेहद जरूरी है, आतंकवाद के किसी भी रूप और अभिव्यक्ति के लिए कोई जगह नहीं है और भारत शांति और स्थिरता की जल्द बहाली का समर्थन करने के लिए तैयार है। पिछले महीने न्यूयॉर्क में फ्यूचर समिट के दौरान प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से मुलाकात की थी। बैठक के बाद जारी एक प्रेस बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री ने इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की समय-परीक्षित सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया और युद्ध विराम, बंधकों की रिहाई और बातचीत और कूटनीति के रास्ते पर लौटने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल दो राष्ट्र समाधान ही क्षेत्र में स्थायी शांति और स्थिरता प्रदान कर सकता है।

यह याद करते हुए कि भारत फिलिस्तीन को मान्यता देने वाले पहले देशों में से एक था, उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में फिलिस्तीन की सदस्यता के लिए भारत के निरंतर समर्थन से अवगत कराया। जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका में कई वैश्विक नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठक कर रहे थे, तब बांग्लादेश की अंतरिम

सरकार के नवनियुक्त प्रमुख मुहम्मद यूनुस को पश्चिमी नेताओं से बहुत जरूरी प्रशंसा मिल रही थी। यूनुस ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन, अमेरिकी विदेश मंत्री, कनाडाई प्रधानमंत्री, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष, विश्व बैंक और एडीबी के प्रमुखों से मुलाकात की। उन्होंने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ असामान्य रूप से गर्मजोशी से मुलाकात की, जहां उन्होंने अपने द्विपक्षीय संबंधों को गहरा करने और क्षेत्रीय निकाय सार्क को पुनर्जीवित करने की इच्छा व्यक्त की। भारत के लिए, ये संबंध संभावित रूप से पाकिस्तान और चीन को बांग्लादेश के साथ इस नए-नए दोस्ताना संबंध का उपयोग भारत के खिलाफ अपने विध्वंसक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं।

लगभग उसी समय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी पॉलिसी इंस्टीट्यूट में अपने भाषण में वैश्विक व्यवस्था को फिर से संतुलित करने पर बात की। उन्होंने कहा, वैश्विक व्यवस्था को फिर से संतुलित करना, जिसकी शुरुआत संयुक्त राष्ट्र के 51 संस्थापक सदस्यों से हुई थी, जो पिछले आठ दशकों में चौगुनी हो गई है, जहां आपके पास न केवल दुनिया में अधिक स्वतंत्र देश हैं, बल्कि वैश्विक व्यवस्था के व्यक्तिगत सदस्यों का आर्थिक, राजनीतिक और यहां तक कि जनसांख्यिकीय भार भी स्थानांतरित हो गया है, एक ऐसे बिंदु पर स्थानांतरित हो गया है जहाँ हममें से कई लोग मानते हैं कि आज हम वास्तव में एक मोड़ पर हैं, मंत्री ने विकसित हो रही वैश्विक व्यवस्था को परिभाषित करने की कोशिश करते हुए एक ही संबोधन में बहुध्रुवीयता और बहुलवाद को सावधानी से लाया।

उन्होंने कहा, आज, हम वास्तव में एक वैश्विक परिदृश्य को देख रहे हैं जो बहुत अधिक क्षेत्रीय है, जो, जैसा कि मैंने कहा, उन देशों द्वारा अधिक विशेषता है जिनके अपने मजबूत हित हैं और जो उस हित को आगे बढ़ाने की क्षमता रखते हैं। और इसलिए हम दुनिया के संदर्भ में जो कुछ भी देखते हैं, वह वास्तव में यह है कि दुनिया की अभिसरण की राजनीति वास्तव में कैसे होती है। और एक तीसरा शब्द जो मेरे दिमाग में आता है वह है बहुपक्षीयता। यह एक बहुत ही भद्दा शब्द है, लेकिन यह एक तरह से द्विपक्षीय संबंधों से परे एक ऐसी दुनिया का वर्णन करता है, जो बहुपक्षीय से कम है।

वह जहां देश इन अभिसरण और ओवरलैप के आधार पर संयोजन बनाते हैं, जिनके बारे में मैंने बात की है। और आपके पास वास्तव में देशों के समूहों की यह घटना है जो अक्सर एक सीमित एजेंडे के लिए एक साथ आते हैं, कभी-कभी अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए एक सहमत थिएटर में।

हाल की वैश्विक घटनाएं और इनमें से कई पर भारत का मापा हुआ रुख वही दर्शाता है जिसके बारे में विदेश मंत्री ने न्यूयॉर्क में बात की थी, और एक पुनर्संतुलन चल रहा है।

आप की बात

नशे का व्यापार

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल ने 562 किलो कोकेन पकड़ी जो अब तक की सबसे बड़ी जब्ती है और जिसकी कीमत 6.5 हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। दिल्ली पुलिस की यह उपलब्धि उल्लेखनीय है। भारत में नशे के व्यापार और अवैध उपयोग पर सख्त पाबंदी है। इसके बावजूद आए दिन नशीले पदार्थ बड़ी मात्रा में पकड़े जा रहे हैं और यह व्यापार अरबों रुपए का हो गया है। स्पष्ट है कि इसके लिए बहुत बड़ा अंतरराष्ट्रीय गिरोह सक्रिय है। नशे के व्यापार का काफी पैसा आतंकवादियों की जेब में जाता है जिससे देश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होती है। रेव पार्टी के नाम पर युवकों को नशे का आदी बनाया जा रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग का पूरा अमला लगा हुआ है जिसे विभिन्न एजेंसियों का सहयोग मिलता है। इसके बावजूद युवकों में नशाखोरी बढ़ती जा रही है। कई युवा इतने ड्रग एडिक्ट हो चुके हैं कि नशे के लिए पैसा जुटाने हेतु आपराधिक गतिविधियां करने लगते हैं। इनके कारण चोरियों व अन्य आपराधिक घटनायें बढ़ती जा रही है। इन सब के लिए नशे का व्यापार जिम्मेदार है। सरकार अपना काम कर रही है मगर नौजवानों को नशाखोरी की लत से बचाने के लिए परिवार तथा समाज को भी अपना दायित्व पूरी जिम्मेदारी से निभाना होगा।

-सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम

जातिगत भेदभाव

विडंबना है कि 78 साल की आजादी के बाद भी देश के कुछ राज्यों में ऐसी कारागार नियमावली है जहां जाति के आधार पर बैरक आबंटित की जाती है और काम दिया जाता है। इन कारागार नियमावलियों के अनुसार बंदी या हिरासती की जाति का उल्लेख जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय में देश के 11 राज्यों में जारी भेदभाव पर आधारित जेल नियमावली को निरस्त करने का आदेश दिया है। उसने तीन महीने में आवश्यक संशोधन का आदेश भी दिया है ताकि औपनिवेशिक काल के जातिगत भेदभाव वाले इन प्राविधानों को समाप्त किया जा सके। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय अत्यंत प्रशंसनीय है और इसे एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जाना चाहिए। इस प्रकरण से स्पष्ट है कि देश में अब भी अनेक ऐसे औपनिवेशिक कानून मौजूद हैं जिनको तुरन्त समाप्त किया जाना चाहिए। जातिगत भेदभाव के सभी रूपों तथा अश्पृश्यता की घटनाओं को पूरी तरह समाप्त करने के लिए शासन-प्रशासन और न्यायपालिका के साथ ही राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों को पहल करनी चाहिए। जातिगत भेदभाव वाले ऐसे सभी प्राविधानों को समाप्त करना विकसित भारत तथा स्वस्थ समाज बनाने हेतु अनिवार्य है।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

युद्ध का विस्तार

हिज्बुल्ला प्रमुख के मारे जाने के बाद ईरान ने इजरायल पर बड़े पैमाने पर मिसाइल हमले किए हैं। इजरायल भी पूरी मजबूती के साथ हमलों का जवाब दे रहा है। उसका कहना है कि वह इस समय सात दुश्मनों से एक साथ लड़ रहा है और वह सबको तबाह करके रहेगा। अमेरिका तथा पश्चिमी देश इस युद्ध में इजरायल के साथ हैं, लेकिन वे भी अनेक कारणों से युद्ध का विस्तार नहीं चाहते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध जारी रहने तथा पश्चिम एशिया में युद्ध का विस्तार होने से विश्व अर्थव्यवस्था पर भारी नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा जो पहले से ही अनेक संकटों का सामना कर रही है। अमेरिका में अगले महीने होने वाले चुनाव के दृष्टिकोण से भी डेमोक्रेट व रिपब्लिकन किसी प्रकार इजरायल व यहूदियों के समर्थन से पीछे हटना नहीं चाहते हैं। लेकिन युद्धविराम करवाना वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए आसान नहीं है। एक साल पहले इजरायल पर हुआ हमला द्वितीय विश्वयुद्ध के समय यहूदियों के नरसंहार के बाद सबसे बड़ा हमला था। इजरायल की जनता तथा सरकार इस बार अपने दुश्मनों का इस सीमा तक सफाया कर देना चाहते हैं कि वे उसके लिए निकट भविष्य में खतरा न बन सकें। वर्तमान स्थिति अत्यन्त जटिल है।

- विभूति बुपक्या, खाचरोद

पैसे की गुलामी

फिल्मी गीत-ना बाप बड़ा ना भैया, सबसे बड़ा रुपैया बहुत मशहूर हुआ था। आज के समय में भी यह पूरी तरह प्रासंगिक है और शायद भविष्य में भी रहेगा। पैसा ही सब कुछ हो गया है और पैसे के लिए अनेक लोगों ने अपनी विश्वसनीयता व नैतिकता की लक्ष्मण रेखा तोड़ दी है। एक अस्पताल की नर्स ने महज 5100 रुपए का नेग न मिलने पर एक नवजात शिशु की जान ले ली। इसी तरह दो युवकों ने डेढ़ लाख रुपए के आईफोन मंगवाकर डिलीवरी ब्वाय की हत्या कर दी। बहुत अफ़सोस की बात है कि रुपए पैसों के आगे इंसान की कीमत घास के तिनके से भी गई बीती हो गई है। कहा जाता है कि पहले हमारे देश में दया, करुणा व विश्वास की संस्कृति थी, लेकिन अब पैसे की गुलामी के चलते उसकी हत्या हो रही है। हालांकि, अब भी लोगों के खोए पैसे उनको तलाश कर लौटाने तथा पैसे के लालच में न पड़ कर अपरिचित लोगों की सेवा और उनकी रक्षा करने वाले लोग हैं, पर ऐसी सकारात्मक खबरें अक्सर खो जाती हैं। हमें ऐसे लोगों को सम्मान देना चाहिए।

-हेमा हरि उपाध्याय, खाचरोद

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते हैं।

पुलिस कार्मिकों को मिलेगा ई-पेंशन प्रणाली का लाभ

● कहा, किसी भी संवर्ग का कार्मिक हो, समय से पदोन्नति मिले

● पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का परिणाम इस माह के अंत तक जारी करने की तैयारी करें

सीएम योगी ने एडीजी स्तर के अफसरों के साथ की विशेष बैठक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस कार्मिकों को 'ई-पेंशन' से जोड़ने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर पुलिस कार्मिक को समय पर पदोन्नति मिले, उनकी चरित्र पंजिका पर सही विवरण अंकित हो, उनकी योग्यता और प्रतिभा के अनुरूप पदस्थापना मिले और सेवानिवृत्ति के समय देयकों का भुगतान समय से हो, यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पुलिस कार्मिकों को आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराने और बेहतरीन प्रशिक्षण के लिए व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के भी निर्देश दिए हैं।

शुक्रवार को अपर पुलिस महानिदेशक स्तर के सभी अधिकारियों के साथ विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने एक- एक कर सभी एडीजी से उनकी वर्तमान पदस्थापना अवधि में किये गए कार्यों, अपनाए गए नवाचारों और उपलब्धियों के बारे में जानकारी ली। विशेष बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की सभी इकाइयों के बीच बेहतर संवाद और समन्वय होना चाहिए। लॉजिस्टिक इकाई हो, अभिसूचना इकाई हो अथवा, एसआईटी, क्राइम, पीआरवी 112 आदि, इकाइयां भले ही अलग-अलग हैं लेकिन सभी का लक्ष्य एक ही है, प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखना। इसलिए सभी के बीच बेहतर तालमेल होना आवश्यक है। वरिष्ठ अधिकारी समय पर कार्यालय आएं। किसी भी कार्यालय में कोई फाइल तीन दिन से अधिक लंबित न हो। यदि किसी तरह की समस्या हो तो डीजीपी कार्यालय, गृह विभाग अथवा सीधे मुझसे समय लेकर मिल सकते हैं, लेकिन अनिर्णय की स्थिति न होनी चाहिए। फाइल लंबित नहीं रहनी चाहिए। बहुत सारी इकाइयों में फील्ड विजिट बढ़ाये जाने की आवश्यकता है। एडीजी स्तर के अधिकारी के जिलों में जाने से अच्छा अधीनस्थ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जिलों में जाएं अपनी इकाई से जुड़े कामकाज की समीक्षा करें, जहां सुधार की आवश्यकता हो, उस अनुरूप काम किया जाए। पुलिस बल में लॉजिस्टिक्स का अभाव न हो। समय-समय पर इसकी समीक्षा करते रहें। हमारा पुलिस बल आधुनिक उपकरणों से लैस होनी चाहिए। अभी 40 अश्वों की आवश्यकता और है, कुंभ में इसकी आवश्यकता पड़ेगी। इनकी क्रय और प्रशिक्षण की प्रक्रिया यथाशीघ्र पूरी की जाए। प्रदेश में पहली बार होने जा रही कंडम वीपन्स के निस्तारण की प्रक्रिया को सावधानी से पूरा किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ साइबर क्राइम की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं। हमें इसके लिए हर स्तर पर सतर्क होना होगा। साइबर फ्रॉड के संबंध में जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। शिक्षक, उद्यमियों, व्यापारियों, चिकित्सकों सहित अलग-अलग वर्गों के साथ समय-समय पर गोष्ठियां की जाएं, लोगों को साइबर अपराध की घटनाओं से अवगत कराएं, सुरक्षा के तौर-तरीकों से अवगत कराएं।

सभी जिलों में साइबर क्राइम थाने स्थापित किये जा रहे हैं। इनके भवन निर्माण की कार्यवाही में अनावश्यक देर न की जाए। आवश्यकतानुसार मानव संसाधन की व्यवस्था करें। भारत सरकार द्वारा साइबर फॉरेंसिक लैब की स्थापना का प्रस्ताव है। इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करें। हर जिले के हर थाने में साइबर हेल्प डेस्क क्रियाशील रखें। किसी भी तरह की शिकायत मिलने पर तत्काल रिस्पॉन्स होना चाहिए। फ़ॉरेंसिक इंस्टिट्यूट, लखनऊ को साधन-संपन्न बनाने के लिये सरकार हर आवश्यक सहयोग देगी। इसके निर्माण संबंधी अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र पूरा कराएं। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में लागू तीनों नए कानून अब पूरी तरह अमल में आ चुके हैं। इस संबंध में विधिवत प्रशिक्षण जारी रखा जाए। हाल के दिनों में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर, रॉड आदि चीजें मिली हैं। इसी तरह ट्रेनों पर पत्थर फेंके जाने की घटनाएं भी हुई हैं। यह चिंताजनक है। इसके लिए जीआरपी, आरपीएफ, रेलवे प्रशासन और सिविल पुलिस को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। लोकल इंटेलिजेंस को और मजबूत किया जाना चाहिए। मृतक आश्रितों के प्रकरण में आश्रित की आयु को ध्यान में रखते हुए नियमों में बदलाव पर विचार किया जाना चाहिए। फिजिकल परीक्षण के नियम व्यावहारिक होने चाहिए। मृतक आश्रितों के प्रकरण का तय समय सीमा के भीतर निस्तारित होना सुनिश्चित करें।

विशेष परिस्थितियों में हमारी यूपी 112 ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं। आज औसत रिस्पॉन्स टाइम घटकर 7.5 मिनट तक आ गया है। कुछ जिलों में तो 3-5 मिनट में रिस्पॉन्स मिल रहा है। यह संतोषप्रद है लेकिन तकनीक की सहायता से इसे और कम किया जाना चाहिए। पीआरवी 112 के वाहनों की लोकेशनिंग और ठीक किया जाना आवश्यक है। इसके लिए पुलिस कप्तान के साथ-साथ थानाध्यक्ष तक को जवाबदेह बनाना होगा। सक्रियता और बढ़ाये जाने की जरूरत है। ब्लैक स्पॉट को चिन्हित कर वहां वाहनों की तैनाती करें। वीमेन पॉवर लाइन 1090 को और उपयोगी बनाने का प्रयास हो। जिन जिलों से कम फोन कॉल आ रहे हैं, वहां इसके बारे में जागरूकता बढ़ाएं। मुकदमों के प्रभावी अभियोजन की दिशा में और बेहतर प्रयास अपेक्षित है। हर जिले का लक्ष्य तय करें, पूरी तैयारी करें और ससमय दोषियों को दंड मिलना सुनिश्चित करायें। समय-समय पर सभी जनपदों में विजिट कर स्थानीय स्थितियों का आंकलन भी किया जाना चाहिए।

शह और मात पर मुख्यमंत्री ने लिटिल चैम्प से खूब की बात

● सबसे कम उम्र के फीडे रेटेड खिलाड़ी कुशाग्र के साथ शतरंज खेल सीएम योगी ने बढ़ाया उत्साह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

खेल और खिलाड़ियों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लगाव जग जाहिर है। और, जब बात खेल की नन्ही प्रतिभाओं की हो तो फिर कहना ही क्या। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री में देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी, गोरखपुर निवासी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया। सीएम योगी ने इस लिटिल चैम्प से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह-मात पर खूब बात की। कुशाग्र अग्रवाल, शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। कुशाग्र अभी सिर्फ 5 साल 11 माह के हैं और यूकेजी में पढ़ते हैं। पर, उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है। 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे-रेटेड खिलाड़ी हैं।

उन्होंने 4 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया और अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही फीडे रेटिंग हासिल कर ली। शतरंज का शुरुआती प्रशिक्षण उन्हें अपनी बहन अविका से मिला जो खुद भी शतरंज की बेहतरीन खिलाड़ी हैं। कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं।

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल कुशाग्र को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया बल्कि उनके साथ शतरंज खेलकर खूब उत्साह भी बढ़ाया। उन्होंने कुशाग्र से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए यूपी सरकार हर तरह की मदद करेगी। उन्होंने विश्वासएम जताया कि शतरंज का नन्हा अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आने वाले समय में गोरखपुर और प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन करेगा।

जीरो पावर्टी-यूपी अभियान के तहत एन्युमेरेटर के चयन की कार्यवाही 7 दिनों में हो पूरी: मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि जीरो पावर्टी-उत्तर प्रदेश अभियान के त्वरित कार्यान्वयन के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अधिकतम 25 निर्धनतम परिवारों का चयन किया जाना है। निर्धनतम परिवारों के चिन्हीकरण की कार्यवाही एन्युमेरेटर द्वारा निष्पादित की जायेगी। इसके लिए उन्होंने प्रथम चरण में खंड विकास अधिकारिओं द्वारा एन्युमेरेटर (ग्राम पंचायत स्तरीय कर्मचारी व कैडर) का सत्यापित प्रोफाइल जीरो पावर्टी पोर्टल पर 7 दिवस के भीतर पंजीकृत कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, समूह सखी, अन्य सामुदायिक कैडर व बीसी सखी सखी शामिल होगें।

मुख्य सचिव शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से समस्त मण्डलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।उन्होंने कहा कि निर्धनतम परिवारों की पहचान और उन्हें समयबद्ध चरण में गरीबी से निकालने का मुख्यमंत्री द्वारा संकल्प लिया गया है। चयनित परिवारों को खाद्य सुरक्षा, वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं व आवास से संतृप्त किया जायेगा। इन परिवारों की नियमित आय के लिए रोजगार व स्वरोजगार के अवसर मुहैया कराये जायेंगे। जो व्यक्ति कार्य करने में अक्षम हैं, उन्हें संचालित पेंशन योजनाओं से संतृप्त किया जायेगा। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है।

उन्होंने कहा कि सूचना की गुणवत्ता तथा संपूर्णता के लिए 5 सदस्यीय ग्राम स्तरीय समिति द्वारा इसे सत्यापित किया जायेगा। इस समिति में ग्राम प्रधान, भूतपूर्व ग्राम प्रधान, विद्यालय के वरिष्ठ प्रधानाध्यापक, दो सबसे पुराने स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष शामिल होंगे। प्रत्येक सदस्य निर्धनतम परिवार के लिए अलग-अलग अभिमत देंगे, जिसे अन्य सदस्य नहीं देख सकेंगे। सदस्य को स्थलीय सत्यापन के स्थान व समय पर ही सत्यापन के पश्चात अपना अभिमत मोबाइल पर देना होगा। मुख्य सचिव कैम्प में विशेषज्ञ-टीम द्वारा सूचनाओं की सत्यता का परीक्षण भी किया जायेगा। सूचना पर संदेह होने पर थर्ड पार्टी द्वारा स्थलीय परीक्षण किया जायेगा। अंतिम चयनित निर्धनतम परिवारों की सूची को ग्राम पंचायत सचिवालय के कई स्थानों पर 15 दिनों के लिए चस्पा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्धनता का आंकलन द्विस्तरीय होगा। पहला भूमिहीन, आजीविका का कोई विकल्प नहीं, अनिश्चित आय, दिहाड़ी/ कृषि मज़दूरी पर आश्रित, आर्थिक संसाधनों की कमी, परिवार में हमेशा खाने-पहनने की तंगी रहती है। द्वितीय स्तर एकल महिला (परित्यक्ता/ विधवा) सरकारी मदद से वंचित, परिवार का मुखिया/ कमाऊ सदस्य विकलांग, मुखिया/ कमाऊ सदस्य की उम्र 65 वर्ष या ज़्यादा है, मुखिया/ कमाऊ सदस्य प्रवासी मज़दूर है, परिवार का कोई सदस्य गंभीर बीमारी से ग्रसित है, परिवार आपदा प्रभावित स्थान पर निवास करता है, परिवार का आजीविका का साधन हस्तशिल्प/ शिल्पकारी है, कोई भी सदस्य किसी आजीविका कौशल में सक्षम नहीं है और स्वयं सहायता समूह के सदस्य भी नहीं है। टेक होम राशन यूनिट की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी यूनिट क्रियाशील हो और टाइम से डिलीवरी और सभी वेण्डर्स का भुगतान समय से हो।

जेलों में भेदभाव पर सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का मायावती ने किया स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सुप्रीम कोर्ट द्वारा जेलों में जाति के आधार पर काम का बंटवारा करने और जाति आधारित भेदभाव बढ़ाने वाले जेल मैनुअलों को रद्द किये जाने का बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्वागत किया है। मायावती ने जेलों में जातिगत भेदभाव पर रोक जरूरी बताया। सुप्रीम कोर्ट के व्यवस्था में बदलाव करने पर मायावती ने खुशी जाहिर की है। शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स अकाउंट पर एक्स करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने लिखा कि देश की जेलों में भी क्रूर जातिवादी भेदभाव के तहत कैदियों से जातियों के आधार पर उनमें काम का बंटवारा कराने को अनुचित व असंवैधानिक करार देकर इस व्यवस्था में ज़रूरी बदलाव करने का माननीय सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भरपूर स्वागत। उन्होंने आगे लिखा कि बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के जातिविहीन मानवतावादी व धर्मपिरपेक्ष संविधान वाले देश में इस प्रकार की जातिवादी व्यवस्था का जारी रहना यह साबित करता है कि सरकारों का रवैया संवैधानिक न होकर लगातार जातिवादी है। अत: मजलूमों के लिए अब सत्ता प्राप्त करना ज़रूरी।

गड्ढामुक्ति के नाम पर भाजपा सरकार में बड़े पैमाने पर हुआ भ्रष्टाचार: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में गड्ढ़ा मुक्त के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और लूट हुई है। इस सरकार में विकास कार्य ठप्प है। बजट के पैसे का बंदरबांट हो रहा है। सात साल से भाजपा सरकार सड़कों के गड्ढे नहीं भर पायी। हर साल गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर हजारों करोड़ रूपये का बजट जारी होता है। फिर उसकी लूट हो जाती है। सड़के जसकी तस रह जाती है। सड़कों के गड्ढ़ों के कारण प्रदेश में हर दिन दुर्घटनाएं हो रही है। इस सरकार में अब तक कई लोग सड़कों के गड्ढ़ों के कारण मौत के मुंह में जा चुके हैं। अभी इसी बुधवार को गाजीपुर जिले में गड्ढ़े में जाने से असंतुलित हुई मोटर साइकिल से गिरने से महिला की मौत हो गई।

अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार पूरी तरह नकारा साबित हुई है। आम जनता बेबस है। भाजपाई और ठेकेदार इसे अवसर मानकर जश्न मनाते है। गड्ढ़ामुक्त के नाम पर हजारों करोड़ का बजट जारी होता है। जो ऊपर से नीचे तक बंट जाता है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को भ्रष्टाचार का गढ़ बना दिया है।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में हो रहे हर निर्माण कार्य में भारी लूट हो रही है। भाजपा की इस झूठ और लूट की सरकार में सड़कों के गड्ढे लोगों की निरन्तर जान ले रहे है। मुख्यमंत्री ने अब तक अपने पूरे कार्यकाल में सड़कों को गड्ढ़ा मुक्त करने के नाम पर न जाने कितनी बार तारीख दे चुके है लेकिन भ्रष्ट सरकार पर कोई असर नहीं पड़ा। जो बजट जारी होता है सब मिलकर डकार जाते हैं। मुख्यमंत्री के आदेश कागज पर सीमित और बेअसर है।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य का प्रदेश कार्यालय पर स्वागत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश कार्यालय पर शुक्रवार को अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य नरेन्द्र खजूरी के प्रथम आगमन पर प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा फूल माला व अंगवस्त्र पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नरेंद्र खजूरी ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी ने उपस्थित पार्टी जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी है। अनुसूचित जाति एवं जनजाति के हित का कार्य करने एवं उनके साथ जहां भी अन्याय होगा वहां मैं पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ उनको न्याय दिलाने का कार्य करूंगा। रालोद प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि जिस तरह से चौधरी जयन्त सिंह ने एक सामान्य कार्यकर्ता को अनुसूचित जाति जनजाति का सदस्य बनाया है उससे सभी सामान्य कार्यकर्ताओं का मनोबल बढा है और उनमें नई ऊर्जा का संचार हुआ है।

इलाहाबाद विवि छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष केके राय समर्थकों सहित कांग्रेस में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी समावेशी विचारधारा से प्रेरित होकर इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष, इलाहाबाद हाईकोर्ट के प्रतिष्ठित अधिवक्ता केके राय ने अपने समर्थकों के साथ प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के समक्ष कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर अजय राय ने उनके गले में तिरंगा पट्टिका पहनाकर तथा कांग्रेस सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से पार्टी में शामिल कराया।

सदस्यता ग्रहण कार्यक्रम में आए हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए अजय राय ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से देश के आमजनमानस के दुख दर्द को समझा तथा भविष्य उसे दूर करने का आशवासन भी दिया। उनके इस सार्थक प्रयास का ही नतीजा है कि आए दिन प्रदेश के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता तथा समाज में प्रतिष्ठित अधिवक्ता, शिक्षक, चिकित्सकों द्वारा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की जा रही है जिससे कांग्रेस का परिवार लगातार बढ़ता जा रहा है। आने वाले समय में इस प्रदेश की जनता इंडिया गठबंधन को जीत दिलाएगी तथा भाजपा की तानाशाह योगी सरकार को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। सदस्यता ग्रहण करने के उपरांत इलाहाबाद विश्वविद्यालय छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष केके राय ने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम पूरे देश को एक सूत्र में जोड़ दिया और हमारे वक्त के सबसे बड़े लोकतंत्र रक्षक बनकर उभरे हैं जबकि आज देश भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, महामारी और नफरत की आंधी से जल रहा है, राहुल गांधी ने संसद से सड़क तक आम आदमी की आवाज को बुलंद किया और कदम कदम पर भाजपा की जन विरोधी राजनीति का पर्दाफाश किया। वे दलित, आदिवासी पिछड़े वर्ग महिलाओं और अल्पसंख्यकों के हर कदम पर साथ रहे। श्री गांधी के अथक प्रयासों से कांग्रेस सहित भारत के लोकतंत्र में नई आस्था और विश्वास विकसित हुआ है। केके राय के साथ सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से अवधेश राय, श्याम कृष्ण, पद्मा, चार्ली प्रकाश, अंशु मालवीय, रमेश कुमार यादव, प्रबल प्रताप, आर्यन कृष्णा, रवीन्द्र सिंह, रमेश कुमार, प्रमोद सिंह सहित भारी संख्या में लोग शामिल रहे।

उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को मिलेगा पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान

लखनऊ। योगी सरकार के रेशम विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 में रेशम उत्पादन और संबंधित क्षेत्रों में असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान 08 विभिन्न श्रेणियों में दिया जाएगा, जिसका उद्देश्य रेशम उद्योग में नवाचार, उत्पादन और डिजाइनिंग को प्रोत्साहन देना है। रेशम क्षेत्र में उत्कृष्टता की पहचान करने और इसे बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह सम्मान उन व्यक्तियों को दिया जाएगा, जिन्होंने कोकून उत्पादन, रेशम फिनिश्ड प्रोडक्ट में नवाचार, सर्वोच्च कोया/ धागा विक्रय, सर्वोच्च फिनिश्ड प्रोडक्ट विक्रय, रेशम निर्मित परिधान एवं अन्य उत्पाद में सर्वोत्तम डिजाइनिंग और लाइफटाइम एचीवमेंट जैसी श्रेणियों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

और सशक्त होंगी बेटियां, सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति बढ़ेगी जागरूकता

● शारदीय नवरात्रि में जल्द ही मिशन शक्ति के पांचवें चरण का शुभारंभ कर सकते हैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार अपने विजन को प्रदेश में 'मिशन शक्ति' के रूप में आगे बढ़ा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने और महिलाओं को और अधिक सशक्त करने के लिए शारदीय नवरात्रि में इसके पांचवें चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत व्यापक पैमाने पर गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जो कि दिसंबर माह तक चलेगा। इन कार्यक्रमों में महिलाओं के साथ-साथ बच्चों को भी सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रमों की इस शृंखला में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस, ऑपरेशन मुक्ति, बाल कार्निवाल, वीरांगना दिवस, स्वावलंबन कैंप समेत कई कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य प्रदेश में संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ उन्हें इससे लाभान्वित करना भी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत अक्तूबर से दिसंबर तक जो गतिविधियां संचालित की जानी हैं, उसके अनुसार 11 अक्टूबर तक

मिशन शक्ति-फेज 5

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें लैंगिक समानता पर सेमिनार के साथ ही सफल महिलाओं के साथ टॉक शो, एक दिन की सांकेतिक जिलाधिकारी, कन्या जन्मोत्सव, बाल विवाह, संवाद, घरेलू हिंसा व कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ लैंगिक उत्पीड़न, अनंता जैसे विषयों पर जागरूकता का संदेश दिया जाएगा। 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन होगा, जिसमें प्रत्येक आंगनबाड़ी तथा राजकीय बालिका/ शिशु गृहों में विशेष कन्या पूजन व उनके लिए प्रसाद ग्रहण का आयोजन किया जाएगा। इसी माह 21 से 31 अक्तूबर तक ऑपरेशन मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बाल विवाह तथा बाल श्रम के विरुद्ध सप्ताह भर जागरूकता एवं रेस्क्यू के लिए वृहद अभियान चलेगा। इस दौरान विभागों एवं प्राधिकारियों के बीच समन्वय के साथ कार्य करते हुए बाल विवाह या बाल श्रम के प्रकरणों में बच्चों को रेस्क्यू करने के लिए ऑपरेशन को संचालित किया जाएगा। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत कर उन्हें उत्तर प्रदेश बाल सेवा योजना से जोड़ा जाएगा। 10 से 14 नवंबर के बीच बाल कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। इसमें योग व मेडिटेशन के अतिरिक्त बच्चों द्वारा महापुरुषों के जीवन पर आधारित नाटक एवं ड्रामा का प्रदर्शन होगा। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी, जबकि नृत्य गायन प्रतियोगिताओं के साथ-साथ पेंटिंग प्रतियोगिता कराई जाएगी। 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्निवाल समापन समारोह में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न कार्यक्रमों जैसे म्यूजिक, गीत, गान, नाटक आदि का आयोजन, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास कार्यक्रमों के अंतर्गत बच्चों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रतियोगिताों में फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड आने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

19 नवंबर से प्रदेश के समस्त जनपदों में भव्य समारोह का आयोजन करते हुए वीरांगना दिवस पर समाज में बदलाव के लिए प्रयासरत महिलाओं की प्रेरक कहानियों को जनपद स्तर पर विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

18वीं किस्त से यूपी के 2.25 करोड़ से अधिक किसान होंगे लाभांवित: सूर्य प्रताप शाही

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वेगॉल (वाशिम) में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त जारी करेंगे। इससे उत्तर प्रदेश के 2,25,91,884 किसानों के खातों में कुल 4,985.49 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की जाएगी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना ने किसानों की आर्थिक स्थिति को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से उत्तर प्रदेश के किसान लगातार इस योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है और कृषि क्षेत्र में स्थिरता आ रही है। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को तत्परता से लागू करते हुए शानदार प्रगति की है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में योजना की शुरुआत से लेकर जुलाई 2024 तक सभी 17 किस्तों के माध्यम से किसानों को अब तक कुल 74,492.71 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस अवधि में राज्य के 2.76 करोड़ किसानों को कम से कम एक बार इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त का वितरण 18 जून 2024 को वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा किया गया था। इस दौरान 2,14,55,237 किसानों को 4,831.10 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की गई थी।

इसके साथ ही, जिन किसानों की किस्तें किसी कारणवश रुकी हुई थीं, उन्हें 46.70 करोड़ रुपये की राशि उनके डाटा सुधार के बाद दी गई थी। पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त से पूरे देश के लगभग 9.51 करोड़ किसानों लाभांवित होंगे।

त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न कराने में संभ्रान्तजनों की महत्वपूर्ण भूमिका: जिलाधिकारी

● परंपरागत एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनायें त्यौहार

लखीमपुर खीरी। आसन्न त्यौहारों श्री दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन एवं दशहरा को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने जिला शान्ति समिति ने बैठक ली। बैठक के दौरान डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी को आसन्न त्यौहारों की शुभकामनाएं देते हुए आयोजकों से अपील की है कि पूजा स्थलों एवं पण्डालों में आस्था के साथ.साथ सुरक्षा के मानकों का भी कड़ाई के साथ अनुपालन किया गया। पूजा स्थलों को सीसीटीवी कैमरों के साथ.साथ अग्निशमन उपकरणों से भी सुसज्जित रखा जाय। त्यौहारों के अवसर पर प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन के लिए सुरक्षा व्यवस्था शीर्ष प्राथमिकता का विषय है किसी भी दशा में जनहानि नहीं होने दी जाएगी।

डीएम.एसपी ने कहा कि सभी आयोजक मॉ दुर्गा की प्रतिमाओं की ऊंचाई एवं जुलूसों में डीजे की हाइट एवं ध्वनि के स्तर को माण् उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार रखा जाय तथा आपत्तिजनक गानों को न बजाया जाय। वरिष्ठ नागरिकों का दायित्व है कि धार्मिक आयोजनों के समय युवाओं को संयमित व्यवहार के लिए प्रेरित करें।

एसपी गणेश प्रसाद साहा ने नवरात्रि एवं दुर्गा पूजा के दौरान चाक.चौबंद पुलिस व्यवस्था का आश्वासन देते हुए कहा की त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए यद्यपि पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी, फिर भी स्थानीय लोगों से इस व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करने की अपील किया तथा कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित किसी भी आशंका की स्थिति में वे स्थानीय पुलिस चौकी, थाने अथवा सीधा उनसे संपर्क कर सकते हैं। ट्रैफिक मैनेजमेंट हेतु डायवर्सन और सख्ती में अपना अपेक्षित सहयोग दे। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि जनपद में त्यौहारों को मनाए जाने की गौरवशाली परंपरा रही है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि इस परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी त्योहारों को शांति, सौहार्द एवं आनंद के वातावरण में आपसी भाई.चारे एवं एक दूसरें की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए परम्परागत तरीके से त्योहार मनाए। पंडालो और विसर्जन में भक्ति गीत ही बजाए जाएं। डीएम व एसपी ने कहा कि जिला प्रशासन को आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आसन्न त्यौहार भी सभी के सहयोग से पूर्व की भांति शान्ति के साथ संपन्न हो जायेंगे।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन

कानपुर देहात। मुख्य सचिव, उप्र शासन के निर्देशों व जिलाधिकारी आलोक सिंह के मार्गदर्शन में प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षाए सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु शरदीय नवरात्र के पर्व पर मिशन शक्ति (फेज.05) के विशेष अभियान के क्रम में अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के 10 दिवसीय समारोह के उपलक्ष्य में आज दिनांक 04.10.2024 को ब्राइट ऐन्जिल स्कूल अकबरपुर कानपुर देहात में टॉक शो विथ ऑयडलस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आइडल के रूप में रेनू यादव जिला प्रोबेशन अधिकारी, नेहा सिंह जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, डा. सुरभी खत्री चिकित्साधिकारी, महिला थानाध्यक्ष कानपुर देहात द्वारा जीवन में सफलता की सीढ़ियाँ चढ़ने की जानकारी दी गई एवं बालिकाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं का उत्तर दिया गया।

रेलवे ट्रैक पर पड़ी लकड़ी की भारी टुकड़ा देख चालक ने खड़ी की ट्रेन, चालक की सूझबूझ से मेमू पलटने से बची

सुमेरपुर हमीरपुर। भरुआ सुमेरपुर रेलवे की दोहरीकरण लाइन और नये प्लेट फार्म का निर्माण कर रही कार्यदायी संस्था केपीटीएल की लापरवाही के चलते मेमू ट्रेन पलटने से बच गई। रेलवे प्लेटफार्म पर रेलवे ट्रैक पर पड़े लकड़ी के स्लीपरो को देख कर ट्रेन के चालक ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को पहले ही रोक दिया। एक बड़ा हादसा टल गया। स्टेशन प्रबंधक ने इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल सहित उच्चाधिकारियों को दी। अधिकारी मौके पर पहुंच कर मामले की जांच करने में जुट गए है। वहीं रेलवे के अवर अभियंता ने कार्यदायी संस्था के खिलाफ एफआईआर दर्ज अभियोग पंजीकृत कराने की बात कही है। कानपुर से मानिकपुर जाने वाली मेमू ट्रेन सुबह सुमेरपुर रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म नंबर तीन पर पहुंचने वाली थी। दोहरीकरण का कार्य कर रही कंपनी केपीटीएल ने इस प्लेटफार्म में

ट्रेन व उसके आगे रखा लकडी का टुकड़ा

कार्य के लिए पटरियों व प्लेटफार्म की दीवार के बीच लकड़ी की स्लीपर लगा रखे थे, जबकि कार्य करने के बाद उनको हटाया नहीं गया। वहीं दूसरी ओर रेलवे स्टेशन में ड्यूटी पर रहने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों की भी लापरवाही समाने नजर आ रही है और ड्यूटी पर तैनात रेल कर्मियो ने कैसे मेमू ट्रेन को बिना प्लेटफार्म को देखे ट्रैक पर ले लिया गया। ट्रेन के ड्राईवर ने जब पटरियों पर लकड़ी के स्लीपरो को देखा, तो दन्न रह गए और इमरजेंसी ब्रेक लगा कर मेमू ट्रेन को लकड़ी के स्लीपरो से पहले रोक दिया। ट्रेन के ड्राईवर के सुझ बूझ से एक बड़ा हादसा होते टल गया ट्रेन के ड्राईवरो ने वॉकी टॉकी के माध्यम से स्टेशन मास्टर को इसकी जानकारी दी। और स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मी प्लेटफॉर्म तीन की ओर अनन फनन मे दौड़े और पटरियों में लगाये गए स्लीपरो को आनन फानन मे रेलवे ट्रैक से हटाया गया।

कार्यदायी संस्था के खिलाफ लापरवाही का मुकदमा

स्टेशन प्रबंधक ने इस मामले की सूचना आरपीएफ सहित उच्चाधिकारियों की दी है। आरपीएफव अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। रेलवे के अवर अभियंता उपेंद्र कुमार ने बताया कि यह कार्यदायी संस्था के कर्मियों की बड़ी लापरवाही है। कार्यदायी संस्था केपीटीएल के खिलाफ इस लापरवाही का मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

जयकारे के साथ आदिशक्ति मां ब्रह्मचारिणी की पूजा

● दूसरे दिन माता के ब्रह्मचारिणी स्वरूप की हुई पूजा-अर्चना

फतेहपुर। दोआबा में नवरात्र के दूसरे दिन मां बह्मचारिणी के स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। पंडालों सहित देवी मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। कहीं भंडारे तो कहीं प्रसाद वितरण का सिलसिला चलता रहा। वहीं रंग-बिरंगी झालरों की रोशनी की अनोखी छटा, संगीतमय आरती के स्वर, तालियों की गड़गड़ाहट संग गूंजते मां भवानी के गगन भेदी जयकारों से भक्तिमय माहौल दिखाई दिया। शारदीय नवरात्र के दूसरे दिन शुक्रवार को शहर के देवी मंदिरों सहित पंडालों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। भक्तों ने मां के दूसरे स्वरूप मां बह्मचारिणी की पूजा अर्चना की। हर कोई देवी मां के पहले दर्शन करने की होड़ और प्रसाद पाने की ललक लेकर मंदिरो से पंडाल तक पहुच रहा था। भक्तों ने नारियल, रोली, गंगाजल, पुष्प, चंदन माता को अर्पित कर सुख समृद्धि मांगी। मां के दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें देवी मंदिरों में लगी रही। वहीं शाम के समय पंडालो में माता की संगीतमय आरती की गई। बड़ी संख्या में भक्तों की मौजूदगी से दुर्गा पंडालों में रौनक देखते ही बन रही थी। उधर शहर स्थित मंदिरों में आरती के बाद भजन कीर्तन का आयोजन महिलाओं द्वारा किया गया। आरती के बाद वृहद प्रसाद वितरण किया गया। नवरात्र के दूसरे दिन शाम को लोग पंडालो में पहुंचकर जगत जननी की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

भक्तों ने माथा टेककर मांगी मन्नत: शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन शहर के पटेल नगर चौराहे में स्थापित दुर्गा पांडाल में मां अंबे की आरती में शामिल होकर भक्तों माथा टेकने के साथ ही आदिशक्ति जगत जननी से मन्नत मांगी। इससे पूर्व आचार्य द्वारा विधिवत वेद मंत्रों के बीच मां दुर्गा की पूजा अर्चना कराई गई। ऐसे ही शहर के अन्य स्थानों में लगे पांडालों में सुबह शाम भक्तों का जमावड़ा लग रहा है।

वैट का बकाया राशि न जमा न करने पर ढाई सौ व्यापारियों के खाता सीज

● व्यापारियों ने कहा उनका हो रहाहै उत्पीडन, बगैर नोटिस के ही सीज किये जा रहे है खाते

हमीरपुर। वैट का बकाया राशि न जमा न करने पर जिले के करीब दो सौ पचास व्यापारियों के खाते सीज कर दिये गये है,जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। जब कि व्यापारियों का कहना है कि उनका उत्पीडन किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक व्यापारियों से कर वसूलने के लिये शासन ने वर्ष 2008 से लेकर 2017 तक वैट प्रक्रिया लागू की गयी थी इसके बाद शासन ने वैट समाप्त कर जीएसटी लागू कर दिया था। नौ साल के अंतराल में बैट वकाया करीब 1700 व्यापारी बकायेदार की सूची में आ गया था व्यापारियों पर करोड़ो रुपये बकाया हो गया था इसके बाद व्यापारियों ने बकाये पर कोई ध्यान नही दिया और वह ज्यो का त्यो पड़ा रहा,इधर प्रदेश में भारी रकम बकाया होने के कारण आला अफसरों ने जिले के अधिकारियों पर नकेल कर शीघ्र ही वसूली करने के आदेश कर दिये है। जिले में अभी तक करीब 250 व्यापारियों के खाते सीज किये जा चुके है। उधर शासन ने बैंक को एक सूची भेजी है जिन व्यापारियों का बैट बकाया है उनका पैसा निकालने से साफइंकार कर दिया है। विभाग के उपायुक्त राज्य कर हमीरपुर कृष्ण प्रकाश का कहना है कि इस कार्य में न केवल विभाग के लोग रात दिन लगे है बल्कि राजस्व विभाग के कर्मी भी राजस्व वसूली में रात दिन सहयोग कर रहे है यही नही कितने खाते सीज किये गये कितनी वसूली की गयी है इसकी रोजाना मानीटरिंग शासन स्तर पर होती है यही नही नौ साल पुरानी फाइलों को खोजबीन कर उनसे हर बकायेदार व्यापारी की रिपोर्ट बनायी जा रही है। वही बुंदेलखंड के अधिकारी ग्रेड वन धीरेंद्र प्रताप का कहना है कि बकाया वसूलने में किसी व्यापारी को नोटिस की क्या आवश्यकता है उसको पूरी जानकारी पहले से होती है। जो व्यापारी बकाया नही देगे तो कार्यवाही की जाती है। इधर व्यापारियों का कहना है कि उनको बगैर नोटिस दिये ही खाता सीज कर दिये गये है। जो व्यापारियों के साथ अन्याय है। कई लोगो ने व्यापार बंद कर दिया है इसके बाद भी उनकी वसूली की जा रही है। इसके लिये व्यापारियों ने उच्चाधिकारियों से न्याय की गुहार लगायी है।

ग्राम सभा सेहरुवा में किया गया पंडित दीनदयाल पशु आरोग्य मेला का आयोजन

लखीमपुर खीरी। ब्लॉक लखीमपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेहरूवा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। आज 04 अक्टूबर 2024 ग्राम पंचायत सेहरुवा ब्लाक लखीमपुर में सरकार की मंशा के अनुरूप एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी लखीमपुर डॉ. जगदीश प्रसाद के उपस्थिती में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान मधुराम वर्मा एवम मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौ पूजन कर तथा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की फेटो पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया मेले में आए हुए डॉ0 सौरव सिंगही नीमगांव ने पशुओं के टीकाकरण व क्रमिनाशक दवा पान के बारे में जानकारी दी। डॉक्टर अनिल दुबे ने किसानो को क्रेडिट कार्ड, टैगिंग का महत्व बीमा के बारे में जानकारी दी।

क्विक न्यूज

ऊर्जा विकास अभिकरण के तत्वाधान में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के समीक्षा बैठक का आयोजन

फर्रूखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार परिसर फतेहगढ़ में उप्र नवीन एवं नवीनीकरण ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपी नेडा) फर्रूखाबाद के तत्वाधान में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण हेतु समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बिजली विभाग योजना के लाभ के बारे मे उपभोक्ताओं को अवगत करायेगा, उपभोक्ताओं को नेट मी. उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी विद्युत विभाग की है, जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्त विकास अधिकारी व एल डी एम संयुक्त रूप लोनिंग के लिये बैंकों का लक्ष्य निर्धारित करे। उक्त योजना में 14000 का लक्ष्य जनपद को प्राप्त हुआ हैए योजना की नई गाइडलाइन में 03 किलोवाट तक के लोन के लिये आईटीआर की आवश्यकता नही है, पीओ नेडा को सभी वेंडरो के मोबाइल नम्बर सभी ईओ व बीडीओ को उपलब्ध कराने के लिये निर्देशित किया गयाए जिलाधिकारी द्वारा हैंडबिल बाटकर उक्त योजना के प्रचार प्रसार के लिये निर्देशित किया गया व अक्टूबर तक लक्ष्य के 50 प्रतिशत को प्राप्त करने के लिये निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, अधीक्षण अभियंता विद्युत, अपर उप जिलाधिकारी सदर एलडीएम व संबंधित उपस्थित रहे।

सपा प्रतिनिधिमंडल पीड़ितों से मिलने जायेगा आज

फर्रूखाबाद। सगत दिन भोजपुर विधानसभा के ग्राम फतेहुल्लापुर ब्लाक कमालगंज में प्रशासन द्वारा बुलडोजर में लगभग आठ मकान तोड़ दिए गए थे जिसकी जानकारी तथा पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधिमंडल ग्राम फतेहुल्लापुर पहुंचेगा। रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय में प्रस्तुत करेगा।

सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत, साथी गंभीर

फतेहपुर। थरियांव थाना क्षेत्र के ख्वाजा का पुरवा गांव निवासी अजय कुमार का पुत्र बब्लू अपने साथी राजेश 24 वर्ष निवासी अझुआ जनपद कौशांबी के साथ रात लगभग नौ बजे बाइक से थरियांव कस्बा आ रहे थे। जैसे ही ये लोग महिया मंदिर के समीप एनएच-2 पर पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे बब्लू की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं राजेश घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तिलकापुर के समीप गुरूवार को ट्रेन से कानपुर जा रहे 32 वर्षीय युवक की गिरकर मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन हेतु भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के जसराजपुर गांव निवासी मोहनलाल का पुत्र अवधेश कुमार ट्रेन से कानपुर जा रहा था। बताते हैं कि तिलकापुर के समीप अचानक चलती ट्रेन से गिर गया। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

कुएं में गिरकर अधेड़ की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भगला का पुरवा में गुरूवार की शाम शौचक्रिया को जा रहे 50 वर्षीय अधेड़ कुएं में गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार भगला का पुरवा गांव निवासी बुद्ध का पुत्र शिव कुमार गुरूवार की शाम सात बजे शौचक्रिया के लिए जा रहा था जब वह घर से कुछ दूर पहुंचा तभी पास में स्थित कुएं में गिर गया। घटनास्थल पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से देर रात शव को बाहर निकाल पंचनामा भरते हुए विच्छेदन गृह भेज दिया।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान

फतेहपुर। चांदपुर थाना क्षेत्र के भगलापुर गांव निवासी रामकरन का पुत्र बालकुश ने गुरूवार की देर शाम घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के पिता रामकरन ने बताया कि उसका पुत्र व बहू अलग रहते हैं। उनको शक है कि उसके पुत्र की हत्या बहू ने की है।

युवक की अचानक मौत, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

संडीला (हरदोई)। संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम असही आजमपुर में 25 वर्षीय कुलदीप पुत्र रामगुलाम गुरुवार की रात खाना खाकर घर में सो रहा था। आधी रात को उसे अचानक उल्टियां होने लगीं। उसके छोटे भाई विपिन ने उसे नींबू पानी पिलाया तथा कुछ देर बाद कुलदीप सो गया। सुबह उसकी माता ने उसे उठाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं उठा।

बीज वितरण कैम्प का आयोजन

कानपुर देहात। जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में जिला उद्यान अधिकारी बल्देव प्रसाद ने बताया कि जनपद में संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत एवं राज्य सेक्टर योजनान्तर्गत शासन के निर्देश के अन्तर्गत उद्यान विभाग द्वारा अधिकृत कम्पनियों के द्वारा बीज वितरण कैम्प का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण, विभाग द्वारा राजकीय अंलकृत उद्यान आलमचन्द्रपुर कानपुर देहात में जिला उद्यान अधिकारी के सौजन्य से दिनाक 04ण्10ण्2024 को किया गया। जिसमें विभिन्न विकासखण्ड के पंजीकृत कृषकों को बीज वितरण कैम्प के माध्यम से नामित कम्पनियों द्वारा बीण अनुवन्ध किये गये। बीज वितरण कैम्प में नामधारी सीड्स कलश सीड्स वापना सीड्स ट्रॉपिका सीड्स तथा जे0के0एग्रीटिक्स सादि कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाए जिसमें पंजीकृत कृषको द्वारा अपनी पसन्द की कम्पनी स प्रजाति का चयन किया गया।

दुकानदार को पीटकर नहर में फेंककर मार डालने का आरोप

संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

थाना क्षेत्र के गेंदामऊ गॉव में अपने पिता को पीटकर नहर में फेंकने से उनकी मृत्यु होने का आरोप लगा पुत्र ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने शव को सील कर पोस्टमार्टम कर भेजा है तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। आपको बताते चलें कि गुरूवार की रात्रि थाना क्षेत्र के गेंदामऊ गॉव के पास नहर में गदनपुर निवासी होटल सॅचालक प्रेमशॅकर कश्यप उम्र 65 वर्ष का शव मिला था। मृतक के पुत्र बजेश ने बताया कि गुरूवार की रात्रि को करीब 8:30 बजे वह अपने पिता को खाना देकर वापस घर गया था।

उस समय दुकान में विमल व रज्जन निवासी ग्राम गेंदामऊ पिता से बातचीत कर रहे थे। करीब आधे घण्टे बाद गॉव के ही कल्लू पुत्र ओमकार ने सूचना दी कि तुम्हारे पिता को विमल व रज्जन ने मारपीट कर नहर में फेंक दिया है और तुम्हारे पिता नहर में डूब गये है, मेरे पिता के नहर से बाहर न आने की सूचना पर मैं और मेरे परिजन सहित गॉव के अन्य लोग मौके पर पहुॅचे और नहर के भीतर काफी देर खोजबीन की, बहुत ढूढने के बाद पिता जी का शरीर मिला लेकिन तब तक नहर के भीतर उनकी मृत्यु हो चुकी थी। मृतक के पुत्र ने बताया कि विमल व रज्जन ने मेरे पिता के साथ मारपीट कर उनको नहर में फेंक दिया था, जिससे उनकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुॅचे एएसपी राजेश पाण्डेय ने जॉच पडताल की है तथा फॉरेसिक टीम ने साक्ष्य एकत्रित किये थे। थानाध्यक्ष जेपी शर्मा ने बताया कि मृतक के पुत्र की शिकायत पर मुकदमा पॅजीकृत कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है।

अग्रवाल जयंती समारोह में पुरस्कार पाकर खुश हुए नन्हें, मुन्हे, युवक और युवतियां

पुखरायां, कानपुर देहात। कस्बे के अग्रवाल धर्मशाला में अग्रवाल सभा की ओर से आयोजित महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव के सातवें दिन शुक्रवार को डांडिया नृत्यकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता संपन्न हुई। आलोक कंछल, मनोज गोयल और व्यापार मंडल के अनुभव अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री अनुभव अग्रवाल अग्रवाल ने कहा जयंती समारोह आयोजित होने से ही महापुरूषों को उचित सम्मान मिलता है। अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष उमंग अग्रवाल ने बताया कि अभी तक आयोजित की गईं सभी प्रतियोगिता शुक्रवार को पुरस्कार बांटे गए हैं। जिसमें सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में ग्रुप ए के लक्ष्य कंछन, ग्रुप बी के हृदय गोयल, ग्रुप सी के सक्षम सिंघल को प्रथम पुरस्कार मिला है। हैंडराइटिंग में ग्रुप ए की निराली अग्रवाल, ग्रुप बी के सौर्य मित्तल व ग्रुप सी की प्रान्सी अग्रवाल को प्रथम पुरस्कार मिला। चित्रकला में ग्रुप ए की राघवी, ग्रुप सी की अंशिका को प्रथम, गर्वित को द्वितीय पुरस्कार ग्रुप डी में निराली को प्रथम, लक्ष्य को द्वितीय, ग्रुप ई में प्रियम प्रथम व सक्षम द्वितीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में शगुन गोयल प्रथम, साक्षी अग्रवाल द्वितीय, व छवि गोयल को स्पेशल पुरस्कार दिया गया। फूड स्टाल में आमची मुंबई की अपेक्षा अग्रवाल को प्रथम, रोल ऑन बर्गर ममता अग्रवाल को द्वितीय व हंगरी हट सान्वी व मनोज्ञा गोयल को तृतीय पुरस्कार मिला। हेयर स्टाइल में रूबी अग्रवाल को प्रथम, डांस प्रतियोगिता में ग्रुप ए में आरना सिंघल व आव्या गोयल को प्रथम, राघवी को द्वितीय, ग्रुप बी में अद्रिका गोयल को प्रथम, सानवी गोयल, अथर्व गोयल, इवान गोयल को द्वितीय पुरुस्कार मिला।

जयंती समारोह में डांडिया नृत्य करती युवतियां

मिलेट्स बीज उत्पादन के सम्बन्ध में कृषक उत्पादक संगठनों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता। कानपुर देहात

जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन में उपनिदेशक कृषि रामबचन राम ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा मोटा अनाज ;श्री अन्नद्ध को बढावा देने हेतु संचालित मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अन्तर्गत जनपद स्तर पर कृषि कल्याण केन्द्र बारा में कृषक उत्पादक संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ.साथ प्रगतिशील कृषकों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कर उप कृषि निदेशकए जिला कृषि अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा मिलेट्स बीज उत्पादन के सम्बन्ध में प्रशिक्षण एवं नवीनतम कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। उक्त के साथ.साथ प्रतिभागियों को श्री अन्न के पोषक महत्वों एवं लाभों के सम्बन्ध में जानकारी का प्रसार करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उप कृषि निदेशक राम बचन राम द्वारा अवगत कराया गया कि मिलेट्स यथा बाजराए ज्वारए मडुआ;रागीद्धए सावाए कोदोए काकुनए कुटकीए चेनाए कुट्टू एवं रामदाना आदि भारत एवं उ0प्र0 की प्राचीन कृषि और आहार परम्परा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। पोषण में इनकी महत्ता को देखते हुए ही श्री अन्न को न्यूट्री सीरियल भी कहा जाता है। ये फसले पोषक तत्वों से भरपूर होती है और कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करती है। मिलेट्स प्रोटीनए फाइबरए आयरनए कैल्शियमए विभिन्न विटामिन्स और मिनरल का समृद्ध स्रोत है। इनका सेवन हृदय रोगए मधुमेह और मोटापा जैसी बीमारियों के जोखिम को कम करती है। मिलेट्स का पर्यावरण महत्व भी है। यह फसलें सूखा प्रतिरोधी होती है और कम जल में भी उगाई जा सकती हैए जिससे जल संरक्षण में भी मदद मिलती है। इसके अलावा श्री अन्न की खेती में रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों की आवश्यकता कम होती हैए जिससे मृदा की उर्वरता और जैव विविधता बनी रहती है।

जिला कृषि अधिकारी द्वारा श्री अन्न की खेती को बढावा देनेए तथा मिलेट्स को अपने आहार में धान व गेंहू के स्थान पर प्रयोग करने हेतु जागरूक किया गया। उनके द्वारा मिलेट्स से होने वाले स्वास्थ्य लाभों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए किसानो को अवगत कराया गया कि श्री अन्न में धान व गेंहू की तुलना में फाइबर भी अधिक मात्रा में होने के कारण यह सुपाच्य भी होता है। उनके द्वारा जनपद में मिलेट्स बीज की उपलब्धता एवं निर्धारित मूल्य के साथ.साथ कृषि विभाग द्वारा वितरित किये जाने वाले निशुल्क मिनी किट के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

सांप्रदायिक टिप्पणी पर जांच में प्रभारी निरीक्षक फंसे, कार्रवाई होनी तय

संडीला (हरदोई)। प्रभारी निरीक्षक अतरौली पर अल्प संख्यक समुदाय के एक व्यक्ति पर सांप्रदायिक और अपमानजनक टिप्पढ़ी किए जाने का मामला काफी तूल पकड़ गया है। जांच में उन्हें दोषी पाया गया है हालांकि आरोपी पुलिस अधिकारी आरोपों से इनकार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम महंगवां निवासी इब्राहीम पुत्र शफीक ने 20 जून 2024 को राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग को प्रेषित शिकायती पत्र में कहा कि ग्राम निवासी राजवर्धन सिंह पुत्र नागेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू सिंह ने कोतवाली जाकर शफीक पुत्र सिद्दीक आदि के विरुद्ध अवैध निर्माण कराने का प्रार्थना पत्र दिया था। इसकी जांच के लिए उपनिरीक्षक उमाशंकर यादव को सौंपी गयी। जिसपर शफीक को आने जाने का रास्ता दिला दिया गया। इसके बाद पुन: विवाद होने पर शफीक के पुत्र इब्राहीम को थाने बुलाया गया। इब्राहीम के अनुसार एक थानीय पत्रकार की उपस्थिति में प्रभारी निरीक्षक ने उन्हें गालियां देते हुए कहा कि तुम्हें रास्ता तो दे दिया गया हैए ज्यादा रास्ता चाहिए तो ष्पाकिस्तान बन गया हैए तो जाओ पाकिस्तान में रहोए यहां क्या कर रहे होष्ष् इसी दौरान इब्राहीम ने प्रभारी निरीक्षक से बात चीत की ऑडियो रिकॉर्डिंग कर ली थी और इस ऑडियो को ट्विटर पर डाल दिया था। इस मामले में अल्पसंख्यक आयोग ने पुलिस अधीक्षक हरदोई से सारे मामले की जांच कराकर रिपोर्ट मांगीए जिसपर तत्कालीन सीओ शिल्पा कुमारी को मामले की जांच सौंपी गयी। सीओ ने जांच में प्रभारी निरीक्षक की आवाज़ ऑडियो में होने की पुष्टि की। इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने अल्पसंख्यक आयोग को अपने पत्र संख्या ई252752 द्वारा दिनांक 23ण्08ण्2024 को आख्या भेज दी है। उधर प्रभारी निरीक्षक अतरौली पर कड़ी कार्रवाई की तलवार लटक गयी हैए हालांकि कुछ समय पूर्व एक महिला कॉन्स्टेबिल ने उनपर तमाम तरह के आरोप लगाए थे, लेकिन बाद में मामला दब गया। दूसरी ओर प्रभारी निरीक्षक इस सारे मामले से इनकार करते हैं।

झांसी, कानपुर एवं चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा की रबी उत्पादकता गोष्ठी के आयोजन

बाँदा। आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में मयूर भवन सभागार में आगामी 08 अक्टूबर, 2024 को झांसी, कानपुर एवं चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा की रबी उत्पादकता गोष्ठी के आयोजन की तैयारी के संबंध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बॉदा में आयोजित होने वाली रबी गोष्ठी हेतु कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। किसानों के पंजीकरण के लिए अलग.अलग काउन्टर बनाये जाने तथा कृषि एवं एनआरएलएम से संबंधित स्टालों के लिए स्थान चिन्हित कर लगवाये जाने के निर्देश दिये। साफसफाई व्यवस्था एवं मोबाइल ट्वायलेट हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका बॉदा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया। ट्रैफिक एवं पार्किंग की व्यवस्था हेतु नगर मजिस्ट्रेट एवं

सीओ ट्रैफिक को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिये। जल संस्थान द्वारा पानी के टैंकरों तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा एम्बुलेन्स सहित चिकित्सा काउन्टर भी लगाये जाने के निर्देश दिये। विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता को विद्युत की समुचित व्यवस्था किये जाने तथा अग्निशमन सुरक्षा हेतु अग्निशमन अधिकारी को व्यवस्था करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम स्थल पर जनसेट, साउण्ड एवं अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें समय से कराये जाने के निर्देश कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को दिये। रबी उत्पादन गोष्ठी में चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा के 300 किसान, हमीरपुर, चित्रकूट एवं महोबा के 100.100 किसान प्रतिभाग करेंगे। रबी गोष्ठी में किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी दिये जाने हेतु तकनीकी सत्र का आयोजन किया जायेगा। क्षेत्रीय भ्रमण के लिए प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, खेत.तालाब कार्यक्रम, जल.जीवन मिशन तथा आईएफएस के कार्यों की तैयारी भी रखने के निर्देश सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को दिये।

कैदियों को गरिमा के साथ जीने का अधिकार है : न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि कैदियों को भी गरिमा के साथ जीने का अधिकार है और कैदियों को इस अधिकार से वंचित रखना उपनिवेशवादी एवं पूर्व-औपनिवेशिक तंत्र की याद दिलाता है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी उस वक्त की जब न्यायालय ने जेलों में कैदियों के बीच जाति के आधार पर काम के बंटवारे, अलग अलग बैरक की व्यवस्था और गैर अधिसूचित जनजातियों एवं आदतन अपराधियों को लेकर पूर्वाग्रह पर रोक के संबंध में अपना फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल, महाराष्ट्र, कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश समेत 10 राज्यों की जेल नियमावली में आपत्तिजनक नियमों को असंवैधानिक करार दिया।

प्रधान न्यायाधीश ने पीठ की ओर से 148 पृष्ठों का फैसला लिखते हुए संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव का निषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), 21 (जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और 23 (जबरन श्रम के खिलाफ अधिकार) के तहत मौलिक अधिकारों पर चर्चा की। न्यायालय ने अनुच्छेद 21 का जिक्र करते हुए कहा, गरिमा के साथ जीने का अधिकार कैदियों पर भी लागू होता है। कैदियों को सम्मान नहीं देना उपनिवेशवादी और पूर्व-औपनिवेशिक तंत्रों की याद दिलाता है, जहां राष्ट्र के अधीन रहने वालों के साथ अमानवीय व्यवहार तथा उन्हें अपमानित करने के लिए दमनकारी प्रणालियां तैयार की गई थीं।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, संविधान लागू होने से पूर्व के शासन ने जेलों को न केवल कैद रखने के स्थान के रूप में देखा, बल्कि वर्चस्व के साधन के रूप में भी देखा। इस न्यायालय ने संविधान द्वारा लाए गए बदले हुए कानूनी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए माना है कि कैदियों को भी गरिमा के साथ जीने का अधिकार है।

अनुच्छेद 14 के संबंध में न्यायालय ने कहा कि राज्य किसी भी व्यक्ति को कानून के समक्ष समानता या भारत के राज्यक्षेत्र में कानूनों के समान संरक्षण से वंचित नहीं करेगा तथा समानता संवैधानिक दृष्टिकोण का एक महत्वपूर्ण पहलू है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 14 के तहत न्यायालय द्वारा निर्धारित संवैधानिक मानकों को इस प्रकार संक्षेप में प्रस्तुत किया जा सकता है। सबसे पहले, अगर इसमें स्पष्ट अंतर है और वांछित उद्देश्य के साथ उचित संबंध है तो संविधान वर्गीकरण की अनुमति देता है। दूसरा, केवल निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए वर्गीकरण परीक्षण को गणितीय सूत्र के रूप में लागू नहीं किया जा सकता है...। इसके बाद फैसले में अनुच्छेद 15 पर बात की गई जो जाति, नस्ल, धर्म, भाषा आदि के आधार पर भेदभाव को प्रतिबंधित करता है।

न्यायालय ने कहा, अगर राज्य स्वयं किसी नागरिक के विरुद्ध किसी भी आधार पर भेदभाव करता है, तो यह सर्वोच्च स्तर का भेदभाव है। आखिरकार, राज्य से भेदभाव को रोकने की अपेक्षा की जाती है न कि उसे कायम रखने की। इसलिए हमारा संविधान राज्य को किसी भी नागरिक के विरुद्ध भेदभाव करने से रोकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि भेदभाव निषिद्ध है, क्योंकि इसका मानव जीवन पर कई तरह से प्रभाव पड़ता है और यह किसी व्यक्ति या समूह के प्रति श्रेष्ठता या हीनता, पूर्वाग्रह, अवमानना या घृणा की भावना के कारण उत्पन्न होता है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, इतिहास में इस तरह की भावनाओं ने कुछ समुदायों के नरसंहार को जन्म दिया। जिस व्यक्ति के साथ भेदभाव किया जाता है, इससे उसके आत्म-सम्मान को भी ठेस पहुंचती है। यह अवसरों के अनुचित हनन और लोगों के एक समूह के खिलाफ निरंतर हिंसा का कारण बन सकता है। समाज के वंचित वर्ग से किसी व्यक्ति का लगातार उपहास उड़ाकर या अपमानित करके भी भेदभाव किया जा सकता है। यह उस व्यक्ति के लिए बहुत पीड़ादायक होता है जो आजीवन उसे प्रभावित कर सकता है।

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, भारत के संविधान के लागू होने से पहले बनाए गए भेदभावपूर्ण कानूनों की जांच की जानी चाहिए और उन्हें समाप्त किया जाना चाहिए। न्यायालय ने अनुच्छेद 17 पर कहा कि यह अस्पृश्यता को प्रतिबंधित करता है और किसी भी रूप में इसका प्रचलन निषिद्ध है। अस्पृश्यता की वजह से किसी को भी अयोग्य ठहराना कानून के अनुसार दंडनीय अपराध होगा और इस प्रावधान का संविधान में विशेष स्थान है क्योंकि यह सामाजिक रूप से भेदभाव के चलन को समाप्त करता है। पीठ ने कहा, अनुच्छेद 17 में कहा गया है कि सभी लोग जन्म से समान होते हैं।

अदालत ने मंडोली जेल से स्थानांतरण के खिलाफ ठग सुकेश चंद्रशेखर की याचिका खारिज की

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कई आपराधिक मामलों में अभियोजन का सामना कर रहे कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर की याचिका को स्वीकार करने से इनकार कर दिया, जिसमें जेल अधिकारियों को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया था कि उसे मंडोली जेल से यहां किसी अन्य जेल में स्थानांतरित न किया जाए। आरोपी ने दलील दी कि वह विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त है और उसे उपचार के लिए सफदरजंग एवं राम मनोहर लोहिया अस्पतालों में ले जाया गया था तथा स्थानांतरण से उसके चिकित्सा उपचार में बाधा उत्पन्न होगी।

उच्च न्यायालय ने माना कि जो उपचार वह करा रहा है, वह उसे अन्य जेल परिसरों में भी आसानी से उपलब्ध कराया जा सकता है। न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने कहा, इसलिए, यह देखते हुए कि याचिकाकर्ता को जो उपचार दिया जा रहा है, वह उसे अन्य जेल परिसरों में आसानी से उपलब्ध कराया जा सकता है, इस अदालत को प्रशासनिक कारणों से आवश्यक होने पर याचिकाकर्ता को अन्य जेलों में स्थानांतरित न करने के निर्देश जारी करने की कोई आवश्यकता नहीं लगती है। अदालत ने हालांकि कहा कि यदि चंद्रशेखर को इस जेल से किसी अन्य जेल में स्थानांतरित किया जाता है तो उसे तीन दिन पहले सूचना दी जानी चाहिए।

न्यायालय ने कहा कि चिकित्सा स्थिति रिपोर्ट से स्पष्ट है कि आरोपी को उसकी शारीरिक बीमारियों के कारण सफदरजंग और राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पतालों में ले जाया गया तथा आवश्यकता पड़ने पर उसे उच्चतर केंद्रों में भी ले जाया गया। अदालत ने कहा कि उनकी शारीरिक बीमारियों के लिए उनका इलाज बाहरी अस्पतालों में चल रहा था। साथ ही यह भी कहा गया कि यह दावा किया गया था कि वह चिंता से पीड़ित थे और उनका इलाज मनोचिकित्सक द्वारा किया जा रहा था तथा उनकी वर्तमान स्थिति स्थिर है।

उच्च न्यायालय ने कहा, हालांकि, केंद्रीय कारागार, तिहाड़ में भी मनोरोग उपचार के लिए ऐसी ही सुविधा है। इसलिए, जेल प्रशासन में हस्तक्षेप करने वाले ऐसे निर्देश तब तक नहीं दिए जाने चाहिए जब तक कि जेल प्रशासन की ओर से कोई बाध्यकारी कारण या दुर्भावना न दिखाई दे। चंद्रशेखर ने अपनी याचिका में कहा कि उसे मंडोली जेल से स्थानांतरित न किया जाए क्योंकि वह 2020 से पित्ताशय की पथरी सहित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित हैं और उन्हें इलाज के लिए सफदरजंग और आरएमएल अस्पतालों में ले जाया गया था।

ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश की अवमानना हुई तो हम ढांचे को बहाल करने के लिए कहेंगे

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यदि उसने पाया कि गुजरात के अधिकारियों ने संपत्ति के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना की है तो वह उन्हें तोड़े गए ढांचों को फिर से बहाल करने के लिए कहेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ शीर्ष अदालत के 17 सितंबर के आदेश के कथित उल्लंघन के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अपील वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि देशभर में अपराध के आरोपियों सहित अन्य लोगों की संपत्तियों का बिना शीर्ष अदालत की अनुमति के ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा।

याचिकाकर्ता समस्त पाटनी मुस्लिम जमात की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद गुजरात में अधिकारियों ने ढांचों को ध्वस्त कर दिया है। गुजरात के अधिकारियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ढांचे समुद्र से सटे हुए और सोमनाथ मंदिर से लगभग 340 मीटर की दूरी पर थे।

मेहता ने कहा, यह न्यायालय द्वारा निर्धारित अपवाद के अंतर्गत आता है। पिछले महीने अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कहा था, हम स्पष्ट करते हैं कि अगर किसी सार्वजनिक स्थान जैसे कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या नदी अथवा किसी जल निकाय से सटी कोई अनधिकृत संरचना है तो हमारा आदेश लागू नहीं होगा। इसके अलावा ऐसे मामलों में जहां किसी अदालत द्वारा तोड़फोड़ का आदेश दिया गया हो, वहां भी हमारा आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा, अगर हमें लगता है कि वे हमारे आदेश की अवमानना कर रहे हैं, तो हम न केवल उन्हें जेल भेजेंगे बल्कि हम उनसे यह सब बहाल करने के लिए भी कहेंगे।

पत्रकारों के खिलाफ महज इसलिए मामला दर्ज नहीं किया जाना चाहिए कि उनके लेख आलोचनात्मक है : न्यायालय

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि पत्रकारों के खिलाफ केवल इसलिए आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए क्योंकि उनके लेखन को सरकार की आलोचना के रूप में देखा जाता है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि लोकतांत्रिक देशों में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है और संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत पत्रकारों के अधिकार संरक्षित हैं। पीठ पत्रकार अभिषेक उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिन्होंने उत्तर प्रदेश में सामान्य प्रशासन में जाति विशेष की सक्रियता संबंधी एक कथित रिपोर्ट को लेकर अपने खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया है।

पीठ ने कहा, केवल इसलिए कि किसी पत्रकार के लेखन को सरकार की आलोचना माना जाता है, पत्रकार के खिलाफ आपराधिक मामला नहीं दर्ज किया जाना चाहिए। इस याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगते हुए पीठ ने कहा, इस बीच, संबंधित रिपोर्ट के संबंध में याचिकाकर्ता के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाना चाहिए।

पीठ ने अपने आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता एक पत्रकार हैं और उन्होंने राज्य में जिम्मेदार पदों पर तैनात अधिकारियों पर जातिवादी झुकाव वाली एक रिपोर्ट प्रकाशित की। पीठ ने कहा कि इस रिपोर्ट के बाद उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, याचिकाकर्ता के वकील ने प्राथमिकी की सामग्री को पढ़ते हुए कहा कि उक्त प्राथमिकी से कोई अपराध नहीं बनता है। फिर भी याचिकाकर्ता को निशाना बनाया जा रहा है और चूंकि रिपोर्ट एक्स पर पोस्ट की गई थी, इसलिए इसके परिणामस्वरूप कई अन्य प्राथमिकी दर्ज हो सकती हैं।

मामले में अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया है कि उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया जाना राज्य के कानून लागू करने वाले तंत्र का दुरुपयोग करके उसकी आवाज दबाने का स्पष्ट प्रयास है और आगे किसी भी तरह के उत्पीड़न को रोकने के लिए इसे रद्द किया जाना चाहिए। पत्रकार अभिषेक उपाध्याय की याचिका में दावा किया गया है कि जब उन्होंने यादव राज बनाम ठाकुर राज शीर्षक से खबर की तो लखनऊ के हजरतगंज थाने में 20 सितंबर को उनके नाम प्राथमिकी दर्ज की गई।

याचिका में कहा गया है कि प्राथमिकी भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं 353 (2) (सार्वजनिक शरारत के लिए बयान), 197 (1) (सी) (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक आरोप या कथन प्रकाशित करना), 356 (2) (मानहानि के लिए सजा) और 302 (जानबूझकर किसी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोलना) और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम के प्रावधानों के तहत दर्ज की गई। अधिवक्ता अनूप प्रकाश अवस्थी के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि इस रिपोर्ट से, यहां तक कि इसके प्रथमदृष्टया मूल्यांकन से भी, किसी अपराध के होने का खुलासा नहीं होता है। याचिका में कहा गया, याचिकाकर्ता ने इसलिए अदालत का रुख किया है क्योंकि उत्तर प्रदेश पुलिस के आधिकारिक एक्स हैंडल द्वारा कानूनी कार्वाई की धमकी दी गई और याचिकाकर्ता को यह जानकारी नहीं है कि उत्तर प्रदेश या कहीं और इस मुद्दे पर उसके खिलाफ कितनी अन्य प्राथमिकी दर्ज हैं।

ध्वस्तीकरण संबंधी आदेश की अवमानना हुई तो हम ढांचे को बहाल करने के लिए कहेंगे: न्यायालय

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यदि उसने पाया कि गुजरात के अधिकारियों ने संपत्ति के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके हालिया आदेश की अवमानना करने वाला कृत्य किया है तो वह उन्हें तोड़े गए ढांचों को फिर से बहाल करने के लिए कहेगा। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ शीर्ष अदालत के 17 सितंबर के आदेश के कथित उल्लंघन के लिए अवमानना कार्यवाही शुरू करने की अपील वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें कहा गया था कि देशभर में अपराध के आरोपियों सहित अन्य लोगों की संपत्तियों का बिना शीर्ष अदालत की अनुमति के ध्वस्तीकरण नहीं किया जाएगा। पीठ ने गुजरात में सोमनाथ मंदिर के पास ध्वस्तीकरण पर यथास्थिति का आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। गुजरात में अधिकारियों ने गिर सोमनाथ जिले में 28 सितंबर को सोमनाथ मंदिर के पास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाने के लिए एक ध्वस्तीकरण अभियान चलाया था। प्रशासन ने कहा था कि अभियान के दौरान धार्मिक ढांचों और कंक्रीट के घरों को ध्वस्त कर दिया गया जिससे 60 करोड़ रुपए मूल्य की लगभग 15 हेक्टेयर सरकारी भूमि मुक्त हो गई। याचिकाकर्ता समस्त पाटनी मुस्लिम जमात की ओर से पेश वरिष्ठ वकील संजय हेगड़े ने कहा कि शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद गुजरात में अधिकारियों ने ढांचों को ध्वस्त कर दिया है। गुजरात के अधिकारियों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि ढांचे समुद्र से सटे हुए और सोमनाथ मंदिर से लगभग 340 मीटर की दूरी पर थे। मेहता ने कहा, यह न्यायालय द्वारा निर्धारित अपवाद के अंतर्गत आता है। पिछले महीने अपने आदेश में उच्चतम न्यायालय ने कहा था, हम स्पष्ट करते हैं कि अगर किसी सार्वजनिक स्थान जैसे कि सड़क, फुटपाथ, रेलवे लाइन या नदी अथवा किसी जल निकाय से सटी कोई अनधिकृत संरचना है तो हमारा आदेश लागू नहीं होगा। इसके अलावा ऐसे मामलों में जहां किसी अदालत द्वारा तोड़फोड़ का आदेश दिया गया हो, वहां भी हमारा आदेश लागू नहीं होगा। पीठ ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान कहा, अगर हमें लगता है कि वे हमारे आदेश की अवमानना कर रहे हैं, तो हम न केवल उन्हें जेल भेजेंगे बल्कि हम उनसे यह सब बहाल करने के लिए भी कहेंगे। याचिका पर कोई नोटिस जारी किए बिना पीठ ने मेहता से जवाब दाखिल करने के लिए कहा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 16 अक्टूबर की तिथि तय की। वरिष्ठ अधिवक्ता हेगड़े ने कहा कि वहां (वह क्षेत्र जहां ध्वस्तीकरण किया गया था) लोगों को जारी किए गए नोटिस में किसी भी तरह के तोड़फोड़ किए जाने की बात नहीं थी, लेकिन 28 सितंबर को ध्वस्तीकरण अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि 57 एकड़ में फैले क्षेत्र में 45 घर, 10 मस्जिद और पांच दरगाहें शामिल थीं।

न्यायालय ने एमसीडी स्थाई समिति के चुनाव कराने में दिल्ली के उपराज्यपाल की जल्दबाजी पर सवाल उठाए

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थाई समिति के छठे सदस्य के चुनाव के वास्ते कार्यकारी शक्तियों का प्रयोग करने में उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से की गई अत्यधिक जल्दबाजी पर शुक्रवार को सवाल उठाया। न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय से कहा कि वह स्थाई समिति के अध्यक्ष पद का चुनाव तब तक न कराए जब तक वह (न्यायालय) 27 सितंबर को हुए स्थाई समिति चुनाव के खिलाफ महापौर शैली ओबेरॉय की याचिका पर सुनवाई न कर ले। पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय जैन से कहा, यदि आप एमसीडी स्थाई समिति के अध्यक्ष के लिए चुनाव कराते हैं तो हम इसे गंभीरता से लेंगे। पीठ ने कहा कि शुरुआत में वह इस याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं थी, लेकिन उपराज्यपाल वी. के. सक्सेना द्वारा दिल्ली नगरपालिका अधिनियम की धारा 487 के तहत अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करने के निर्णय के कारण उसे नोटिस जारी करना पड़ा। पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय से कहा, यदि आप दिल्ली नगर निगम अधिनियम की धारा 487 के तहत कार्यकारी शक्तियों का इस्तेमाल करना शुरू करते हैं तो लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। आप चुनावी प्रक्रिया में बाधा कैसे डाल सकते हैं। पीठ ने उपराज्यपाल कार्यालय से दो सप्ताह में जवाब मांगा और मामले की सुनवाई शीर्ष अदालत के दशहरा अवकाश के बाद निर्धारित की।

कारागारों में जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध संबंधी न्यायालय का फैसला स्वागत योग्यः माकपा

नई दिल्ली। माकपा ने कारागारों में जाति आधारित भेदभाव पर प्रतिबंध लगाने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का शुक्रवार को स्वागत किया और राज्यों से इसे लागू करने के लिए कदम उठाने की मांग की। प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ द्वारा दिया गया निर्णय घृणित जाति व्यवस्था के खिलाफ अत्यंत आवश्यक लड़ाई में न्यायपालिका की ओर से किया गया एक महत्वपूर्ण हस्तक्षेप है। कैदियों को भी सम्मान के साथ जीने का अधिकार है और विभिन्न कारागारों की नियमावालियों और कानूनों में जातिगत पूर्वाग्रह और अलगाव की अनुमति देने वाले प्रावधानों को असंवैधानिक करार दिया। माकपा सभी राज्यों से मांग करती है कि शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए सुझावों को तीन महीने के भीतर लागू करने के लिए कदम उठाए ताकि कारागारों में जाति आधारित भेदभाव को समाप्त किया जा सके।

तेलंगानाः नृत्य निर्देशक जानी मास्टर को अंतरिम जमानत मिली

भाषा। हैदराबाद

अपने साथ काम करने वाली एक महिला का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न करने को लेकर पिछले महीने गिरफ्तार किए गए नृत्य निर्देशक जानी मास्टर को हैदराबाद की एक अदालत ने अंतरिम जमानत दे दी है। अदालत ने बृहस्पतिवार को जानी मास्टर को छह अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक अंतरिम जमानत दी, जिनका असली नाम शैक जानी बाशा है। अगले हफ्ते दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार समारोह में शामिल होने के लिए जमानत अर्जी दायर की थी। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें 10 अक्टूबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। जानी मास्टर को 19 सितंबर को साइबराबाद पुलिस ने गोवा में हिरासत में लिया था और हैदरबाद लाई थी तथा शहर की एक अदालत में पेश किया था जिसने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

महिला ने जानी मास्टर की सहायक नृत्य निर्देशक के रूप में काम किया था। महिला ने पुलिस में दी एक शिकायत में आरोप लगाया था कि जानी मास्टर ने काम के सिलसिले में 2020 में की गई मुंबई की यात्रा के दौरान उसका यौन उत्पीड़न किया था और बाद में भी उसका यौन शोषण किया।

महिला को जानी मास्टर ने इस बारे में किसी को भी बताने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी थी। नरसिंगी पुलिस थाने में, 15 सितंबर को भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2)(एन), 506, 323 के तहत एक मामला दर्ज किया गया था। महिला के बयान दर्ज कराने के दौरान यह खुलासा हुआ कि कथित घटना के वक्त वह नाबालिग थी। इसलिए, मामले में यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की धारा भी जोड़ी गई। पीड़िता के बयान के अनुसार, आरोपी ने 2020 से उसके साथ विभिन्न स्थानों-- पीड़िता के घर सहित शूटिंग स्थलों पर कई बार यौन उत्पीड़न किया। साथ ही, आरोपी ने उसके साथ शादी करने के लिए उस पर दबाव भी बनाया।

विनीत गोयल पर प्राथमिकी दर्ज करने संबंधी याचिका पर सोमवार को सुनवाई होगी

कोलकाता। कलकत्ता उच्च न्यायालय आरजीकर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की पीड़िता का कथित तौर पर नाम उजागर करने के लिए कोलकाता के पूर्व पुलिस आयुक्त विनीत गोयल के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुरोध वाली जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। नौ अगस्त को आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की चिकित्सक के साथ दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या की घटना के समय गोयल कोलकाता पुलिस के आयुक्त थे और अब वह पश्चिम बंगाल पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में तैनात हैं। उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की गई जिसमें दावा किया गया कि गोयल ने जारी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए पीड़िता का नाम उजागर किया।

अदालत के समक्ष जनहित याचिका पेश करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता महेश जेठमलानी ने कहा कि याचिकाकर्ता ने पीड़िता की पहचान उजागर करने वाले कथित अपराधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने अनुरोध किया है। याचिकाकर्ता कलकत्ता उच्च न्यायालय में वकील है। जेठमलानी ने मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ को अवगत कराया कि आर जी कर अस्पताल मामले का स्वतः संज्ञान लेकर सुनवाई कर रहे उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि इस मसले पर सुनवाई उच्च न्यायालय कर सकता है।

पीठ में न्यायमूर्ति बिवास पटनायक भी शामिल हैं। पीठ ने कहा कि इस जनहित याचिका को सुनवाई के वास्ते सोमवार के लिए सूचीबद्ध किया गया है। शीर्ष अदालत के साथ-साथ उच्च न्यायालय ने भी पीड़िता की पहचान उजागर नहीं करने के निर्देश दिए थे। राज्य के जूनियर डॉक्टर घटना के तुरंत बाद हड़ताल पर चले गए थे और इस दौरान उन्होंने पीड़िता के लिए न्याय, कार्यस्थल पर सुरक्षा और कोलकाता पुलिस आयुक्त के पद से गोयल को हटाने आदि की मांग भी की थी। उच्च न्यायालय ने इस मामले पर कई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई के बाद मामले की जांच कोलकाता पुलिस से लेकर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी थी। इन जनहित याचिकाओं में पीड़िता के माता-पिता की भी एक याचिका शामिल है, जिन्होंने अपनी बेटी की मौत की निष्पक्ष जांच की मांग की थी।

पेज 1 का शेष

महाराष्ट्र विस...

की स्थिति बनी रही। घटना दोपहर करीब 12.40 बजे हुई। जिरवाल, उनके साथी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) विधायक किरण लहामाटे और भाजपा आदिवासी सांसद हेमंत सवारा उन लोगों में शामिल थे, जिन्होंने तीसरी मंजिल से दूसरी मंजिल पर लगे सुरक्षा जाल पर छलांग लगाई। यह घटना स्थल पर पहले भी आत्महत्या के प्रयासों के जवाब में एहतियात के तौर पर की गई थी। इस विरोध प्रदर्शन में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के दो विधायक और एक सांसद शामिल थे, जिसने आदिवासी मुद्दों से निपटने के सरकार के तरीके को लेकर बढ़ते तनाव को उजागर किया।पुलिस कर्मियों द्वारा इन नेताओं को जाल से हटाने के बाद, ये आदिवासी प्रतिनिधि ग्राउंड फ्लोर के गलियारे में एकत्र हुए और यह दावा करते हुए धरना शुरू कर दिया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कोटा मुद्दे पर चर्चा करने के लिए उनसे नहीं मिल रहे हैं। राज्य में धनगर या चरवाहा समुदाय आरक्षण के उद्देश्य से एसटी श्रेणी में शामिल किए जाने की मांग कर रहा है। लेकिन जिरवाल और अन्य आदिवासी नेता इस मांग का विरोध कर रहे हैं। पत्रकारों से जब पूछा गया कि उन्हें इस तरह के विरोध का सहारा क्यों लेना पड़ा, तो जिरवाल ने कहा, 'मैं पहले एक आदिवासी हूं और फिर एक विधायक और एक डिप्टी स्पीकर हूं।'

पश्चिम एशिया ....

के बीच तेजी से बढ़ते हमलों की श्रृंखला में नवीनतम है, जिससे मध्य पूर्व में क्षेत्रव्यापी युद्ध की आशंका है। इजराइल ने कहा कि उसने कई मिसाइलों को रोक दिया, और वाशिंगटन में अधिकारियों ने कहा कि अमेरिकी विध्वंसक जहाजों ने इजराइल की रक्षा में सहायता की। ईरान ने कहा कि उसकी अधिकांश मिसाइलें अपने लक्ष्य पर लगीं। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई रिपोर्ट नहीं है।80 वर्षीय खामेनेई ने तेहरान के मुख्य प्रार्थना स्थल मोसल्ला मस्जिद में हजारों लोगों को संबोधित करते हुए 40 मिनट के भाषण में कहा कि लगभग एक साल पहले 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इजरायल पर हमास के नेतृत्व में किया गया हमला फिलिस्तीनी लोगों की एक वैध कार्रवाई थी। उन्होंने कहा कि मंगलवार का मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून, देश के कानून और इस्लामी मान्यताओं पर आधारित था।

उन्होंने अफगानिस्तान से यमन और ईरान से गाजा और यमन तक देशों से दुश्मन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तैयार रहने का आग्रह किया और ऐसा करते हुए मारे गए लोगों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, लेबनान और फिलिस्तीन में हमारे प्रतिरोधी लोग, आप बहादुर लड़ाके, आप वफादार और धैर्यवान लोग, ये शहादतें और जो खून बहा है, वह आपके दृढ़ संकल्प को हिला नहीं सकता बल्कि आपको और अधिक दृढ़ बनाना चाहिए। खामेनेई ने अरब देशों को संबोधित करते हुए अपना आधा भाषण अरबी में दिया। खामेनेई की शुक्रवार की नमाज़ में अंतिम उपस्थिति रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरल कासिम सुलेमानी की मृत्यु के बाद हुई थी, जो 2020 में बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में मारे गए थे। खामेनेई के भाषण से पहले लेबनानी हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मृत्यु की स्मृति में एक समारोह आयोजित किया गया था। राष्टपति मसूद पेजेशकियन और शीर्ष रिवोल्यूशनरी गार्ड जनरलों सहित अधिकांश उच्च पदस्थ ईरानी अधिकारी समारोह में शामिल हुए। ईरान हिज़्बुल्लाह का मुख्य समर्थक है और उसने समूह को हथियार और अरबों डॉलर भेजे हैं।

वैश्विक अर्थव्यवस्था ....

इजरायल जवाबी कार्रवाई करता है और संभवतः उसके परमाणु और तेल संयंत्रों पर हमला करेगा। भारत 85 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल के आयात पर निर्भर है, जिसे पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में परिवर्तित किया जाता है, और इसकी लगभग आधी गैस की जरूरतें पूरी होती हैं। इनमें से अधिकांश मध्य पूर्व से आते हैं, और अगर इजरायल-ईरान के बीच लंबे समय तक संघर्ष चलता है, तो आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। पीएम मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए शांति महत्वपूण है।

तिरुपति लड्डू विवाद...

गया था। इससे बड़े पैमाने पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।युवजन श्रमिक रायथू (वाईएसआर) कांग्रेस पार्टी ने आरोप लगाया है कि नायडू ने राजनीतिक लाभ के लिए ए निंदनीय आरोप लगाए और राज्य में सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने अपने दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट जारी की। पीठ ने इस मामले में न्यायालय की निगरानी में जांच कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं सहित कई याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया।

पुणे में ...

ले जाने में कामयाबी हासिल की। शुक्रवार सुबह करीब पांच बजे कोंडवा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। राज्य विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुई इस घटना ने राजनीतिक विवाद का रूप ले लिया है।घटना पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया देते हुए एनसीपी (सपा) सुप्रीमो शरद पवार ने कहा, एक तरफ, हमारे पास भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा घोषित लड़की बहन योजना है, जबकि दूसरी तरफ महिलाओं पर अत्याचार हो रहे हैं। एक तरफ, लड़की बहन योजना के माध्यम से महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों के कारण लोगों में काफी गुस्सा है।' विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, राज्य विधानसभा चुनावों से पहले, मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्री खुद को भाई, भाऊ और दादा के रूप में ब्रांड करने में लगे हुए हैं और दूसरी तरफ, पिछले दो दिनों में पुणे में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार की चौंकाने वाली घटनाएं सामने आई हैं। वडेट्टीवार की भाई, भाऊ और दादा टिप्पणी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस और अजीत पवार के संदर्भ में की गई थी। फडणवीस राज्य के गृह मंत्री हैं, जबकि अजित पवार राज्य के वित्त मंत्री और पुणे के संरक्षक मंत्री हैं।

ऐतिहासिक कश्मीरी ...

ऑटो रिक्शा व बसों की अवैध पार्किंग के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या सबसे ज्यादा रहती है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा आईएसबीटी कश्मीरी गेट, मेट्रो स्टेशन के आसपास भी अतिक्रमण है, जिससे यहां ट्रैफिक जाम रहता है। वर्मा के मुताबिक अतिक्रमण हट जाए और ऑटो रिक्शा व निजी वाहनों को नियंत्रित कर दिया जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली सरकार ने नई नीतियां लागू कर अंतरराज्यीय बस टर्मिनल (आईएसबीटी) के आसपास ट्रैफिक जाम कम करने के लिए कदम उठाए हैं। इसके तहत अब निजी और सरकारी अंतरराज्यीय बसों के लिए पार्किंग और बस बे उपयोग शुल्क एक समान होगा, ताकि निजी बसों को सड़क किनारे अवैध रूप से पार्क करने से रोका जा सके, जिससे ट्रैफिक जाम होता है। इसके अलावा बसों को पूर्व निर्धारित दर पर 25 मिनट का निश्चित पार्किंग समय दिया जाएगा। अगर कोई बस इस आवंटित समय से अधिक खड़ी होगी तो उससे अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बिना फास्टैग वाली बसों को टर्मिनल में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। दिल्ली में तीन आईएसबीटी हैं - कश्मीरी गेट, आनंद विहार और सराय काले खां। राज निवास के अधिकारियों ने कहा कि आईएसबीटी के बाहर यातायात की भीड़ अब कम हो गई है, और आईएसबीटी के बाहर यातायात और पैदल यात्रियों की आवाजाही पर कम टर्नअराउंड समय के प्रभाव का पता लगाने के लिए यातायात पुलिस से एक रिपोर्ट भी मांगी गई है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर, नए आदेश के बाद औसत टर्नअराउंड समय अगस्त में 45 मिनट से घटकर 29 मिनट हो गया है, तब से औसतन 19 मिनट हो गए हैं। अगस्त में टर्मिनल से आने-जाने वाली बसों की संख्या औसतन प्रतिदिन 1,373 थी और अब यह 1,644 प्रतिदिन है।विशेष रूप से, केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) ने कश्मीरी गेट अंतरराज्यीय बस टर्मिनस (आईएसबीटी) के आसपास के क्षेत्र को भीड़भाड़ से मुक्त करने के लिए यातायात डायवर्जन योजना में कई दीर्घकालिक संशोधनों का प्रस्ताव दिया है।

एक और महत्वपूर्ण बदलाव निगमबोध घाट यू-टर्न को बंद करना है। पातालेश्वर मंदिर की ओर जाने वाली बसों के लिए जगह बढ़ाने के लिए, सीआरआरआई ने ज़्यादातर इस्तेमाल न किए जाने वाले फुटपाथ की चौड़ाई कम करने का सुझाव दिया है। बदलावों में बसों को ग्रांड ट्रंक रोड पर शास्त्री पार्क डीएमआरसी डिपो की ओर ले जाना भी शामिल है, ताकि हरियाणा और पंजाब से आने वाली बसें आईएसबीटी में प्रवेश करने के लिए रिंग रोड पर इंतज़ार न करें और भीड़भाड़ न पैदा करें। वहीं दिल्ली मेट्रो द्वारा ट्विन टनल निर्माण के कारण उत्तरी दिल्ली में रोशनारा रोड एक महीने से अधिक समय तक यातायात और पैदल चलने वालों के लिए बंद रहेगा, शुक्रवार को एक एडवाइजरी में कहा गया।

कांग्रेस ने पूरे उत्तर भारत को मादक पदार्थों का केंद्र बनाया था : शाह

भाषा। अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में मादक पदार्थ की जब्ती को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पर हमला बोला और आरोप लगाया कि 2014 से पहले जब वह (कांग्रेस) सत्ता में थी, तो उसने पूरे उत्तर भारत को अवैध मादक पदार्थ व्यापार का केंद्र बना दिया था।पुलिस ने इस सप्ताह की शुरुआत में दिल्ली में मादक पदार्थ सबसे बड़ी खेप की बरामदगी के तहत 560 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 5,620 करोड़ रुपए है।गांधीनगर जिले के मनसा कस्बे में एक सभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी तुषार गोयल दिल्ली युवा कांग्रेस के आरटीआई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है। पिछले 10 वर्षों के दौरान की गई जब्तियों के बारे में आंकड़े देते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के तुरंत बाद मादक पदार्थ मुक्त भारत अभियान शुरू किया था। शाह ने कहा, दो दिन पहले दिल्ली में 5,600 करोड़ रुपए का मादक द्रव्य बरामद किया गया। जब कांग्रेस 2004 से 2014 के बीच केंद्र की सत्ता में थी, तब देशभर में करीब 1.52 लाख किलोग्राम मादक द्रव्य जब्त किया गया था। लेकिन हमारे मादक पदार्थ विरोधी अभियान की बदौलत हमने 2014 से 2024 तक 10 वर्षों में 5.43 लाख किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के 10 साल के शासन के दौरान 768 करोड़ रुपए के मादक पदार्थ जब्त किए गए, जबकि 2014 से भाजपा शासन के तहत इतने ही वर्षों में 27,600 करोड़ रुपए के मादक द्रव्य जब्त किए गए। शाह ने पूछा, मैं सोच रहा था कि इन सरकारों के कार्यकाल में हुई जब्तियों में इतना अंतर क्यों है। जांच में पता चला कि मुख्य आरोपी तुषार गोयल, जिसे गिरफ्तार किया गया है, दिल्ली कांग्रेस के आरटीआई प्रकोष्ठ का अध्यक्ष है। क्या किसी राजनीतिक दल के लिए मादक पदार्थों का उन्मूलन करना संभव है, यदि उसके अपने कुछ सदस्य मादक पदार्थों के व्यापार में लिप्त हों? शाह ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले कांग्रेस ने पूरे उत्तर भारत को, चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो, पंजाब हो, हरियाणा हो या दिल्ली हो, मादक पदार्थ के कारोबार का केंद्र बना दिया था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने इस कारोबार के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए हैं। शाह ने कहा कि गुजरात में भी भाजपा सरकार ने सिर्फ तीन साल में 8,500 करोड़ रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है। शाह ने कहा, जिस पार्टी के सदस्य खुद मादक पदार्थों के व्यापार में लिप्त हों, वह कभी भी किसी राज्य या देश को नशे की बुराई से मुक्त नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री के नशा मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम एकमात्र पार्टी भाजपा है। वह मनसा में 421 बिस्तरों वाले अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से पहले शाह ने गांधीनगर नगर निगम की विभिन्न विकास परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद गांधीनगर शहर में लोगों को संबोधित किया।

क्या ड्रग तस्कर के भाजपा नेताओं से संबंध के बारे में बताएंगे गृह मंत्री: कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी से 5,600 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले में गृह मंत्री अमित शाह के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को उन पर असत्य बोलने का आरोप लगाया और सवाल किया कि क्या वह इन तस्कर के भाजपा नेताओं से संबंध के बारे में बताएंगे। पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने मादक पदार्थ जब्ती के मामले में मुख्य आरोपी की भाजपा के कुछ नेताओं के साथ कथित तस्वीरें साझा करते हुए गृह मंत्री पर पलटवार किया। गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली से 5,600 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के मादक पदार्थ की जब्ती के मामले में कांग्रेस के एक पूर्व पदाधिकारी की संलिप्तता को लेकर शुक्रवार को उस पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार जहां युवाओं को खेल, शिक्षा और नवोन्मेष की ओर ले जा रही है, वहीं, प्रमुख विपक्षी दल उन्हें मादक पदार्थ की अंधेरी दुनिया में ले जाना चाहता है। शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक ओर जहां मोदी सरकार नशामुक्त भारत के लिए कतई न बर्दाश्त करने की नीति अपना रही है, वहीं उत्तर भारत में पकड़ी गई ड्रग्स की 5,600 करोड़ रुपए की खेप के सिलसिले में कांग्रेस के एक प्रमुख व्यक्ति की संलिप्तता बेहद खतरनाक और शर्मनाक है। गृह मंत्री के इस पोस्ट को रीपोस्ट करते हुए खेड़ा ने कहा, क्या वह इस ड्रग तस्कर के भाजपा नेताओं से कनेक्शन बताएंगे? उन्होंने शाह पर असत्य बोलने का आरोप भी लगाया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा कि गृह मंत्री, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आगे निकलने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने हाल में ही राष्ट्रीय राजधानी से 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया था, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 5,620 करोड़ रुपए है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने दक्षिण दिल्ली के महिपालपुर से चार लोगो को पकड़ा था और उनके पास से 602 किलोग्राम मादक पदार्थ की खेप जब्त की थी।

हरियाणा के लोग प्रधानमंत्री के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए प्रहार करेंगे : राहुल

भाषा। नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की आर्थिक नीतियों को लेकर शुक्रवार को उस पर प्रहार किया और कहा कि हरियाणा के लोग जल्द ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूंजीवादी नीतियों के चक्रव्यूह को तोड़ने के लिए अगला प्रहार करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा की सत्ता में आने के बाद कांग्रेस रोजगार सृजन पर जोर देगी तथा राज्य को नशामुक्त किया जाएगा जिससे हर

परिवार खुशहाल होगा। हरियाणा की सभी 90 सीट के लिए शनिवार को मतदान होगा और मतगणना आठ अक्टूबर को होगी। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, हाल ही में मैंने गोहाना की स्वादिष्ट जलेबियों और उन्हें अधिक व्यापक रूप से बेचने की संभावना के बारे में बात की थी। भारत में ऐसे ही छोटे उत्पादकों के 5500 समूह हैं, जो उचित सहयोग मिलने पर अपने उत्पादों को दुनिया भर में बेच सकते हैं। उन्हें वित्त, प्रौद्योगिकी, नेटवर्क, ब्रांडिंग और बेहतर आधार प्रदान करने के लिए नीतियों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, इस सहयोग से दुनिया न केवल हमारी मिठाई का आनंद ले सकती है, बल्कि सोपोर के सेब, बल्लारी की जींस, कोल्हापुरी चप्पल, मेघालय के अनानास, बिहार के मखाने, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और बहुत कुछ का आनंद ले सकती है।

भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र रहा है : आरएसएस प्रमुख भागवत

भाषा। कोटा (राजस्थान)

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार को कहा कि भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र रहा है और अब इसे और अधिक प्रगतिशील, सक्षम और मजबूत इकाई में बदलना होगा। वह राजस्थान के बारां में अपने चार-दिवसीय दौरे के दूसरे दिन एक संवाद सत्र के दौरान एक स्वयंसेवक द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। आरएसएस सरसंघचालक ने पुष्टि की कि भारत हमेशा से हिंदू राष्ट्र रहा है और इसे और अधिक उन्नत, सक्षम और मजबूत बनाया जाना चाहिए। समाज को आरएसएस से जोड़ने के तरीके के बारे में उन्होंने कहा कि अजनबियों को परिचितों में, परिचितों को साथियों में और साथियों को स्वयंसेवकों में बदला जाना चाहिए। भागवत ने स्वयंसेवकों के साथ शिव मंदिर परिसर के बाहर पौधारोपण अभियान में भी भाग लिया। इस अवसर पर 51 पौधे लगाए गए और स्वयंसेवकों ने पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। उन्होंने सुबह बारां में मांगरोल रोड स्थित प्राचीन प्यारेराम मंदिर के दर्शन किए।

रेलवे के निजीकरण का सवाल ही नहीं, किफायती सेवा पर ध्यान : वैष्णव

नासिक। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे के निजीकरण का कोई सवाल ही नहीं है और राष्ट्रीय परिवहन सेवा प्रदाता का ध्यान सभी को किफायती सेवा प्रदान करने पर है। रेल मंत्री ने यहां कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि लोग 400 रुपए से कम खर्च में 1,000 किलोमीटर तक आराम से यात्रा कर सकें। उन्होंने यहां रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा, अगले पांच वर्षों में रेलवे का पूर्ण कायाकल्प होगा। वंदे भारत, नमो भारत जैसी ट्रेनें, कवच ट्रेन सुरक्षा तंत्र की तैनाती इस बदलाव का नेतृत्व करेंगी।

किसी भी समाज के विकास का आइना है महिला विकास : राष्ट्रपति मुर्मू

भाषा। जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि महिलाओं का विकास किसी भी समाज के विकास का आइना है। उन्होंने बच्चों की शिक्षा पर जोर देते हुए शुक्रवार को कहा कि शिक्षा ही विकास की कुंजी है। मुर्मू, ऐतिहासिक मानगढ़ धाम बांसवाड़ा में आदि गौरव सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थीं।उन्होंने कहा, आज आदि गौरव सम्मान प्राप्त करने वाले सभी व्यक्तियों और संस्थाओं को मैं बहुत-बहुत बधाई देती हूं। व्यक्तिगत सम्मान प्राप्त करने वाले लोगों में महिलाओं की संख्या अधिक है। यह आदिवासी समाज के लिए, राजस्थान के लिए और पूरे देश के लिए गौरव की बात है। यह मैं इसलिए कह रही हूं कि महिलाओं का विकास, किसी भी समाज के विकास का आईना है। राष्ट्रपति ने कहा कि इस सम्मान समारोह से यह भी सिद्ध हुआ कि जनजाति समुदाय के लोगों में बहुमुखी क्षमता है और उन्होंने अनेक क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया है।

राजनीतिक दलों ने असमिया को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने का स्वागत किया

गुवाहाटी। असमिया सहित चार अन्य भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देने के केंद्र सरकार के फैसले का राज्य के सभी राजनीतिक दलों ने स्वागत किया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि वर्षों से असमिया भाषा को लेकर कई विवाद और आंदोलन हुए हैं। शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि हालांकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असमिया और बंगाली को शास्त्रीय भाषा घोषित करके इस विवाद को हमेशा के लिए खत्म कर दिया। इसके लिए असम के लोग हमेशा मोदी जी के आभारी रहेंगे।

चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमला में भगवान वेंकेटश्वर स्वामी को रेशम की पोशाक भेंट की

तिरुपति (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को तिरुमला हिल्स स्थित मंदिर में भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को राज्य सरकार की ओर से पट्टू वस्त्रालू (रेशम की पोशाक) भेंट की। वह नौ दिवसीय सालाना ब्रह्मोत्सव में भाग लेने यहां पहुंचे हैं। नायडू अपनी पत्नी भुवनेश्वरी के साथ शाम में तिरुपति पहुंचे जहां अधिकारियों ने उनका भव्य

स्वागत किया। नायडू और उनकी पत्नी ने मंदिर के पुजारियों से वैदिक आशीष और प्रसाद प्राप्त किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) का 2025 का कैलेंडर और डायरी भी जारी की। नायडू ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि ब्रह्मोत्सव में भाग लेने वाले सभी लोगों के लिए यह एक शुभ अवसर होगा। उन्होंने कहा, मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि जब वे मंदिर में आएं तो पवित्रता बनाए रखें। मैं सभी से अनुरोध करता हूं कि वे टीटीडी की गतिविधियों का समर्थन करें।

एक्सिस वैल्यू 50 इंडेक्स फंड देगा लाभ

मुंबई। एक्सिस म्यूचुअल फंड, भारत में सबसे तेजी से बढ़ते और प्रमुख फंड हाउस में से एक, अपने नए फंड ऑफर - एक्सिस निफ्टी 500 वैल्यू 50 इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा करते हुए खुश है। इस ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड का लक्ष्य निफ्टी 500 वैल्यू 50 टोटल रिटर्न इंडेक्सके प्रदर्शन को दोहराना है। नया फंड ऑफर 04 अक्टूबर, 2024 को खुलेगा और 18 अक्टूबर, 2024 को बंद होगा। इस फंड का प्रबंधन श्री कार्तिक कुमार और हितेश दास द्वारा किया जाएगा एक्सिस एएमसी के एमडी और सीईओ बी. गोपकुमार ने कहा,जब फैक्टर निवेश की बात आती है तो भारत अभी भी एक प्रारंभिक चरण में है, इस विषय को हाल ही में निवेशकों के बीच स्वीकृति मिली है। एक्सिस म्यूचुअल फंड में, हमारा उद्देश्य हमेशा निवेशकों को अभिनव और निवेशक केंद्रित निवेश समाधान प्रदान करना रहा है। इस विश्वास को देखते हुए, हमारा नवीनतम फंड, एक्सिस निफ्टी 500 वैल्यू 50 इंडेक्स फंड निवेशकों को अपेक्षाकृत कम लागत पर सही लेबल वैल्यू रणनीति में भाग लेने का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करता है।

हर 10 में से 8 नियोक्ता 'राईट टू डिस्कनेक्ट' नीतियों का समर्थन करते हैं

नई दिल्ली। हाल ही में ग्लोबल जॉब मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड के सर्वे में सामने आया है कि भारत में 79 प्रतिशत नियोक्ताओं का मानना है कि कार्यस्थल पर 'राईट टू डिस्कनेक्ट' पॉलिसी का क्रियान्वयन एक सक्रिय कदम होगा। भारत में "ऑलवेज ऑन" की संस्कृति कर्मचारियों की समस्या बनती जा रही है, इसलिए इस नीति के बारे में चर्चाओं का महत्व बढ़ता चला जा रहा है ताकि कर्मचारियों पर बढ़ते तनाव का समाधान करने में मदद मिल सके। सर्वे में सामने आया कि 88 प्रतिशत भारतीय कर्मचारियों से उनके नियोक्ता काम के घंटों के बाद भी लगातार संपर्क में रहते हैं, तथा 85 प्रतिशत कर्मचारियों ने बताया कि यह संचार बीमारी के अवकाश और सार्वजनिक छुट्टी के दिनों में भी जारी रहता है। अधिकांश कर्मचारियों (79 प्रतिशत) को महसूस होता है कि काम के घंटों के बाद भी उपलब्ध न रहने पर उन्हें हर्जाना भुगतना पड़ सकता है और उनके प्रमोशन में बाधा, व्यवसायिक प्रतिष्ठा को नुकसान और प्रोजेक्ट में रुकावट आ सकती है। इस परिणामों से भारत के प्रतिस्पर्धी वातावरण और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में कार्य और व्यक्तिगत जीवन के बीच स्पष्ट सीमारेखा बनाए रखने की बढ़ती चुनौती प्रदर्शित होती है। सर्वे में सामने आया कि काम के घंटों के बाद संपर्क में रहने और राईट टू डिस्कनेक्ट के मामले में विभिन्न पीढियों के दृष्टिकोण में बहुत बड़ा अंतर है। बेबी बूमर्स (88 प्रतिशत) से जब काम के घंटों के बाद संपर्क किया जाता है, तब उन्हें महसूस होता है कि उनका भी महत्व है। इससे वफादारी और हमेशा उपलब्ध रहने की उनकी पारंपरिक कार्यनीति प्रदर्शित होती है। इस पीढ़ी के लिए निरंतर उपलब्ध रहने को समर्पण और विश्वसनीयता के रूप में देखा जाता है। रोहन सिल्वेस्टर, टेलेंट स्ट्रेट्जी एडवाईजर, इनडीड इंडिया ने कहा, "अब व्यक्तिगत सीमाओं का महत्व बढ़ गया है। आज का कार्यबल संतुलन चाहता है, और जो संगठन यह संतुलन प्रदान करते हैं, उन्हें ज्यादा वफादारी और उत्पादकता प्राप्त होती है। अब ऐसी संस्कृति का विकास करने की जरूरत है, जिसमें कर्मचारियों को सुरक्षित और महत्वपूर्ण महसूस हो।

भारत को सैन्य प्रौद्योगिकी और उत्पादन दर में चीन की बराबरी करने क जरूरत : वायुसेना प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वायुसेना का लक्ष्य स्वदेशीकरण कार्यक्रम के तहत 2047 तक अपनी सभी आवश्यकताओं से जुड़े उत्पादन भारत में करना है। उन्होंने कहा कि हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को आपूर्ति में देरी को पाटने के अपने वादे के अनुसार सालाना 24 तेजस हल्के लड़ाकू विमानों का उत्पादन करना चाहिए।भारतीय वायुसेना दिवस आठ अक्टूबर से पहले एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए एयर चीफ मार्शल ने कहा कि भारत को प्रौद्योगिकी और सैन्य उपकरणों के उत्पादन की गति के मामले में चीन के बराबर पहुंचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हम अपने पड़ोसी से बहुत पीछे हैं। वायुसेना प्रमुख सिंह ने साथ

ही कहा कि भारतीय सेना विभिन्न आयुध प्रणालियों और रक्षा मशीनों को संचालित करने वाले कर्मियों सहित कार्मिकों के मामले में बहुत आगे है। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि जहां तक जवानों का सवाल है, जहां तक मशीन के पीछे काम करने वाले लोगों का सवाल है, तो हम उनसे बहुत आगे हैं।एयर चीफ मार्शल ने कहा, जहां तक प्रौद्योगिकी का सवाल है, हमारी स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। हम पिछड़ गए हैं। कुछ समय पहले हम प्रौद्योगिकी में उनसे बेहतर थेअ लेकिन अब हम उसमें पिछड़ गए हैं और हमें उनसे आगे निकलने की जरूरत है। उन्होंने कहा, जहां तक उत्पादन दर का सवाल है, हम काफी पीछे हैं। हमें उस स्तर तक पहुंचने की जरूरत है जो समय के साथ होगा। यह रातोरात नहीं हो सकता। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख गतिरोध में जारी गतिरोध पर वायुसेना प्रमुख ने कहा कि स्थिति वैसी ही है जैसी पिछले एक साल से थी, लेकिन इस दौरान बुनियादी ढांचे का विकास बहुत तेजी से हुआ है। उन्होंने कहा, हम इसके अनुरूप प्रयास कर रहे हैं। हम अपने हवाई पट्टियों का उन्नयन कर रहे हैं। नई हवाई पट्टी बन रही हैं। वायुसेना प्रमुख ने हथियारों और अन्य प्रणालियों में भारत के आत्मनिर्भर बनने के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि भविष्य की रक्षा चुनौतियों का सामना करना महत्वपूर्ण है।

टाटा प्ले बिंज पर देखें सबसे बड़ी ओटीटी हिट

मुंबई। टाटा प्ले बिंज पर, एक सब्सक्रिप्शन, एक लॉगइन और एक ही ऐप के अंदर देख सकते हैं, अनन्या पांडे की 'कॉल मी बे'। एक्शन थ्रिलर, तनाव सीजन 2 में देखने को मिला मानव विज और अरबाज खान का दमदार अभिनय। वहीं ताज़ा खबर सीजन 2, लव सितारा, जट्ट एंड जूलियट 3 ने भी इस माह मनोरंजन करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। ये सभी ओटीटी ऐप्स देखने के लिए टाटा प्ले बिंज की सदस्यता लें। टाटा प्ले बिंज प्लेटफॉर्म पर एक ही सदस्यता में 30 से अधिक राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय, क्षेत्रीय ओटीटी ऐप्स और खेलों का आनंद लिया जा सकता है। 249/- रुपये प्रतिमाह में 30 से अधिक ऐप्स में से अमेज़न प्राइम और किन्हीं भी 6 ऐप्स की सदस्यता मिलती है। टाटा प्ले डीटीएच सदस्य डीटीएच चैनलों के साथ नेटफ्लिक्स की सदस्यता भी ले सकते हैं।

संभव स्टील लिमिटेड ने दाखिल किया डीआरएचपी

मुंबई। संभव स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (एसएसटीएल या कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कंपनी 31 मार्च, 2024 तक स्थापित क्षमता के मामले में भारत में इलेक्ट्रिक रेजिस्टेंस वेल्डेड (ईआरडब्ल्यू) स्टील पाइप और स्ट्रक्चरल ट्यूब (होलो सेक्शन) के प्रमुख निर्माताओं में से एक है। कंपनी ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से इक्विटी शेयरों (प्रत्येक का अंकित मूल्य 10) की पेशकश के माध्यम से 5,400 मिलियन (540 करोड़) तक के फंड जुटाने की योजना बनाई है। (लिस्टिंग विवरण)नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

नवरात्रि पर शुद्धता पर जोर

नई दिल्ली। नवरात्रि का नौ दिवसीय त्योहार पर पंजाब ग्रिल की नवरात्रि थाली एक बेहतरीन विकल्प है, जो एक स्वादिष्ट और संतोषजनक दावत पेश करती है। व्रत रखने वालों या नवरात्रि के उत्साह को महसूस करने की इच्छा रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए, यह शुद्ध-शाकाहारी मेनू पूरे त्योहार के मौसम में पोषण और स्वाद का एक अद्वितीय मिश्रण प्रदान करता है। इस नवरात्रि, पंजाब ग्रिल के साथ उत्सव मनाएं और एक स्वादिष्ट यात्रा का आनंद लें, जो परंपरा, भक्ति और एकजुटता की खुशी का सम्मान करती है। पंजाब ग्रिल के बेहद कुशल शेफ द्वारा तैयार की गई यह थाली सात्विक सामग्री, समृद्ध बनावट और प्रामाणिक उत्सव के स्वादों के बीच एकदम सही संतुलन बनाती है। पंजाब ग्रिल कानपुर, इंदौर, लखनऊ और अहमदाबाद में अपने रेस्तरां में विशेष शुद्ध शाकाहारी मेनू भी पेश कर रहा है।

पाइन लैब्स का कॉर्पोरेट गिफ्टिंग सॉल्यूशन

कानपुर। पाइन लैब्स के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया अमेजन गोल्ड वाउचर, ऐसा ही एक बेहतरीन कॉर्पोरेट गिफ्टिंग सॉल्यूशन है। यह गोल्ड वाउचर अमेजन पे की सुविधा और सोने में निवेश को एक साथ पेश करता है। अमेजन गोल्ड वाउचर को अग्रणी फिनटेक कंपनी पाइन लैब्स प्राइवेट लिमिटेड (पाइन लैब्स) द्वारा जारी और संचालित किया जाता है। अमेजन गोल्ड वाउचर कॉर्पोरेट गिफ्टिंग के क्षेत्र में एक गेम-चेंजर पहल है। यह यूजर को फ्लेक्सिबिलिटी, सुरक्षा प्रदान करता है, साथ ही यह उपयोग में भी आसान है। चाहे कर्मचारियों को पुरस्कृत करना हो या ग्राहकों को प्रभावित करना हो, इन वाउचर की मदद से कारोबारियों को भी महंगे गिफ्ट प्रदान करना सरल, सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाता है। इन वाउचर्स को पाने वाले की जरूरत के अनुसार कस्टमाइज भी किया जा सकता है।

क्विक न्यूज

आईयूएमएल, एसडीपीआई और जमात-ए-इस्लामी कर रहे अल्पसंख्यकों का ध्रुवीकरण : माकपा

तिरुवनंतपुरम। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि राज्य में कट्टरपंथी विचारधारा के आधार पर अल्पसंख्यकों की गोलबंदी करने के लिए कांग्रेस की सहयोगी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल), एसडीपीआई और जमात-ए-इस्लामी ने हाथ मिला लिया है। माकपा के राज्य सचिव एम.वी.गोविंदन ने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि तीन दलों के इस कदम का केरल की राजनीति पर दूरगामी असर होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि तीनों दल राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मजबूत होने के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर रहे है। गोविंदन ने कहा, वे अब अल्पसंख्यकों को कट्टरपंथी मान्यताओं के आधार पर संगठित करने के लिए सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की विचारधारा को लागू कर रहे है। इस कदम के जरिए वे केरल में भाजपा को पैठ बनाने के लिए आदर्श स्थिति उत्पन्न कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि आईयूएमएल, एसडीपीआई और जमात-ए-इस्लामी गत संसदीय चुनाव के बाद से सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की दिशा मे काम कर रहे है और वे ए गतिविधियां जारी रखे हुए है।

बिहार में बाढ़ से अबतक 45 लाख लोग प्रभावित, मुजफ्फरपुर के लोग राहत-कार्यों से नाखुश

पटना-मुजफ्फरपुर। बिहार मे बाढ़ की स्थिति शुक्रवार को भी गंभीर बनी रही, हालांकि कई नदियों का जलस्तर कम हो गया। वही मुजफ्फरपुर में बाढ़ से प्रभावित कुछ लोगों ने अपर्याप्त राहत उपायों का आरोप लगाते हुए सड़क जाम कर दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आपदा प्रबंधन विभाग (डीएमडी) के अनुसार, बिहार में पिछले महीन से दो बार आई आपदा के कारण राज्य के कुल 38 में 30 जिलों के 45 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाढ़ प्रभावित प्रत्एक परिवार के बैंक खाते में 7,000 रुपए की वित्तीय सहायता हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने दरभंगा और आसपास के इलाकों में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) ने एक बुलेटिन में कहा, बागमती, बूढ़ी गंडक, गंडक, गंगा और कमला बलान सहित अधिकांश नदियों का जलस्तर कम हो गया है, लेकिन अब भी विभिन्न स्थानों पर एं खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसमें बताया गया कि डब्ल्यूआरडी अलर्ट पर है और संवेदनशील स्थानों पर बाढ़ के लिए सुरक्षा संबंधित कार्य किए जा रहे है। हालांकि, मुजफ्फरपुर जिले के औराई क्षेत्र मे बाढ़ प्रभावित कुछ लोग रहात कार्यों से खुश नही है। उन्होंने सुरक्षाकर्मियो पर पथराव किया, मुजफ्फरपुर-सीतामढ़ी राष्ट्रीय राजमार्ग को घंटों जाम रखा और सड़क पर टायर जलाए। मुजफ्फरपुर की पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विद्या सागा ने संवाददाताओ को बताया, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणो द्वारा जाम किए गए राजमार्ग को खुलवाया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज निवेशकों को बना रहा है सशक्त

नई दिल्ली। एचडीएफसी सिक्योरिटीज 2025 में अपनी 25 वीं वर्षगांठ मनाने की तैयारी कर रही है, यह स्पष्ट है कि कंपनी ने अपनी स्थापना से अब तक एक लंबा सफर तय किया है। एक पारंपरिक पेपर- लीड संगठन से लेकर एक पूर्ण डिजिटल इकोसिस्टम तक की यात्रा एचडीएफसी सिक्योरिटीज की नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता और अपने ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करने के उसके प्रयास को दर्शाती है। उन्मेष शर्मा, एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेसिडेंट, हेड आफ इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज, एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने आज आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि डिजिटल संगठन में परिवर्तन ने न केवल एचडीएफसी सिक्योरिटीज को बड़े ग्राहक आधार तक पहुंचने में सक्षम बनाया है, बल्कि तेज और कुशल सेवाओं की भी अनुमति दी है। इन्वेस्टराइट और एचडीएफसी स्काई जैसे एप्लिकेशन की शुरूआत ने ग्राहक अनुभव को और समृद्ध किया है, जिससे निवेश अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल हो गया है। दोनों ऐप नौसिखिए और अनुभवी निवेशकों दोनों के लिए निर्देशित और जिम्मेदार निवेश के अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन किए गए हैं। वे अनुसंधान-संचालित सुझाव, मूल्य अलर्ट, स्टॉप-लॉस अधिसूचनाएं और विविधीकरण रणनीतियों सहित मूल्यवान सिफारिशें प्रदान करते हैं, जिससे निवेशकों के पोर्टफोलियो की सुरक्षा बढ़ती है। इन्वेस्ट राइट और एचडीएफसी स्काय मोबाइल ऐप्स के उपयोगकर्ताओं की संख्या में वृद्धि इन डिजिटल पहलों की सफलता का प्रमाण है। कंपनी की इन-हाउस रिसर्च क्षमताओं ने इसे उद्योग में एक अग्रणी के रूप में और मजबूत किया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने स्टॉक एसआईपी, जीरो ब्रोकरेज ईटीएफ, मार्जिनल ट्रेडिंग फैसिलिटी (एमटीएफ) के माध्यम से 4 गुना तक का एक्सपोजर, बास्केट इनवेस्टिंग जैसे अभिनव उत्पादों की पेशकश करके वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाया है, जिसमें रिसर्चड् स्टॉक्स का क्यूरेटेड मिक्स भी शामिल है।

ओला इलेक्ट्रिक ने योजना शुरू की

बैंगलुरू। भारत की सबसे बड़ी प्योरप्ले ईवी कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने त्योहारों के लिए अपना सबसे बड़ा ओला सीज़न सेल बॉस शुरू किया। इस अभियान के अंतर्गत एस1 पोर्टफोलियो 49,999 रुपये की न्यूनतम राशि में उपलब्ध हो रहा है। साथ हीए कंपनी ने 37,000 रुपये तक के फेस्टिव बेनेफिट्स की घोषणा भी की हैए जिनमें हाईपरचार्जिंग क्रेडिट्स, मूवओएस़ अपग्रेड, एक्सेसरीज़ पर एक्सक्लुसिव डील और केयऱ के साथ कई आकर्षक ऑफर शामिल हैं। कंपनी आज से अपने बॉस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित बेनेफिट्स प्रदान करेगी। इस अभियान के बारे में भाविश अग्रवाल चेयरमैन एवं एमडी ओला इलेक्ट्रिक ने कहा कि हम इन त्योहारों पर सभी ऑफरों के साथ बॉस शुरू करने के लिए उत्साहित हैं। यह ईवी खरीदने का सबसे अच्छा समय है। बॉस हमारी अब तक की सबसे बड़ी फेस्टिव पेशकश है, जिसके साथ हम अपना मिशन आगे बढ़ा रहे हैं और देश में ईवी का विस्तार कर रहे हैं।

एमेज़ॉन व इंडिया पोस्ट के साथ एमओयू

मुंबई। एमेज़ॉन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज़ प्राईवेट लिमिटेड एमेज़ॉन इंडिया ने देश में अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत बनाने के लिए पोस्टल विभाग इंडिया पोस्ट के साथ एक मेमोरैंडम ऑफअंडरस्टैंडिंग पर दस्तखत किए। एमेज़ॉन के ग्राहक केंद्रित और टेक्नोलॉजिकल कौशल के साथ इंडिया पोस्ट के अंतिम छोर तक पहुँच रखने वाले डिलीवरी नेटवर्क और दशकों की विशेषज्ञता की मदद से यह गठबंधन ई.कॉमर्स लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा। इस एमओयू के अंतर्गत ये दोनों अपने लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में क्षमता को साझा करने संसाधनों के ज्यादा प्रभावी उपयोग और एफिशियंसी बढ़ाने के लिए सुगम इंटीग्रेशन और ज्ञान के आदान-प्रदान द्वारा अपने ऑपरेशंस में तालमेल बनाएंगे। इस गठबंधन द्वारा दोनों संगठनों का विकास होगा तथा एमेज़ॉन के ग्राहकों के लिए डिलीवरी के अनुभव में सुधार आएगा। खासकर दूरदराज और ग्रामीण हिस्सो के ग्राहकों को इस साझेदारी का विशेष लाभ मिलेगा। एमेज़ॉन इंडिया के वीपीए ऑपरेशंसए अभिनव सिंह ने कहा कि भारत में इंडिया पोस्ट के साथ हमारी साझेदारी ने भारत में एमेज़ॉन की वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाई है। इसने ई.कॉमर्स को पूरे देश में पहुँचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भारत में दशकों से सेवा दे रहे इस प्रतिष्ठित संगठन के साथ हमारी पार्टनरशिप के साथ हम लॉजिस्टिक्स और कस्टमर सेवा के क्षेत्र में लगातार कई सालों तक नए मानक स्थापित करते रहेंगे। यह पार्टनरशिप सरकार द्वारा अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और प्रक्रियाओं द्वारा इंडिया पोस्ट की सेवाओं और पहुँच का विस्तार एवं आधुनिकीकरण करने के लक्ष्य के अनुरूप है।

झारखंड में राकांपा विधायक कमलेश भाजपा में शामिल

रांची। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव से पहले, राज्य में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एकमात्र विधायक कमलेश सिंह शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गए। प्रदेश के हुसैनाबाद से विधायक ने पिछले साल एक नवंबर को हेमंत सोरेन नीत सरकार से समर्थन वापस ले लिया था। उन्होंने कहा कि वह पलामू में पार्टी को मजबूत करेंगे। सिंह का भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने पार्टी मुख्यालय में एक समारोह के दौरान भाजपा में स्वागत किया। मरांडी ने कहा, सिंह के भाजपा मे शामिल होने से पार्टी को नई मजबूती और ताकत मिलेगी। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। वह झारखंड के लिए भाजपा के चुनाव सह-प्रभारी है। शर्मा ने कहा, झारखंड में भाजपा के पक्ष मे माहौल बन गया है। यहां बदलाव होगा और इसे कोई नही रोक सकता। मेरा मानना है कि सिंह के शामिल होने से इसे और मजबूती मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी का एकमात्र उद्देश्य झारखंड मे पूर्ण बहुमत की सरकार बनाना और इसे देश के शीर्ष पांच विकसित राज्यो में से एक बनाना है। वही, सिंह ने कहा, बांग्लादेशी घुसपैठ पर अंकुश नही लगाया जा रहा है, भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और गठबंधन सरकार के मौजूदा शासन मे कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गई है।

कांग्रेस ने उखरुल हिंसा, पुलिस थाने से हथियार लूटने की घटना की जांच की मांग की

इम्फाल। कांग्रेस की मणिपुर इकाई के अध्यक्ष के. मेघचंद्र ने शुक्रवार को उखरुल हिंसा मामले की जांच की मांग की। राज्य के उखरुल कस्बे में दो गुटो के बीच झड़प के दौरान भीड़ ने एक पुलिस थाने पर धावा बोल दिया था और हथियार लूट लिए थे। कस्बे में स्वच्छता अभियान के तहत एक विवादित भूमि की सफाई को लेकर बुधवार को दो गुटो के बीच हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। मेघचंद्र ने पत्रकारो से कहा, मणिपुर सरकार उपद्रवियो को हथियारो की आपूर्ति करने वाली बन गई है, जैसा कि उखरुल हिंसा में देखा गया, जब भीड़ ने एक और पुलिस थाने में लूटपाट की। उन्होंने पूछा, जब भी हिंसा भड़कती है तो पुलिस थानों से सरकारी हथियार क्यो लूटे जाते है। हम इसे लूटपाट नही कहेंगे, बल्कि हम इसे हथियारो की आपूर्ति कहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन और गृह विभाग समय रहते हिंसा को रोकने में विफल रहा। मेघचंद्र ने यह भी मांग की कि इस बात की जांच कराई जाए कि उखरुल में हिंसा भड़कने के लिए कौन जिम्मेदार है और क्या इसमें कोई खुफिया विफलता थी।

इजराइल का बेरूत में भीषण हवाई हमला

सीरिया से मुख्य सड़क संपर्क को काटा

भाषा। बेरूत

इजराइल ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों में रातभर कई चरणों में भीषण हवाई हमले किए तथा लेबनान एवं सीरिया के बीच के मुख्य सड़क संपर्क को काट दिया। इजरायली बमबारी के कारण लेबनान से भाग रहे हजारों लोग जिस सीमावर्ती स्थल से सीरिया में प्रवेश करते हैं वह इसी मार्ग पर स्थित है। रात भर हुए विस्फोटों ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाकों को हिलाकर रख दिया। हवाई बमबारी के कारण रात में आकाश में धुएं के गुबार और आग की लपटें उठती दिखीं। विस्फोट इतने शक्तिशाली थे कि लेबनान की राजधानी से कई किलोमीटर दूर तक की इमारतें हिल गईं। इजरायली सेना ने फिलहाल यह नहीं बताया है कि उसका लक्ष्य क्या था। हताहतों के बारे में भी अभी कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इजरायली सेना ने शुक्रवार को कहा कि एक दिन पहले बेरूत में एक हमले में हिजबुल्ला के संचार प्रभाग के प्रमुख मोहम्मद राशिद स्कैफी की मौत हो गई थी। सेना ने एक बयान में कहा कि स्कैफी हिजबुल्ला का एक वरिष्ठ आतंकवादी था जो वर्ष 2000 से संचार इकाई के लिए जिम्मेदार था और संगठन के उच्चाधिकारियों के साथ घनिष्ठ रूप से जुड़ा था। लेबनान की सरकारी राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात क्षेत्र में लगातार 10 से अधिक हवाई हमले किए गए। एजेंसी ने बताया कि इजरायली हवाई हमले के कारण व्यस्त मसना बॉर्डर क्रॉसिंग के पास सड़क संपर्क कट गया, जहां से पिछले दो हफ्तों में लेबनान में युद्ध के कारण हजारों लोग भागकर सीरिया में घुस गए थे। दोनों देशों को जोड़ने वाले सबसे व्यस्त सड़क संपर्क को काटने वाले हवाई हमले के एक दिन पहले एक इजरायली सैन्य प्रवक्ता ने कहा था कि हिजबुल्ला सीमा पार से सैन्य उपकरणों के परिवहन की कोशिश कर रहा है। ऐसा माना जाता है कि हिजबुल्ला को अपने अधिकांश हथियार सीरिया के रास्ते ईरान से प्राप्त हुए हैं। संगठन की सीमा के दोनों ओर मौजूदगी है, एक ऐसा क्षेत्र जहां वह सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सेना के साथ लड़ रहा है।

इजराइल ने हमला किया, तो उसका जवाब पहले से कहीं अधिक जोरदार तरीके से दिया जाएगा : ईरानी विदेश मंत्री

बेरूत। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने शुक्रवार को चेतावनी दी कि अगर इजराइल उनके देश पर हमला करता है, तो उसका जवाब पहले से कहीं अधिक जोरदार तरीके से दिया जाएगा। अब्बास इस समय लेबनान के अधिकारियों से मुलाकात करने के लिए बेरूत में है। ईरान के इजराइल पर कम से कम 180 मिसाइलें दागने की घटना के बाद वह तीन दिवसीय यात्रा पर लेबनान पहुंचे है। हाल के दिनों में पश्चिम-एशिया में एक के बाद एक घटनाएं हो रही है, जिससे क्षेत्र युद्ध के मुहाने पर खड़ा हो गया है। अब्बास ने लेबनान की संसद के अध्यक्ष नबी बेरी से मुलाकात के बाद कहा, अगर इजराइल हमारे खिलाफ कोई कदम उठाता है, तो हमारा जवाब पहले से कहीं अधिक जोरदार होगा।

हैती में गिरोह के हमले में 20 से अधिक लोग मरे, 50 लोग घायल

भाषा। पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)

अफ्रीकी देश हैती के पोंट सोनडे शहर में एक गिरोह के लोगों ने बृहस्पतिवार को तड़के हमला किया जिसमें बच्चों सहित 20 से अधिक लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए। एक मानवाधिकार संगठन ने यह जानकारी दी।वार्ता, सुलह एवं जागरूकता आयोग की प्रवक्ता बेर्टाइड हारेस ने बताया कि ग्रान ग्रिफ गिरोह के लोगों ने पोंट-सोनडे शहर में हमला किया और घरों और कारों को आग लगा दी जिसमें कम से कम 20 लोग मारे गए और 50 लोग घायल हो गए।उन्होंने रेडियो किस्केया से कहा, बहुत से लोग इलाका छोड़कर भाग गए। सोशल मीडिया पर साझा किए गए एक वीडियो में लोगों का एक समूह झाड़ियों के बीच से भागता हुआ दिखाई दे रहा है, जिसमें एक महिला की सांस फूल रही थी और वह कह रही है, कहां जाए।एक अन्य वीडियो में गिरोह के लोगों के आने की बात सुनकर बड़ी संख्या में लोग सड़क पर भागते दिखाई दे रहे हैं।हारेस और अन्य लोगों ने निकट के तटीय शहर सेंट-मार्क की पुलिस की आलोचना की और कहा कि उसने पोंट-सोनडे में हमले के दौरान लोगों की मदद करने के वास्ते कोई कदम नहीं उठाया।एक रिपोर्ट के अनुसार, इस गिरोह में लगभग 100 सदस्य हैं और उन पर हत्या, बलात्कार, डकैती और अपहरण जैसे अपराधों का आरोप हैं।

ब्रिटेन ने संघर्ष प्रभावित लेबनान के लिए मानवीय सहायता भेजी

लंदन। ब्रिटेन ने शुक्रवार को कहा कि वह पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आम लोगों के व्यापक विस्थापन और मृतकों की बढ़ती संख्या के मद्देनजर लेबनान को मानवीय सहायता के रूप में एक करोड़ ग्रेट ब्रिटेन पाउंड (जीबीपी) की मदद भेज रहा है।ब्रिटेन का विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ब्रिटिश नागरिकों से लेबनान छोड़ने की लगातार अपील कर रहा है। साथ ही एफसीडीओ ने हिज्बुल्ला व इजराइल के बीच तत्काल संघर्ष विराम का अनुरोध किया है। सहायता पैकेज विश्वसनीय मानवीय संगठनों के माध्यम से वितरित किया जाएगा, जो लेबनान में लंबे समय से सहायता प्रदान करने का काम कर रहे हैं। ब्रिटेन की विकास राज्य मंत्री एनेलीज डोड्स ने कहा, लेबनान में संघर्ष के दौरान लोगों को जो नुकसान हुआ है। वह सभी को स्पष्ट रूप से पता है। ब्रिटेन से मिलने वाली यह अतिरिक्त धनराशि तेजी से बिगड़ती मानवीय स्थिति को नियंत्रित करने में मदद करेगी और निरंतर हिंसा से विस्थापित लोगों को राहत प्रदान मिलेगी। उन्होंने कहा, यह जीवन रक्षक सहायता महत्वपूर्ण है, लेकिन यह दीर्घकालिक समाधान नहीं है।

फीफा का इजराइल को निलंबित करने से इनकार

ज्यूरिख। विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा ने गुरुवार को यहां आयोजित अपनी शीर्ष परिषद की बैठक में इजराइली फुटबॉल महासंघ को निलंबित नही किया, लेकिन फलस्तीन के अधिकारियों द्वारा लगाए गए कथित भेदभाव के आरोपों की अनुशासनात्मक जांच के आदेश दिए।उसका एक सीनियर पैनल फलस्तीन के क्षेत्र में स्थित इजराइली फुटबॉल टीमों की इजराइली प्रतियोगिताओं में भागीदारी की जांच करेगा।

श्रीलंका ने 50 भारतीय मछुआरों को रिहा किया

कोलंबो। श्रीलंका के जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए 50 भारतीय मछुआरों को शुक्रवार को रिहा कर दिया। यह जानकारी यहां स्थित भारतीय मिशन ने दी। दोनो देशो के मछुआरे अनजाने में एक-दूसरे के जलक्षेत्र में प्रवेश करने के कारण अक्सर गिरफ्तार कर लिए जाते है।

पिगमेंटेड लाइनर्स पर जोर

यूके। पूरी दुनिया के लिए नायका कॉस्मेटिक्स ने त्योहारों के लिए स्टारडस्ट कोम आईलाइनर उतारा है। इन अल्ट्रा-पिगमेंटेड लाइनर्स के साथ अपनी खूबसूरत आँखों को एक ड्रामैटिक लुक देने के लिए तैयार हो जाइए। हाई-शाइन, मिरर जैसा फिनिश और होलोग्राफिक क्रोम फॉर्मूला आपकी आँखों को एक शानदार और ग्लैमरस लुक देता है। ये लाइनर आपको वह परफेक्ट पॉप देते हैं, चाहे आप शार्प विंग लगा रहे हों या रंगों का मज़ेदार स्प्लैश। इस्तेमाल में आसान ब्रश लगाने को आसान बनाता है। नायका के प्रवक्ता ने कहा, नायका कॉस्मेटिक्स में, हम ऐसे उत्पाद बनाने के लिए समर्पित हैं जो न केवल नवीनतम रुझानों को दर्शाते हैं बल्कि उन्हें सेट भी करते हैं।

जयशंकर ने श्रीलंका के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की

आर्थिक संकट से उबरने में सहयोग का दिया आश्वासन

भाषा। कोलंबो

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने के तरीकों एवं भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग जारी रखने के प्रति भी आश्वस्त किया। श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में दिसानायके के शपथ लेने के पखवाड़े भर के अंदर, जयशंकर एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार सुबह यहां पहुंचे। उन्होंने श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या और विदेश मंत्री विजिता हेराथ से भी मुलाकात की। दिसानायके के नेतृत्व वाली नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) की सरकार के 23 सितंबर को सत्ता में आने के बाद जयशंकर श्रीलंका का दौरा करने वाले पहले विदेशी राजनयिक हैं। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, (श्रीलंका के) राष्ट्रपति अनुरा दिसानायके से आज कोलंबो में मिलकर अच्छा लगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पोस्ट में कहा, भारत-श्रीलंका संबंधों के लिए उनकी गर्मजोशी भरी भावनाओं और मार्गदर्शन की सराहना की। दोनों देशों और क्षेत्र के लोगों के लाभ के लिए जारी सहयोग को प्रगाढ़ करने और भारत-श्रीलंका संबंधों को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। इसके शीघ्र बाद, दिसानायके ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि चर्चा पर्यटन, ऊर्जा और निवेश में सहयोग बढ़ाने तथा मत्स्य पालन, सुरक्षा और राष्ट्रीय एकता पर सहयोग जारी रखने पर केंद्रित रही। उन्होंने कहा, भारत के विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर की श्रीलंका की आधिकारिक यात्रा के दौरान आज उनसे मुलाकात की। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने पोस्ट में कहा, डॉ जयशंकर ने श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबरने में भारत के सहयोग की बात दोहराई।

चीन के बढ़ते प्रभाव के लिए जिम्मेदार लोग चीनी गाथा की सराहना कर रहे: गोयल

वाशिंगटन। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि पूरी दुनिया जब यह मान रही है कि चीन एक अपारदर्शी अर्थव्यवस्था है तो ऐसे समय मे भी कुछ लोग, जो भारतीय उद्योग में इसके बढ़ते प्रभाव के लिए संभवतः जिम्मेदार है, चीनी गाथा की प्रशंसा कर रहे है या उसका बचाव कर रहे है। गोयल ने पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि यह शर्म की बात है कि भारत ने घटिया और अपारदर्शी कीमत वाले चीनी सामान को भारतीय बाजारों में आने दिया और भारतीय विनिर्माण को नष्ट कर दिया।

युद्ध, अकाल, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में अगले हफ्ते से शुरू होगी नोबेल पुरस्कारों की घोषणा

भाषा। स्तावंजर (नॉर्वे)

दुनिया के कई हिस्सों में छिड़े युद्ध, शरणार्थी संकट, अकाल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस दौर में अगले हफ्ते से नोबेल पुरस्कारों की घोषणा शुरू हो जाएगी। पुरस्कार के ऐलान के सप्ताह में संयोग से सात अक्टूबर की वह तिथि भी आएगी जो हमास की अगुवाई में इजराइल पर किए गए हमले की बरसी भी है। हमास के हमले के बाद से पूरे पश्चिम एशिया में रक्तपात और युद्ध की शुरुआत हो गई जो करीब सालभर से जारी है। साहित्य और विज्ञान के लिए नोबेल पुरस्कार को छूट दी जा सकती है। लेकिन संघर्ष को समाप्त करने के प्रयासों को मान्यता देने वाला शांति पुरस्कार अगर दिया जाता है तो यह अंतरराष्ट्रीय हिंसा के माहौल में दिया जाएगा। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के निदेशक डैन स्मिथ ने कहा, मैं दुनिया पर नजर डालता हूं तो बहुत अधिक संघर्ष, शत्रुता और टकराव देखता हूं। मुझे आश्चर्य होता है कि क्या यह वह वर्ष है जब नोबेल शांति पुरस्कार की घोषणा नहीं की जानी चाहिए। पश्चिम एशिया में जारी घटनाओं के अतिरिक्त स्मिथ ने सूडान में युद्ध और अकाल के खतरे, यूक्रेन में चल रहे संघर्ष और अपने संस्थान की शोध रिपोर्ट का हवाला दिया जिससे पता चलता है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से वैश्विक सैन्य खर्च सबसे तेज गति से बढ़ रहा है। स्मिथ ने कहा, यह कुछ समूहों को दिया जा सकता है जो साहसपूर्ण प्रयास कर रहे हैं लेकिन हाशिए पर हैं। संभवत: इस साल का नोबेल शांति पुरस्कार रोककर इस तरफ ध्यान आकृष्ट करना ठीक रहेगा। नोबेल पुरस्कार की घोषणा नहीं करना कोई नई बात नहीं है और इसे अब तक 19 बार निलंबित किया जा चुका है।

ताइवान में तूफान क्रैथॉन के शांत होने के बाद यातायात बहाल हुआ

काउशुंग (ताइवान)। ताइवान में तूफान क्रैथॉन के शांत होने के बाद शुक्रवार को कामकाज, कक्षाएं और उड़ानें बहाल हो गईं। तूफान के प्रभाव के कारण ताइवान में मूसलाधार बारिश हुई थी लेकिन आखिरकार यह अब शांत पड़ गया है। उत्तरी तट और पर्वतीय क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है, जहां शुक्रवार की सुबह दो भूस्खलन हुए। क्रैथॉन की वजह से द्वीपीय देश में अधिकतर जगहों पर जनजीवन तीन दिन तक ठप रहा था, लेकिन शुक्रवार की सुबह यह तूफान कमजोर होकर उष्णकटिबंधीय अवदाब में बदला और वापस समुद्र की ओर चला गया। काउशुंग शहर, पिंगटुंग काउंटी, हुआलिएन काउंटी और न्यू ताइपे के कुछ हिस्सों को छोड़कर स्कूल और कारोबार फिर से खुल गए। दो दिनों से बंद पड़ी घरेलू उड़ानों का परिचालन फिर से शुरू हो गया। क्रैथॉन तूफान के कारण काउशुंग में 126 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं और मूसलाधार बारिश हुई, जिससे पेड़ उखड़ गए और सड़कें जलमग्न हो गईं।

मलेशिया के प्रधानमंत्री विभिन्न विषयों पर अंतरिम नेता यूनुस के साथ चर्चा के लिए बांग्लादेश पहुंचे

ढाका। मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम बांग्लादेश के प्रमुख सलाहकार मुहम्मद यूनुस से मुलाकात करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचे। यूनुस ने अगस्त में पदभार संभाला था, जब जन-विद्रोह के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पद छोड़ कर देश से चली गई थी। अधिकारियों और मीडिया की खबरों के अनुसार, अनवर की यात्रा व्यापार एवं निवेश, प्रवासी श्रमिकों और रोहिंग्या शरणार्थी संकट पर केंद्रित होगी। यूनुस ने ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अनवर का स्वागत किया, जहां उन्हें बंदूकों की सलामी दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के भारत चले जाने के बाद आठ अगस्त को यूनुस के सत्ता संभालने के बाद से यह किसी विदेशी नेता की बांग्लादेश की पहली यात्रा है। यह 11 वर्षों में किसी मलेशियाई नेता की बांग्लादेश की पहली राजकीय यात्रा भी है। पाकिस्तान से यहां पहुंचे अनवर 58 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। अगले साल, मलेशिया दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन की अध्यक्षता करेगा और बांग्लादेश उस क्षेत्र के साथ अपना व्यापार बढ़ाने के लिए उत्सुक है। बांग्लादेश रोहिंग्या शरणार्थी संकट के समाधान में आसियान को अधिकाधिक रूप से शामिल करने की नीति पर भी काम कर रहा है।

पाकिस्तान ने दिया सशस्त्र बलों के लिए 45 अरब का बजट

भाषा। इस्लामाबाद

पाकिस्तान सरकार ने सशस्त्र बलों के लिए 45 अरब रुपए का अतिरिक्त बजट उपलब्ध कराने का फैसला किया है, ताकि नकदी की कमी से जूझ रहे देश में चीन के वाणिज्यिक हितों की रक्षा करने और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर बाड़ लगाने का प्रबंधन करने की उसकी क्षमता को मजबूत किया जा सके। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के अनुसार, यह निर्णय बृहस्पतिवार को कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने की। अखबार ने कहा कि 45 अरब रुपए में से 35.4 अरब रुपए सेना को और 9.5 अरब रुपए नौसेना को विभिन्न उद्देश्यों के लिए दिए जाएंगे। ईसीसी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान रक्षा सेवाओं की पहले से स्वीकृत परियोजनाओं के लिए 45 अरब रुपए के तकनीकी अनुपूरक अनुदान के लिए रक्षा प्रभाग द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया और उसे मंजूरी दी। जून में बजट की मंजूरी के बाद सशस्त्र बलों के लिए स्वीकृत यह दूसरा बड़ा अनुपूरक अनुदान है। इससे पहले ईसीसी ने ऑपरेशन अज्म-ए-इस्तेहकाम के लिए 60 अरब रुपए दिए थे। ए अनुपूरक अनुदान 2127 अरब रुपए के रक्षा बजट के अतिरिक्त है। आतंकवादी हमलों की बढ़ती संख्या के कारण, चीन ने अपनी सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए आतंकवाद विरोधी सहयोग पर एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की मांग की है। चीन ने पाकिस्तान में पहले से काम कर रहे अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक संयुक्त कंपनी की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा है।

इमरान खान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले पाकिस्तान में सुरक्षा बढ़ाई गई

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी प्राधिकारियो ने इमरान खान को जेल से रिहा करने का दबाव बनाने के उद्देश्य से पूर्व प्रधानमंत्री की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा विरोध प्रदर्शन किए जाने की योजना को विफल करने के लिए देश की राजधानी इस्लामाबाद को शुक्रवार को सील कर दिया।विरोध प्रदर्शन का आह्वान क्रिकेटर से नेता बने 71 वर्षीय खान ने किया था, जो एक वर्ष से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद है। उन्होंने अपने समर्थकों से राजधानी के प्रतिष्ठित डी-चौक पर एकत्र होकर विरोध दर्ज कराने को कहा। यह वही जगह है जहा खान ने 2014 मे चुनावो मे कथित धांधली के खिलाफ 126 दिनो तक धरना किया था। सरकार ने शहर मे धारा 144 लागू कर सभी तरह के विरोध प्रदर्शनो एवं सभाओ पर रोक लगा दी और राजधानी के सभी प्रमुख प्रवेश बिंदुओ को अवरुद्ध कर दिया।

ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस क्या होता है, मच्छर जनित घातक बीमारी

सिडनी। अमेरिका में स्वास्थ्य अधिकारी एक दुर्लभ लेकिन संभावित रूप से मच्छर जनित घातक बीमारी के कारण चेतावनी जारी कर रहे हैं और सार्वजनिक पार्कों को बंद किया जा रहा है। इस सप्ताह, अमेरिका के न्यू हैम्पशायर प्रांत के एक व्यक्ति की ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस के कारण अस्पताल में भर्ती होने के बाद मृत्यु हो गई। अमेरिका के अन्य प्रांतों में भी इस बीमारी के मामले सामने आए हैं।लेकिन ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस क्या है? यह कैसे फैलता है? जैसा कि नाम से पता चलता है, क्या घोड़ों का इससे लेना-देना है? और क्या यह ऑस्ट्रेलिया के लिए एक समस्या है? ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस क्या होता है? ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस एक वायरस के कारण होता है जो आमतौर पर केवल अमेरिका के कुछ पूर्वी हिस्सों में पाया जाता है, मध्य अमेरिका से लेकर कनाडा तक। ईस्टर्न एक्वाइन इंसेफेलाइटिस का वायरस तंत्रिका संबंधी रोग, विशेष रूप से इंसेफेलाइटिस (मस्तिष्क की सूजन और सूजन) का कारण बनता है और मच्छर के काटने से मनुष्यों में फैलता है। इस बीमारी के लक्षण गंभीर और संभावित रूप से घातक हो सकते हैं। लेकिन, इस वायरस वाले मच्छर द्वारा काटे गए अधिकतर लोगों में इसके लक्षण नहीं दिखते हैं। जिन लोगों में बीमारी विकसित होती है, उनमें सिरदर्द, गर्दन में अकड़न, भ्रम, दौरे और कोमा जैसे लक्षण शामिल होते हैं। इस बीमारी से पीड़ित गंभीर लक्षण वाले लगभग एक तिहाई रोगियों की मृत्यु हो जाती है तथा जो बच जाते हैं उनमें से कई लोगों को तंत्रिका संबंधी समस्याएं बनी रहती हैं। इस वायरस से केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि घोड़े भी प्रभावित हो सकते हैं और मनुष्यों की तरह संक्रमित मच्छर के काटने से उन्हें भी घातक इंसेफेलाइटिस हो सकता है। इस वायरस की खोज 1831 में अमेरिका के न्यू इंग्लैंड क्षेत्र में घोड़ों में घातक बीमारी के प्रकोप के बाद हुई थी।

जीभ कैंसर कस्टमाइज्ड कीमोथेरेपी से किया ठीक

अमेरिकन ऑन्कोलॉजी इंस्टीट्यूट (एओआई) ने पश्चिम बंगाल के एक 46 वर्षीय मरीज के जीभ के कैंसर का सफल इलाज किया है, जिसे पहले हर तरफ से इंकार मिल चुका था। मरीज इनऑपरेबल जीभ के स्क्वैमस सेल कार्सिनोमा यानि जीभ के एक दुर्लभ किस्म के कैंसर से जूझ रहा था। इस मरीज के जीभ के दाहिने हिस्से पर एक दर्दनाक लोब्यूलेटेड मास था और काफी समय से तंबाकू चबाने के कारण जीभ के कैंसर से पीड़ित था। जीभ के कैंसर के कारण मरीज को कुछ भी खाने के बाद उसे निगलने और कुछ भी बोलने में मुश्किल पेश आ रही थी। बीते आठ महीनों में बार-बार कैंसर के लक्षण बढ़ रहे थे और पूरी तरह से ठीक नहीं होने वाले अल्सर से काफी परेशानी हो रही थी। उस अल्सर को ठीक करने के पिछले प्रयासों के बावजूद, रोगी की स्थिति लगातार बिगड़ती गई, जिसके लिए एक खास और स्पेशल ट्रीटमेंट एप्रोच की जरूरत थी। मरीज की जांच, कई टेस्टों और बायोप्सी के बाद, जिसमें जीभ के कैंसर की मौजूदगी की पुष्टि हुई, पाया गया कि इस अवस्था में मरीज की सर्जरी नहीं की जा सकती है। उसके बाद, उनका एओआई गुरुग्राम में मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में इलाज शुरू किया गया और उनके लिए एक कस्टमाइज्ड कीमोथेरेपी प्रोटोकॉल काफी ध्यान से तैयार किया गया। डोज और शेड्यूलिंग के मामले में रोगी की ज़रूरतों के हिसाब से इस ट्रीटमेंट प्रोसेस को मरीज के लिए पर्सनलाइज्ड तौर पर बनाया गया था। इस टार्गेटेड एप्रोच से उसकी स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ, जिससे वह अब अधिक अच्छे से बोल पाते हैं और खाना भी खा पा रहे हैं। सीटीएसआई-दक्षिण एशिया के सीईओ हरीश त्रिवेदी ने इस मामले पर प्रतिक्रिया देते कहा कि यह सफल उपचार उन डेवलपमेंट्स को सामने लाता है जो हम इनोवेटिव कीमोथेरेपी प्रोटोकॉल के माध्यम से कैंसर केयर में कर रहे हैं। एओआई में हमारी प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करना है कि इस तरह का मॉडर्न इलाज सभी को आसानी से उपलब्ध हो और इलाज प्रभावी हों, खासकर इस तरह के जटिल मामलों वाले रोगियों के लिए।

बादाम के सेवन से होगा पोषण

नवरात्रि के दौरान कई लोग उपवास रखते हैं या शाकाहारी आहार लेते हैं। इसमें बादाम भी शामिल हो जाए, तो आदर्श स्थिति बन जाएगी। बादाम में ग्लूटन नहीं होता है पादपआधारित प्रोटीन अच्छी मात्रा में होता है और 15 जरूरी पोषकतत्व भी होते हैं। बादाम वीगन डाइट लेने वाले लोगों के लिये भी परफेक्ट होती हैं। तरह.तरह के इस्?तेमाल में आ सकने के कारण बादाम नवरात्रि की पारंपरिक मिठाइयों और स्नैक्स का स्वाद बढ़ा देती हैं। स्वाद या त्यौहार के आनंद से समझौता किये बिना बादाम ज्यादा स्वास्थ्यकर विकल्प देती हैं। नवरात्रि के विशेष पकवानों में बादाम डालने से स्?वाद और कुरकुरापन बढ़ जाता है और सेहत को भी कई फायदे मिलते हैं। बादाम एलडीएल और टोटल कोलेस्ट्रॉल लेवल्स को कम करके दिल की सेहत को बेहतर बनाती हैं। जब बादाम को अच्छी तरह से संतुलित आहार में शामिल किया जाता हैए तब वे ब्लड शुगर को मैनेज करने में भी मददगार होती हैं। प्रोटीन और डाइटरी फाइबर समेत 15 जरूरी पोषक.तत्वों से भरपूर बादाम संतुष्टि देती हैं और आपको लंबे समय तक भूख नहीं लगने देती हैं। बादाम वजन को सही रखने में सहायक होती हैं और उन्हें नियमित रूप से खाने पर त्वचा भी ज्यादा स्वस्थ और चमकदार हो जाती है। इसका कारण बादाम में मौजूद विटामिन ई है जोकि एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट है। यह विटामिन ऑक्सीडेटिव नुकसान से बचाता है और त्वचा की सेहत का समर्थन करता है। मैक्स हेल्थकेयरए नई दिल्ली में डायटेटिक्स की रीजनल हेड ऋतिका समद्दार ने कहा नवरात्रि के दौरान देश के कई हिस्सों में लोग उपवास रखते हैंए लेकिन कई लोगों को उसका सही तरीका पता नहीं होता है।

क्विक न्यूज

न्यूजीलैंड ने अगर समाचार सामग्री के लिए शुल्क लगाया तो लिंक साझा करना बंद करेंगे : गूगल

वेलिंगटन। गूगल ने शुक्रवार को कहा कि यदि न्यूजीलैंड की सरकार प्रौद्योगिकी कंपनियों को अपने मंच पर प्रदर्शित लेखों के लिए भुगतान को अनिवार्य बनाने वाला कानून पारित करती है, तो वह देश की समाचार सामग्री का अपने मंच पर लिंक साझा करना बंद कर देगी और स्थानीय मीडिया कंपनियों से सहयोग भी रोक देगी। गूगल ने न्यूजीलैंड की समाचार साइट को अपनी सेवा से हटाने का संकल्प शुक्रवार को एक ब्लॉग पोस्ट जारी कर व्यक्त किया। यह उन रणनीतियों की याद दिलाता है, जिसे कंपनी ने तब अपनाया था, जब ऑस्ट्रेलिया और कनाडा हाल के वर्षों में इसी प्रकार के कानून बनाने की तैयारी कर रहे थे।न्यूजीलैंड सरकार ने इस साल जुलाई में हतप्रभ करते हुए घोषणा की थी कि सरकार उस विधेयक पर आगे बढ़ेगी जिसमें प्रौद्योगिकी मंचों पर समाचार सामग्री से उत्पन्न राजस्व को इसे बनाने वाले मीडिया आउटलेट्स के साथ साझा करने के लिए समझौते करना अनिवार्य होगा।

पाकिस्तान : इमरान खान के आह्वान पर इस्लामाबाद में एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस का इस्तेमाल

इस्लामाबाद। पाकिस्तानी अधिकारियों ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर शुक्रवार को डी-चौक पर एकत्र हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस का इस्तेमाल किया। अधिकारियों ने खान (71) के आह्वान पर आयोजित विरोध प्रदर्शनों को रोकने के लिए इस्लामाबाद और रावलपिंडी के अधिकांश हिस्सों में मोबाइल व इंटरनेट सेवाएं भी निलंबित कर दी। खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। उन्होंने अपने समर्थकों से राजधानी के इस ऐतिहासिक स्थल पर एकत्र होकर विरोध दर्ज कराने की अपील की थी। यह वही स्थल है जहां खान ने 2014 में चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ 126 दिन तक धरना दिया था। डी-चौक पर मीडिया से बात करते हुए इस्लामाबाद के पुलिस महानिरीक्षक सैयद अली नासिर रिजवी ने कहा कि पुलिस ने इस्लामाबाद में प्रवेश के सभी रास्ते बंद कर दिए है और लगभग 30 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार भी किया है। उन्होंने कहा, जहां भी पुलिस या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई है, वहां कार्वाई की जा रही है, अब तक 30 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

एसबीआई व सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी

सिंगापुर। एसबीआई कार्ड ने सिंगापुर की राष्ट्रीय एयरलाइंस सिंगापुर एयरलाइंस लिमिटेड (एसआईए) के साथ आज क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड लॉन्च किया। इस अनूठे यात्रा केंद्रित सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड को सुपर-प्रीमियम कार्डधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है जिसका लाभ ग्राहकों को हवाईयात्रा और जमीन दोनों प्राप्त होगा। एसआईए के इस समूह में सिंगापुर एयरलाइंस, स्कूट एयरलाइन, क्रिसशॉप डॉट कॉम, क्रिस+ लाइफस्टाइल ऐप और पेलेगो शामिल हैं। नए लॉन्च किए गए क्रेडिट कार्ड दो रूपों में उपलब्ध है - क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड और क्रिसफ्लायर कार्ड एपेक्स। इस साझेदारी के साथ, क्रिसफ्लायर एसबीआई कार्ड के ग्राहक अपनी यात्रा खर्चों पर कई बड़े पुरस्कार और तमाम तरह के लाभ प्राप्त कर सकेंगे। एसबीआई कार्ड के एमडी और सीईओ श्री अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा- आय में वृद्धि, प्रौद्योगिकी की तेजी से प्रगति और डिजिटलीकरण के साथ ही, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के खर्चों में भी एक नया वर्ग उभर कर सामने आया है। हमें सुपर-प्रीमियम कार्डधारक सेगमेंट में बेहतरीन और शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए सिंगापुर एयरलाइंस के साथ साझेदारी करके खुशी हो रही है, जिसके कई लाभ हैं और इस उद्योग में एक नए पैमाने स्थापित करते हैं। इस अवसर पर बोलते हुए, सिंगापुर एयरलाइंस के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट लॉयल्टी मार्केटिंग ब्रायन कोह ने कहा कि क्रिसफ्लायर की यात्रा एक एयरलाइन लॉयल्टी प्रोग्राम से शुरू होकर एक ट्रेवेल और जीवन शैली - केंद्रित पुरस्कार कार्यक्रम में विकसित हुई है जो हमारे ग्राहकों के लिए पूरे विश्व में खास फायदों का पिटारा खोलता है।

जिंदगी में बेहतरीन ड्रामा और शॉर्ट फिल्मों की गूंज

हालीवुड। जिंदगी डीटीएच लेकर आया है कार्यक्रमों का एक विशेष लाइन-अप। इसमें मशहूर फैमिली शोज़ से लेकर दिलचस्प ड्रामा और हल्की-फुलकी कॉमेडी का पूरा गुलदस्ता है, जिसे हर किसी के मूड और पसंद को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इस महीने में दर्शकों के लिए कंटेंट की एक बेहद बड़ी लिस्ट पेश की जा रही है, जिसमें क्लासिक और सबसे पसंदीदा शोज़, दिल को भाने वाले बेहतरीन ड्रामा और शॉर्ट फिल्में भी हैं। जिंदगी के पास सबके लिए कुछ ना कुछ है ताकि अक्टूबर महीने में पूरे परिवार के मनोरंजन के लिए यह एकमात्र जगह बन जाए। महीने की शुरुआत करते हुए जिंदगी डीटीएच अपने साथ लेकर आया है थायस की दिलकश कहानी। फिलहाल इसका पहली बार प्रसारण हर दिन शाम 6 बजे किया जा रहा है। इस इमोशनल ड्रामा में जुनैद खान, हीरा मणि और फराह शाह जैसे कलाकार हैं। इसमें रूबाब की कहानी दिखाई गई है। उसकी तिकड़मबाज मां जेहरा की वजह से अशर के लिए उसके प्यार को कई सारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसकी वजह से दिल टूटते हैं और इस शो के मुख्य किरदरों को सभी गलतफहमियों और उलझनों के बीच एक होने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। पहली बार भारतीय दर्शकों के लिए प्रसारित हो रही झूठी अब हर दिन रात 9 बजे देख सकते हैं। इसमें रियल लाइफ जोड़ी इकरा अजीज और यासिर हुसैन, निरमा के इर्द-गिर्द बने एक कॉमेडिक ड्रामा में नजर आ रहे हैं। दरअसल, एक लड़की निरमा अपने सपनों के पीछे भागते हुए कई सारे झूठ के जाल में फंस जाती है। दर्शकों का एक और पसंदीदा शो, सुनो चंदा में इकरा के साथ फरहान सईद अपने सीजन 1 और 2 के साथ वापस लौट रहे हैं।

अमेरिका में दो भारतीय अमेरिकी महिलाएं व्हाइट हाउस फेलो के रूप में नामित

वाशिंगटन। अमेरिका में दो भारतीय अमेरिकी महिलाओं- बोस्टन से पद्मिनी पिल्लई और न्यूयॉर्क से नलिनी टाटा को बृहस्पतिवार को 2024-2025 के सत्र के लिए व्हाइट हाउस फेलो नामित किया गया। इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम के लिए अमेरिका से कुल 15 विशिष्ट प्रतिभाशाली व्यक्तियों का चयन किया गया है। फेलो व्हाइट हाउस (अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) के वरिष्ठ कर्मचारियों, कैबिनेट मंत्रियों और अन्य शीर्ष प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक साल तक काम करने के बाद एक बेहतर नेता के रूप में अपने समुदायों की सेवा करते हैं। व्हाइट हाउस ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि टाटा को व्हाइट हाउस के कैबिनेट मामलों के कार्यालय में नियुक्त किया गया है, जबकि पिल्लई को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन में नियुक्त किया गया है। मैसाचुसेट्स के न्यूटन की पिल्लई एक इम्युनो इंजीनियर है जो प्रतिरक्षा विज्ञान में खोज एवं जैव-सामग्री डिजाइन में प्रगति के बीच की खाई को पाटने का काम करती है ताकि मानव रोगों के उपचार में मदद मिल सके। उन्होंने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में एक टीम का नेतृत्व किया जो जानलेवा कैंसर को खत्म करने के लिए नैनोथेरेपी विकसित कर रही है। कोविड-19 महामारी के दौरान सीएनबीसी , द अटलांटिक और द न्यूयॉर्क टाइम्स सहित कई मीडिया संगठनों ने पिल्लई के लेख प्रकाशित किए थे जिनमें उन्होंने टीकाकरण, प्रतिरक्षा और स्वास्थ्य के लिहाज से संवेदनशील समुदायों पर महामारी के दुष्प्रभाव को लेकर चर्चा की थी। पिल्लई ने एल विश्वविद्यालय से इम्यूनोबायोलॉजी में पीएचडी और रेगिस कॉलेज से बायोकेमिस्ट्री में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। टाटा न्यूयॉर्क-प्रेस्बिटेरियन वील कॉर्नेल मेडिकल सेंटरामेमोरियल स्लोन केटरिंग कैंसर सेंटर में न्यूरोसर्जरी रेजिडेंट है। टाटा ने ब्राउन यूनिवर्सिटी से न्यूरोबायोलॉजी में बीएससी, कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी से एमफिल, नॉर्थवेस्टर्न फीनबर्ग स्कूल ऑफ मेडिसिन से एमडी और हार्वर्ड केनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट से लोकतंत्र, राजनीति और संस्थाएं विषय में एमपीपी की डिग्री प्राप्त की है।

कीवियों का उम्दा खेल, सोफी का अर्धशतक

● महिला टी20 विश्वकप

● भारत को मिला 161 रन का लक्ष्य

भाषा। दुबई

अनुभवी कप्तान सोफी डिवाइन (नाबाद 57 रन) के अर्धशतक से न्यूजीलैंड की महिला टीम ने शुक्रवार को यहां महिला टी20 विश्व कप ग्रुप ए मैच में भारत के खिलाफ चार विकेट पर 160 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पिच पर स्ट्रोक खेलना मुश्किल लग रहा था लेकिन डिवाइन ने 36 गेंद की अपनी पारी के दौरान सात चौके जड़े। दीप्ति शर्मा (चार ओवर में बिना विकेट झटके 45 रन) को छोड़कर ज्यादातर भारतीय गेंदबाजों ने पिच का अच्छा इस्तेमाल किया। डिवाइन और ब्रुक हालिडे (12 गेंद में 16 रन) ने महज 4.2 ओवर में 46 रन की साझेदारी निभाई जिससे पिच को देखते हुए न्यूजीलैंड अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। न्यूजीलैंड के लिए युवा जॉर्जिया प्लिमर ने 34 रन और अनुभवी सूजी बेट्स ने 27 रन का योगदान दिया। डिवाइन ने बल्लेबाजी क्रम में नीचे आने का फैसला किया, उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ शानदार फुटवर्क का प्रदर्शन किया और श्रेयंका पाटिल पर घुटने के बल बैठकर कवर ड्राइव शॉट से अपना अर्धशतक पूरा किया। जेमिमा रोड्रिग्स को छोड़कर भारत का क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा। सूजी और जॉर्जिया ने किस्मत और भारत के खराब क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए पावरप्ले में 55 रन जोड़े। भारतीय गेंदबाज रेणुका सिंह (27 रन देकर दो विकेट) के खराब क्षेत्ररक्षण से भारत ने एक बाउंड्री गंवाई और अरुंधति रेड्डी (28 रन देकर एक विकेट) के ओवर में ऋचा घोष भी बेट्स का उंचा कैच लपकने में नाकाम रही जिससे भारत की मुश्किलें बढ़ गईं। लेग स्पिनर सोभना आशा (एक विकेट) ने पावरप्ले के बाद जब गेंदबाजी शुरू की तो उन्होंने न्यूजीलैंड की रन गति पर ब्रेक लगाया। दूसरे छोर पर रेड्डी ने अपनी गेंदों से दबाव बनाया जिससे भारत ने तीन गेंद के अंदर न्यूजीलैंड की सलामी बल्लेबाजों को आउट कर वापसी की।

स्कोरबोर्ड

न्यूजीलैंड पारी : बेट्स का श्रेयंका पाटिल बो अरुंधति 27, प्लिमर का स्मृति बो आशा 34, कर का वस्त्राकर बो रेणुका 13, डिवाइन नाबाद 57, हैलिडे का स्मृति बो रेणुका 16, ग्रीन नाबाद 05, अतिरिक्त : 08, **कुल योग :** 20 ओवर में चार विकेट पर 160 रन, **विकेट पतन :** I-67, 2-67, 3-99, 4-145, **गेंदबाजी :** वस्त्राकर I-0-9-0, रेणुका 4-0-27-2, दीप्ति 4-0-45-0, रेड्डी 4-0-28-I, आशा 4-0-22-I पाटिल 3-0-25-0

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराया

दुबई। दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के एकतरफा मैच में शुक्रवार को वेस्टइंडीज को दस विकेट से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया। पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 118 रन बनाए। स्टीफनी टेलर ने 41 गेंद में नाबाद 44 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका के लिए बाएं हाथ की स्पिनर नोंकुलुलेको एमलाबा ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 29 रन देकर चार विकेट लिए जबकि मारिजाने काप ने 14 रन देकर दो विकेट चटकाए। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 13 गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान लौरा वोलवार्ट ने 55 गेंद में 59 रन बनाए जबकि तजमिन ब्रिट्स ने 52 गेंद में 57 रन जोड़े। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों को दबाव में रखा। काप ने हीली मैथ्यूज (10 रन) को विकेट के पीछे लपकवाकर पहला झटका दिया। कियाना जोसेफ को बाएं हाथ की स्पिनर एमलाबा ने पांचवें ओवर में बोल्ड किया। वेस्टइंडीज के तीन विकेट 32 रन पर गिर गए थे जब काप ने डिएंड्रा डोटिन (13 रन) को आउट किया। इसके बाद से कैरेबियाई टीम बड़ा स्कोर बनाने में नाकाम रही।

ईरानी कप : मुलानी और कोटियान की फिरकी में फंसा शेष भारत

● मुंबई को बढ़त

लखनऊ। अनुभवी स्पिनर शम्स मुलानी और तनुष कोटियान की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई ने शेष भारत के छह विकेट 23 रन के भीतर चटकाकर ईरानी कप मैच के चौथे दिन अहम बढत बना ली। शेष भारत के लिए अभिमन्यु ईश्वर ने जांबाज पारी खेलते हुए 191 रन बनाए लेकिन दूसरे छोर से ध्रुव जुरेल (93) के अलावा उन्हें कोई सहयोग नहीं मिल सका। मुंबई के पहली पारी के 537 रन के जवाब में शेष भारत ने एक समय चार विकेट पर 393 रन बना लिए थे।जुरेल और ईश्वरन ने पांचवें विकेट के लिए 165 रन जोड़े। इसके बाद हालांकि मुलानी ने दस मिनट के भीतर दोनों बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मैच का नक्शा पलट दिया। शेष भारत की टीम पहली पारी में 416 रन पर आउट हो गई जिससे मुंबई को 121 रन की अहम बढत मिली। मुंबई ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 153 रन बना लिए हैं और उसकी कुल बढत 274 रन की हो गई है। मुलानी ने 40 ओवर में 122 रन देकर और कोटियान ने 27 ओवर में 101 रन देकर तीन तीन विकेट लिए। मुंबई के लिए दूसरी पारी में पृथ्वी साव ने 105 गेंद में 76 रन बनाए।शेष भारत के आफ स्पिनर सारांश जैन ने 18 ओवर में 67 रन देकर चार विकेट लिए। बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुतार ने 17 ओवर में 40 रन देकर दो विकेट चटकाए।पहले दिन तीन बल्लेबाजों की ऐशगाह लग रहे विकेट पर चौथे दिन 12 विकेट गिरे जिनमें से 11 स्पिनरों ने लिए।साव ने ऐसी कठिन पिच पर पहले कुछ ओवरों में हमलों का डटकर सामना किया। उन्होंने पहले तीन ओवर में मुकेश कुमार को पांच चौके लगाए जिसके बाद रूतुराज गायकवाड़ ने गेंद स्पिनरों को सौंपी। सारांश और सुतार के आने के बाद मुंबई के विकेट गिरते गए। सुतार ने अजिंक्य रहाणे को और सारांश ने श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। साव को सारांश ने बोल्ड किया। साव ने 105 गेंद की अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया।

त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद्द होने के बाद वियतनाम से मैत्री मैच खेलेगा भारत

नई दिल्ली। वियतनाम में त्रिकोणीय टूर्नामेंट रद्द होने के बाद भारतीय पुरूष फुटबॉल टीम 12 अक्टूबर को वियतनाम के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना मैच खेलेगी। लेबनान ने देश में जारी संकट के कारण त्रिकोणीय टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। टूर्नामेंट फीफा के अंतरराष्ट्रीय मैच विंडो में सात से 15 अक्टूबर के बीच होना था। भारत को वियतनाम के खिलाफ नौ अक्टूबर को और लेबनान के खिलाफ 12 अक्टूबर को खेलना था।

दीक्षा ने तीन ओवर 76 का कार्ड खेला

शेनजेन। भारतीय महिला गोल्फर दीक्षा डागर ने शुक्रवार को यहां अरामको टीम सीरीज शेनजेन के पहले दौर में तीन ओवर 76 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 73वें स्थान पर बनी हुई है। दो बार की एलईटी विजेता दीक्षा ने तीन बर्डी लगाईं और छह बोगी कर बैठी। लेकिन उनकी टीम की साथी गोल्फर मोआ फोल्के (73) ने थोड़ा बेहतर कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त 45वें स्थान पर है। बतौर टीम दीक्षा और फोल्के संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर है।

मैनचेस्टर यूनाइटेड ने पोर्टो से मैच ड्रॉ कराया

पोर्टो। स्थानापन्न खिलाड़ी हैरी मैगुइरे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में किए गए गोल की बदौलत मैनचेस्टर यूनाइटेड ने यूरोपा लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में पोर्टो के खिलाफ मैच 3-3 से ड्रा खेला। मैनचेस्टर यूनाइटेड एक समय 2-0 से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नही उठा पाया। उसे अंतिम 20 मिनट का खेल 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा क्योंकि ब्रूनो फर्नांडिस को लगातार दूसरे मैच मे रेड कार्ड का सामना करना पड़ा। रविवार को प्रीमियर लीग मे मैनचेस्टर यूनाइटेड की टोटेनहम से 3-0 की हार के दौरान भी फर्नांडिस को बाहर भेज दिया गया था।

कैम्पस ने मैसी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े खेल और एथलेटिक फुटवियर ब्रांडों में से एक, कैम्पस एक्टिववियर, ने भारतीय फिल्म अभिनेता विक्रांत मैसी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। कैम्पस और विक्रांत मैसी के बीच यह साझेदारी स्टाइल, बहुमुखी प्रतिभा और आत्म-अभिव्यक्ति का एक बेहतरीन मिश्रण है–जो अभिनेता और ब्रांड, दोनों की पहचान का प्रतीक है। कैम्पस एक्टिववियर के सीईओ, निखिल अग्रवाल ने इस साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए कहा, विक्रांत मैसी का बहुमुखी व्यक्तित्व आज के युवाओं और उभरते कलाकारों के लिए एक प्रेरणा है। उनका सहज आकर्षण और सरलता कैम्पस एक्टिववियर के मूल्यों का प्रतीक हैं। कैम्पस एक्टिववियर का नया ऑटम विंटर 2024 कैजुअल स्नीकर्स से लेकर स्टाइलिश एथलीजर शूज़ तक, यह कलेक्शन उत्कृष्ट आराम और स्टाइल प्रदान करता है, जो विभिन्न जीवनशैली की जरूरतों को पूरा करता है।

सुमित नागल विश्व टेनिस लीग में हिस्सा लेंगे

अबू धाबी। भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल आगामी विश्व टेनिस लीग (डब्लूटीएल) में हिस्सा लेंगे, जिसमे दुनिया के नंबर पांच खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव, नंबर छह आंद्रे रुबलेव और अमेरिकी ओपन महिला चैम्पियन एरिना सबालेंका जैसे कई वैश्विक सितारे खेलते नजर आएंगे। इसकी घोषणा आयोजकों ने शुक्रवार को की। यह लीग 19 से 22 दिसंबर तक प्रतिष्ठित एतिहाद एरिना में आयोजित होगी।

क्षेत्ररक्षण कोच दिलीप का ध्यान खिलाड़ियों की लय पर

● भारत के प्रशिक्षण ट्रेनिंग सत्र के दौरान रख रहे नजर

भाषा। ग्वालियर

भारतीय टीम मैदान पर और मैदान के बाहर कई कड़े सत्र के बाद विश्व स्तरीय क्षेत्ररक्षण इकाई में तब्दील हुई है लेकिन शुक्रवार को यहां एमपीसीए स्टेडियम में टीम के क्षेत्ररक्षण कोच टी दिलीप का ध्यान तीव्रता पर नहीं बल्कि लय और प्रवाह पर था।

भारतीय टीम रविवार से यहां बांग्लादेश के खिलाफ शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला की तैयारी में जुटी है।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपलोड किए गए एक वीडियो में दिलीप को यह कहते हुए सुना जा सकता है, जहां आप गेंद फेंक रहे हैं, वहां अपने पैर लाएं। यह इतना ही आसान है। मैं तीव्रता की बात नहीं कर रहा हूं बल्कि आज हमें लय और प्रवाह हासिल करना है। और एक बार जब हम इससे हासिल कर लेंगे तो हम आगे बढ़ेंगे और 15 कैच लेंगे। बीसीसीआई ने ट्वीट किया, ग्वालियर में लय और पूरे जोश के साथ तैयारी। टीम इंडिया ने भारत बनाम बांगलादेश ज्ञ20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के पहले मैच से पहले अपना क्षेत्ररक्षण कौशल निखारा। भारतीय खिलाड़ियों ने दिलीप, मुख्य कोच गौतम गंभीर और सहायक कोच रेयान टेन डोशेट की निगरानी में अपने थ्रोइंग कौशल और आउटफील्ड कैचिंग का अभ्यास किया। कप्तान सूर्यकुमार यादव, स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या और अन्य युवा खिलाड़ियों ने कुछ शानदार कैच पकड़े। ग्वालियर में पहले मैच के बाद अगले दो मैच दिल्ली और हैदराबाद में खेले जाएंगे।

ग्वालियर में टी20 मैच के लिए 2500 पुलिसकर्मी तैनात

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में रविवार को होने वाले भारत-बांग्लादेश टी20 मैच के लिए 2,500 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। बांग्लादेश में हिदुओं पर कथित अत्याचारो के विरोध मे दक्षिणपंथी संगठनों ने रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए विरोध प्रदर्शन किया था। अधिकारी ने कहा कि दोनों टीमें बुधवार से जिन होटलो मे रुकी हुई है, उन्हे कड़ी सुरक्षा के घेरे में ले लिया गया है। ग्वालियर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक अरविद सक्सेना ने पीटीआई को बताया, मैच के दिन दोपहर दो बजे से पुलिसकर्मी सड़कों पर होंगे। मैच खत्म होने के बाद दर्शक जब तक घर नही पहुंच जाते तब तक वे ड्यूटी पर रहेंगे। निषेधाज्ञा लागू होने के बाद निगरानी कड़ी कर दी गई है।

भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 मैच से पहले ग्वालियर में निषेधाज्ञा लागू

ग्वालियर। भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से पहले यहां निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है ताकि मैच का सुचारू रूप से आयोजन किया जा सके।अधिकारियों के अनुसार जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में विरोध प्रदर्शन और विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ सामग्री के प्रसार पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश सात अक्टूबर तक लागू रहेंगे। हिंदू महासभा ने मैच के दिन (छह अक्टूबर) ग्वालियर बंद का आह्वान किया है। इसके अलावा अन्य संगठनों ने भी विरोध प्रदर्शन की धमकी दी है जिसके मद्देनजर यह फैसला किया गया। हिंदू महासभा ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर किए गए अत्याचारों को लेकर रविवार के मैच को रद्द करने की मांग करते हुए बुधवार को विरोध प्रदर्शन किया था।

क्विक न्यूज

भारत के खिलाफ आक्रामक क्रिकेट खेलेंगे : शंटो

ग्वालियर। बांग्लादेश के कप्तान शंटो नजमुल हुसैन ने शुक्रवार को कहा कि उनकी नए लुक वाली टीम टेस्ट श्रृंखला में मिली हार को भुलाकर भारत के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला में आक्रामक क्रिकेट खेलेगी। भारत ने टेस्ट श्रृंखला मे बांग्लादेश को 2-0 से शिकस्त दी थी। टी20 श्रृंखला रविवार को यहां नए श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगी। शंटो ने यहां पत्रकारों से कहा, सच कहूं तो हम इस श्रृंखला को जीतना चाहते है। हम आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हैं। अगर आप पिछले विश्व कप मे हमारे प्रदर्शन को देखे तो हमारे पास सेमीफाइनल मे खेलने का अच्छा मौका था लेकिन हम चूक गए। पर यह एक नई टीम है। इसलिए मुझे उम्मीद है कि सभी खिलाड़ी यहां अच्छा क्रिकेट खेलेंगे। बांग्लादेश के कप्तान ने कहा कि वह टेस्ट श्रृंखला में अपनी टीम के प्रदर्शन के बारे मे नही सोचेंगे। उन्होने कहा, हम सभी जानते है कि हमने टेस्ट मे अपना सर्वश्रेष्ठ नही दिखाया। हम इस बारे मे नही सोच रहे है कि हमने पहले क्या किया है

आईओसी ने आईबीए से जुड़े राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघों की मान्यता रद्द करने को कहा

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने अपने सदस्य देशों से निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से संबंध रखने वाले राष्ट्रीय महासंघो की मान्यता खत्म करने के लिए कहा है जिससे इन दोनो खेल संस्थाओ के बीच चल रहा विवाद और गहरा गया है। आइओसी ने राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों (एनओसी) को 30 सितंबर को भेजे गए एक पत्र में दोहराया है कि जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ आईबीए के साथ संबंध समाप्त नही करेंगे, उन्हे 2028 में लॉस एंजिल्स मे होने वाले ओलंपिक खेलो मे भाग नही लेने दिया जाएगा। आईओसी ने अपने पत्र मे कहा, एनओसी अब उन राष्ट्रीय मुक्केबाजी महासंघो के साथ संबद्ध या संस्थागत संबंध नही बनाए रखेगा जो अभी भी आईबीए से संबद्ध है।

टी 20 जीतने की खुशी को क्रिकेटरों ने साझा किया

मुंबई। भारत जैसे क्रिकेट के प्रति जुनूनी देश में, वर्ल्ड कप जीतने की खुशी की बराबरी शायद कुछ पल ही कर सकता है खास तौर पर जब यह टी20 वर्ल्ड कप हो। इस साल, भारतीय क्रिकेट टीम ने ऐसा ही करके इतिहास में अपना नाम दर्ज करा लिया। नेटफ्लिक्स के द ग्रेट इंडियन कपिल शो के सीजन 2 के एपिसोड में, वर्ल्ड कप चैंपियन ने कई मजेदार और दिल को छू लेने वाले किस्से सुनाए, जिससे दर्शकों को ऐसा लगा कि मानो क्रिकेट टीम खुद ट्रॉफी पकड़े हुए उनके सामने हैं। हंसी, पुरानी यादों और अविस्मरणीय यादों के बीच, यह एपिसोड टी -20 वर्ल्ड कप जीतने की मज़ेदार, अप्रत्याशित यात्रा और इन खिलाड़ियों के अपने परिवारों, फैंस और एक-दूसरे के साथ अविश्वसनीय बॉंड का एक सही मिश्रण था। वर्ल्ड कप चैंपियन को देखें द ग्रेट इंडियन कपिल शो पर रात 8 बजे, सिर्फ़ नेटफ्लिक्स पर देखें! रोहित शर्मा ने मस्ती की शुरुआत की, फिनाले के बाद कैरिबियन में हुए एक अनोखे रोमांच का खुलासा किया। तूफान के कारण बारबाडोस से उनके प्रस्थान में देरी हुई, इसलिए प्रत्येक खिलाड़ी को अपने होटल के कमरे में ट्रॉफी के साथ 15 मिनट बिताने का मौका मिला। रोहित ने हंसते हुए कहा, कोई ट्रॉफी लेकर सोए, तो किसी ने ट्रॉफी के साथ सेल्फी ली, इनमें से सबसे मज़ेदार क्या था? सूर्यकुमार यादव और उनकी पत्नी की एक मजेदार फोटो, जिसमें ट्रॉफी उनके बीच रखी हुई थी, जिसे कपिल शर्मा ने दर्शकों को दिखाने के लिए तैयार की थी।

केएल को इंटर्नशिप अवार्ड्स में शीर्ष रैंकिंग

मुंबई। केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी ने गर्वपूर्वक एडुस्किल्स वर्चुअल इंटर्नशिप रैंकिंग्स 2024 में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन की घोषणा की है। विश्वविद्यालय ने प्रतिष्ठित ऑल इंडिया रैंकिंग्स में स्थान प्राप्त किया है, जिसमें विजयवाड़ा कैंपस ने चौथा और हैदराबाद कैंपस ने सातवां स्थान हासिल किया है। यह सफलता डिजिटल वर्कफोर्स ऑफ टुमॉरो बनाने के मिशन में उनके योगदान और एक उन्नत इंटर्नशिप इकोसिस्टम के निर्माण का परिणाम है।विश्वविद्यालय ने अपनी प्रतिष्ठा को और बढ़ाते हुए एडुस्किल्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस प्रोग्राम में उत्कृष्ट योगदान और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए साउथ सेंट्रल ज़ोन की सर्वश्रेष्ठ यूनिवर्सिटी का सम्मान हासिल किया है। ये प्रतिष्ठित पुरस्कार एडुस्किल्स कनेक्ट 2024 के ट्रांसफॉर्म टुगेदर नेक्स्ट जेन स्किल कॉन्क्लेव में नई दिल्ली में प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम को भारत सरकार, नेशनल इंटर्नशिप पोर्टल और ह्यूमन-लाइक अनुवादिनी का समर्थन प्राप्त था। रैंकिंग, 1 दिसंबर 2023 से 30 सितंबर 2024 तक छात्रों द्वारा वर्चुअल इंटर्नशिप कॉहोर्ट्स 7, 8 और 9 की सफल पूर्णता पर आधारित थी।केएल डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जी.पी.एस. वर्मा को वाइस चांसलर एक्सीलेंस अवार्ड मिला; डॉ. ए. श्रीनाथ, डीन ऑफ स्किल डेवलपमेंट को डीन एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजा गया; केएलएच हैदराबाद के प्रिंसिपल डॉ. अकेल्ला रामाकृष्णा को प्रिंसिपल एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया; डॉ. वी. वारा प्रसाद ने बेस्ट सेंटर कोऑर्डिनेटर अवार्ड प्राप्त कियाऔर डॉ. के. श्रीनिवास को बेस्ट ऑथर और मेंटर अवार्ड मिला

उत्कर्ष बैंक ने मैरीकॉम व सुनील छेत्री को बनाय एंबेसडर

मुंबई। बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं के अग्रणी प्रदाता उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने आज दिग्गज मुक्केबाज मैरीकॉम और प्रसिद्ध फुटबॉलर्स सुनील छेत्री को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की। प्रवीण कुमार चेयरमैन उत्कर्ष एसएफबी ने इस अवसर पर कहा कि मैरीकॉम और सुनील छेत्री का हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में उत्कर्ष एसएफबी परिवार में स्वागत करना सम्मान और सौभाग्य की बात है। इन दोनों ने वैश्विक मान्यता प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियों को पार किया हैए जो सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान कर के वंचित वर्गों के उत्थान के उत्कर्ष एसएफबी के मिशन को दर्शाता है। हम अपने भागीदारों के रूप में उनके साथ अपने विजन और मिशन को प्राप्त करने के लिए तत्पर हैं। गोविंद सिंह एमडी और सीईओए ने कहा कि मैरीकॉम और सुनील छेत्री लचीलापन, अनुशासन और प्रतिबद्धता के समानार्थक हैं , ऐसे गुण जो उत्कर्ष एसएफबी के वित्तीय समावेशनए सशक्तिकरण और विश्वसनीयता के मूल मूल्यों के साथ प्रतिध्वनित होते हैं। बैंक वित्तीय आत्मविश्वास के साथ सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों की सेवा कर रहा है। यह गठबंधन दर्शाता है कि हम वित्त के माध्यम से दृढ़ संकल्प और सशक्तिकरण की शक्ति में विश्वास करते हैं। यही वह है जो मैरीकॉम और सुनील छेत्री दोनों अपने धैर्य और सफलता के आधार पर लाखों लोगों को प्रेरित करते हैं। हम उत्कर्ष एसएफबी में समावेशी वित्तीय समाधानों तक पहुँचने के लिए वंचित और कम सुविधा वाले समुदायों को प्रेरित करने के लिए प्रयासरत हैं।

चीमा ने 70 का कार्ड खेला, खिताब के करीब पहुंचे

विशाखापत्तनम। चंडीगढ़ के गोल्फर अंगद चीमा ने शुक्रवार को यहां एक करोड़ पुरस्कार राशि के वाइजेग ओपन के अपना दबदबा जारी रखते हुए तीसरे दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला जिससे वह शीर्ष पर बने हुए है। चीमा बीती रात चार शॉट से बढ़त बनाए थे। उन्होने तीसरे दौर मे शानदार कार्ड की मदद से कुल 13 अंडर 200 का स्कोर बना लिया है। अब वह तीन शॉट की बढ़त बनाए है। पटना के अमन (6668-69) ने दो अंडर 69 के कार्ड से से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

शरद कुमार बीसीसीआई भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई के नए प्रमुख

नई दिल्ली। चार साल तक आतंकवाद निरोधक संगठन एनआईए के प्रमुख रहे सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी शरद कुमार को बीसीसीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ईकाई (एसीयू) का नया प्रमुख बनाया गया है। उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले 68 वर्ष के कुमार को एक अक्टूबर को एसीयू प्रमुख बनाया गया जो तीन साल तक इस पद पर रहेंगे। बोर्ड के एक सूत्र ने बताया कि 29 सितंबर को बीसीसीआई की सालाना आम बैठक में उनके नाम पर मुहर लगाई गई। वह हरियाणा कैडर के 1979 बैच के आईपीएल अधिकारी हैं और 2013 से 2017 तक राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के प्रमुख रहे।

हॉकी लीग की सात साल बाद वापसी

पहली बार महिला लीग भी होगी

भाषा। नई दिल्ली

बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की सात साल बाद 28 दिसंबर से नए स्वरूप में वापसी होगी जिसमें पुरुष और महिला दोनों टीमें भाग लेंगी।पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें भाग लेंगी। महिलाओं की स्पर्धा पहली बार आयोजित की जा रही है।लीग का आयोजन 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो स्थानों राउरकेला और रांची में किया जाएगा। पुरुषों की प्रतियोगिता राउरकेला जबकि महिलाओं की प्रतियोगिता रांची में खेली जाएगी। लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी यहां 13 से 15 अक्टूबर तक होगी। इसके लिए कुल 10 फ्रेंचाइजी मालिक एकत्र होंगे। खिलाड़ियों की नीलामी तीन श्रेणियों दो लाख रुपए, पांच लाख रुपए और 10 लाख रुपए में की जाएगी। हॉकी इंडिया लीग की वापसी देश में हॉकी के इतिहास में ही एक अहम कदम नहीं है बल्कि महिला हॉकी को बढावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। पहली बार महिला लीग शुरू करने से महिला हॉकी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच मिलेगा। पुरूष वर्ग में फ्रेंचाइजी मालिक चेन्नई (चार्ल्स ग्रुप), लखनऊ (याडु ग्रुप), पंजाब (जेएसडब्ल्यू स्पोटर्स), पश्चिम बंगाल (श्राची स्पोटर्स), दिल्ली (महेश भूपति की एसजी स्पोटर्स एंड इंटरटेनमेंट), ओडिशा (वेदांता लिमिटेड), हैदराबाद (रिसोल्यूट स्पोटर्स) और रांची (नवोयम स्पोटर्स वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड) हैं।

बोपन्ना और डोडिग की जोड़ी शंघाई मास्टर्स के दूसरे दौर में

भाषा। शंघाई

भारत के रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग ने शुक्रवार को यहां पाब्लो कैरेनो बुस्टा और पेड्रो मार्टिनेज पर सीधे सेटों में जीत के साथ एटीपी शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई।

बोपन्ना और डोडिग की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने 63 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मैच में 6–4, 6–3 से जीत हासिल की। इस तरह से इन दोनों ने जोड़ी बनाने के बाद अपने पहले मैच में ही जीत दर्ज की। बोपन्ना और डोडिग ने पांच ऐस लगाए और आठ ब्रेक प्वाइंट में से तीन को भुनाया। उन्होंने अपने सर्विस गेम में चार बार ब्रेक प्वाइंट के मौके भी बचाए और मैच में केवल एक बार सर्विस गंवाई। सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन दोनों के पहले दौर में बाहर होने से भारत की एकल में चुनौती पहले ही समाप्त हो चुकी है। रामकुमार ने क्वालीफाइंग राउंड से मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई थी।

भारत को जूनियर विश्व निशानेबाजी में एक स्वर्ण

भाषा। लीमा (पेरू)

मुकेश नेलवल्ली, राजवर्धन पाटिल और हरसिमर सिंह रत्था की भारतीय टीम ने आईएसएसएफ विश्व जूनियर निशानेबाजी चैंपियनशिप में पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल की टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।भारत का यह इस प्रतियोगिता में 11वां स्वर्ण पदक है। वह कुल 16 पदक लेकर पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। भारत ने एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। चीन तीन स्वर्ण और एक रजत पदक लेकर दूसरे स्थान पर है।मुकेश का यह प्रतियोगिता में चौथा स्वर्ण पदक है। उन्होंने 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी जीता था।मुकेश और राजवर्धन दोनों ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल के व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई लेकिन वहां वे अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। राजवर्धन फाइनल में चौथे जबकि मुकेश पांचवें स्थान पर रहे।पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में परीक्षित सिंह बराड़ ने 623.0 का स्कोर बनाकर भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। शिवेंद्र बहादुर सिंह 618.4 के स्कोर के साथ 14वें जबकि वेदांत नितिन वाघमारे 613.2 के स्कोर के साथ 24वें स्थान पर रहे।

लवकुश नगर गौरी वारियर्स, पीएमसी, टाइगर क्लब क्वॉटर फाइनल में

लखनऊ। वाल्मीकि विकास सेवा संस्थान के तत्वावधान में डीपी फाउंडेशन द्वारा आयोजित 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में लीग मैचों के अंतिम दिन डालीगंज क्रि केट क्लब और एनसीसी ने अपने-अपने मुकाबले जीते। चौक स्टेडियम पर खेले जा रहे टूर्नामेंट में लीग मैचों के बाद लवकुश नगर गौरी वारियर्स, पीएमसी, टाइगर क्लब,एमएमबी सीतापुर, एनएचबीए एनसीसीए रायल स्पोर्टिंग बहराईच व डालीबाग क्लब ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पहले मैच में डालीगंज क्रिकेट क्लब ने मैन ऑफद मैच अनिल के अर्धशतक से गोण्डा टाइटंस को 52 रन से हराया। डालीगंज क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 4 विकेट पर 144 रन बनाए। जवाब में गोण्डा टाइटंस निर्धारित ओवर में 7 विकेट पर 92 रन ही बना सका। दूसरे मैच में भी गोण्डा टाइटंस को हार मिली। यह मैच एनसीसी ने आठ विकेट से जीता। जवाब में एनसीसी ने 7 ओवर में 2 विकेट पर 111 रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन ऑफद मैच एनसीसी के आयुष को वाल्मीकि विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकिए आयोजन समिति के संरक्षक कमल वाल्मीकि व चौधरी वीर सिंहए कर्मचारी नेता रूपेश वाल्मीकि पिंटू सहित अध्यक्ष वाल्मीकि अंकित घावरी व महामंत्री आशीष घावरी ने पुरस्कार प्रदान किया।

टॉप्स ने कानपुर सुपरस्टार्स के साथ साझेदारी की

कानपुर। भारत के अग्रणी एफएमसीजी ब्रांडों में से एकए टॉप्स के पीछे भारतीय खाद्य उत्पाद कंपनी जीडी फूड्स एमएफजी आई प्राइवेट लिमिटेडयूपी प्रीमियर लीग में कानपुर सुपरस्टार्स पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी उत्तर प्रदेश में जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए टॉप्स की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कानपुर सुपरस्टार्स का समर्थन करकेए टॉप्स का उद्देश्य क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धी भावना और विकास को बढ़ाना है। उत्तर प्रदेश में एक प्रसिद्ध और प्रिय उपभोक्ता ब्रांड के रूप में टॉप्स युवाओं को हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के लिए समर्पित है। जीडीण् फूड्स के वाईस चेयरमैन डॉ नितिन सेठ ने इन संगठनों के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए कहाए श्टॉप्स में हम समुदायों को एकजुट करने और व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिए खेल की शक्ति में विश्वास करते हैं। इन टीमों का समर्थन करकेए हम युवा एथलीटों को राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाने और भारत को गौरव दिलाने तथा अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में मदद करने की उम्मीद करते हैं।यूपी प्रीमियर लीग का समापन 14 सितंबर को एक रोमांचक फाइनल के साथ हुआ जबकि उत्तराखंड प्रीमियर लीग और दिल्ली प्रीमियर लीग का फाइनल क्रमशः 22 और 8 सितंबर को हुआ।

2047 तक शीर्ष पांच ओलंपिक पदक जीतने वाले देशों में पहुंचाने का लक्ष्य : मांडविया

ग्वालियर। खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि भारत 2047 में जब आजादी के सौ साल पूरे करेगा तो देश को ओलंपिक पदक जीतने वाले शीर्ष पांच देशों में शामिल करना है। उन्होंने यहां लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षण संस्थान के 10वें दीक्षांत समारोह में भाग लेने के बाद पत्रकारों से कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए विश्व स्तरीय कोचों और ट्रेनिंग का पूल तैयार करना होगा। मांडविया ने कहा , मुझे ग्वालियर आने की खुशी है क्योंकि यह दिवंगत राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ रहा है। भारत जब ओलंपिक 2036 की मेजबानी करेगा तो इसे खेलों में शीर्ष दस देशों में होना चाहिए। उन्होंने कहा , और जब देश आजादी के सौ साल पूरे होने का 2047 में जश्न मनाएगा तो खेलों में शीर्ष पांच देशों में होना चाहिए। इसके लिए देश को विश्व स्तरीय कोचों का पूल और अभ्यास सुविधाएं चाहिए। इसमें एलएनआईपीए ग्वालियर अहम भूमिका निभा सकता है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001